Seventeenth Series, Vol. XX No. 13

Wednesday, August 03, 2022
Sravana 12, 1944 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Ninth Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XX contains Nos.11 to 16 )*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

**Vinay Kumar Mohan**

**Joint Secretary**

Mahavir Singh

**Director**

Narad Prasad Kimothi

**Joint Director**

Kamala Subramanian

**Editor**

**© 2022 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XX, Ninth Session, 2022/1944 (Saka)**

**No. 13, Wednesday, August 03, 2022/Sravana 12, 1944 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 241 to 243 | 11-18 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 244 to 260 | 19-142 |
| Unstarred Question Nos. 2761 to 2990 | 143-801 |

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 802-809

**STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS**

15th Report 810

**STANDING COMMITTEE ON FINANCE**

47th to 51st Reports 811

**STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS**

Final Action Taken Statements 812

**STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ**

25th to 28th Reports 813

**STATEMENTS BY MINISTERS** 814-817

(i)(a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 16th Report of the Standing Committee on Coal, Mines and Steel on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Ministry of Coal 814

(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 19th Report of the Standing Committee on Coal, Mines and Steel on "Coal Conservation and Development of Infrastructure for Transportation of Coal Across the Country" pertaining to the Ministry of Coal

**Shri Pralhad Joshi** 814

(ii) Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 112th Report of the Department Related Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice on Demands for Grants (2022-2023) pertaining to the Department of Personnel and Training, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions

**Dr. Jitendra Singh** 815

(iii)(a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 154th Report of the Department related Parliamentary Standing Committee on Commerce on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir' pertaining to the Ministry of Commerce and Industry 816

(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 162nd Report of the Department related Parliamentary Standing Committee on Commerce on Action Taken by the Government on the recommendations/ observations contained in the 154th Report of the Committee on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir' pertaining to the Ministry of Commerce and Industry

**Shrimati Anupriya Patel** 817

**ELECTION TO COMMITTEE**

Central Silk Board 818

**ENERGY CONSERVATION (AMENDMENT) BILL, 2022** 819-821

**MATTERS UNDER RULE 377** 823-848

(i) Need to release a commemorative postage stamp honour of Shriram Bhikaji Velankar, father of PIN coc system in India

**Dr. Jai Sidheshwar Shivacharya Swamiji** 824

(ii) Need to refurbish the historical National Schoo Darbhanga, Bihar and to declare it as a national heritage

**Shri Gopal Jee Thakur** 825-826

(iii) Regarding declaration of Jharkhand as a drought affecte state

**Shri Sudarshan Bhagat** 827

(iv) Regarding resumption of services of Ekta Express (Train No. 14795/96)

**Shri Dharambir Singh** 828

(v) Regarding examination of works conducted under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Chhattisgarh

**Shri Arun Sao** 829

(vi) Regarding holidays on the occasion of Deepawali, Holi and Dussehara festivals

**Shri Mitesh Patel (Bakabhai)** 830

(vii) Regarding complete digitalization of the Direct Benefit Transfer system

**Shri Vivek Narayan Shejwalkar** 831

(viii) Regarding completion and operationalization of the Surat-Ahmednagar New Greenfield Expressway project in Ahmednagar Parliamentary Constituency

**Dr. Sujay Vikhe Patil** 832

(ix) Regarding expeditious setting up of sanctioned Kendriya Vidyalayas in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan

**Sushri Diya Kumari** 833

(x) Regarding setting up of a Sainik school in Naya Raipur, Chhattisgarh

**Shri Sunil Kumar Soni** 834

(xi) Need to provide stoppage of Ranchi - New Delhi Rajdhani Express train at Nagar Unntari (Shri Banshidhar Nagar) railway station in Garhwa district, Jharkhand

**Shri Vishnu Dayal Ram** 835

(xii) Need to provide air connectivity in Sri Ganganagar district, Rajasthan

**Shri Nihal Chand Chouhan** 836

(xiii) Regarding drought like conditions in Uttar Pradesh.

**Dr. Sanghamitra Maurya** 837

(xiv) Regarding construction of an overbridge at Bargawan level crossing on N.H. 39 in Sidhi Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

**Shrimati Riti Pathak** 838

(xv) Regarding completion of road and railway works and prevention of sea erosion in Kanyakumari Parliamentary Constituency

**Shri Vijaykumar *alias* Vijay Vasanth** 839-840

(xvi) Regarding scheme for the promotion of native edible oils

**Shri K. Shanmuga Sundaram** 841

(xvii) Regarding development of IIT and IISER in Triupati into Centres of excellence

**Shri Maddila Gurumoorthy** 842

(xviii) Regarding rail connectivity between Kultali and Joynagar

**Shrimati Pratima Mondal** 843

(xix) Regarding construction of roads in Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu

**Shrimati Kalaben Mohanbhai Delkar** 844

(xx) Need to restore the operation of train no. 02563/02564 from Saharsa junction in Bihar

**Shri Dinesh Chandra Yadav** 845

(xxi) Regarding Mid-day Meal Scheme

**Shri Girish Chandra** 846

(xxii) Regarding grant of minimum wages and regularization of workers

**Shri Hasnain Masoodi** 847

(xxiii) Regarding PM Awas Yojana (Gramin) beneficiaries in Odisha

**Shrimati Manjulata Mandal** 848

**CENTRAL UNIVERSITIES (AMENDMENT) BILL, 2022** 849-893

Motion to Consider 849-850

Shri Dharmendra Pradhan 849-850, 876-883, 890-893

Shrimati Ranjanben Bhatt 850-853

Shri Kaushlendra Kumar 853-854

Shrimati Sangeeta Azad 854-856

Shri Ashwini Vaishnaw 856-859

Shri Chandra Sekhar Sahu 859-862

Shri Shrirang Appa Barne 863-864

Shri N. Reddeppa 864-867

Shri Ram Kripal Yadav 867-870

Shri Hasnain Masoodi 870-871

Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu 871-876

Clauses 2 to 6 and 1 893

Motion to Pass 893

**PERSONAL DATA PROTECTION BILL, 2021** 894-895

**DISCUSSION UNDER RULE 193** 896-928

**Need to Promote Sports in India**

Dr. Nishikant Dubey 896-903

Kunwar Danish Ali 903-908

Dr. Satya Pal Singh 909-914

Shri Vijay Kumar 914-915

Shri Jagdambika Pal 915-923

Kumari Goddeti Madhavi 923-925

Shri Gopal Shetty 925-928

***ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 885

Member-wise Index to Unstarred Questions 886-892

***ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 893

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 894

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

---

---

LOK SABHA

----------

Wednesday, August 03, 2022/Sravana 12, 1944 (Saka**)**

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

**ORAL ANSWERS TO QUESTIONS**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 241 – श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल।

**(Q. 241)**

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी प्रश्न काल है।

… (व्यवधान)

**11.02 hrs**

*At this stage, Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल।

**श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उन्होंने मेरे प्रश्नों का जवाब तो दिया है, परन्तु फिर भी मैं दो प्रश्न पूछना चाहता हूं। … (व्यवधान) उन्होंने इंदौर-मनमाड वाया मालेगांव रेल परियोजना का जो अनुमोदन दिया है, वह पिंक बुक में वर्ष 2016 में शामिल हो गई थी। उसका भूमि पूजन भी हो गया था। … (व्यवधान) यह मेरे लोक सभा क्षेत्र से होकर जाता है। यह परियोजना कब तक शुरू हो जाएगी? … (व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से दूसरा प्रश्न है कि जो खंडवा-दाहोद वाया खरगौन-बड़वानी-धार रेल परियोजना का एक प्रस्ताव है, उसका कब तक सर्वे हो जाएगा और वह कब तक पूरी हो जाएगी? … (व्यवधान)

मेरा माननीय मंत्री जी से तीसरा प्रश्न है कि आकांक्षी जिले की परिकल्पना है कि विकास के लिए आकांक्षी जिले चिन्हित किए गए हैं, तो आकांक्षी जिले में किस प्रकार की रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी जाएगी? … (व्यवधान) इसमें बड़वानी-मंडला-धार आदि जिले भी आते हैं। … (व्यवधान) मैं इन तीनों प्रश्नों के उत्तर आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं। … (व्यवधान)

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव :** अध्यक्ष महोदय, प्रश्न मध्य प्रदेश के बारे में पूछा गया है, लेकिन रेल सेवाएं राज्यवार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय रेल होती हैं, क्योंकि रेल का नेटवर्क विभिन्न राज्यों में फैला होता है। … (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने इंदौर के बारे में जो प्रश्न पूछा है, इंदौर में आज की तारीख में 52 जोड़ी ट्रेन सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं, जो दिल्ली, चेन्नई और मुम्बई आदि प्रमुख शहरों को कनेक्टिविटी प्रदान करती हैं। … (व्यवधान) भारतीय रेल ने इंदौर के लिए 13 जोड़ी नई सेवाओं की शुरुआत की है और 14 जोड़ी सेवाओं का विस्तार किया है तथा 6 जोड़ी ट्रेनों की फ्रिक्वेंसी बढ़ाई गई है। इन रेलगाड़ियों का ब्यौरा मैंने आपको दिया है। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, उन्होंने दूसरा प्रश्न खरगौन-बड़वानी के बारे में पूछा है। … (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि खंडवा-धार वाया खरगौन-बड़वानी आदिवासी बहुल क्षेत्र है। नई ब्रॉड गेज लाइन के लिए सर्वेक्षण वर्ष 2010-11 में पूरा किया गया था।… (व्यवधान) तत्कालीन योजना आयोग ने परिवर्तन को सैद्धांतिक अनुमोदन नहीं दिया था। इसलिए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक होने के कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका।… (व्यवधान) हालांकि इस नई रेल के लिए फिर से सर्वे की मंजूरी मिली है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, सप्लीमेंट्री पूछिये।

**श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल :** अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूरक प्रश्न है कि मध्य प्रदेश में ट्राइबल बहुल जिले हैं।… (व्यवधान) खंडवा, बड़वानी और धार आकांक्षी जिले में आते हैं। इसलिए इस नई परियोजना की स्वीकृति दी जाए और यह प्रस्ताव में भी है।… (व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी ने इंदौर-मनमाड का भूमि पूजन भी किया है, जो पिंक बुक में भी दर्ज है।… (व्यवधान) कृपया उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 242 – श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर – उपस्थित नहीं।

श्री सी.एन. अन्नादुरई।

… (व्यवधान)

**(Q. 242)**

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल :** सर, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि मानसा शहर के बीच में, जो मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी में रेलवे की साइडिंग है, वह शहर के बिल्कुल बीच में है। वहां पर एफसीआई की लोडिंग-अनलोडिंग होती है, सीमेंट्स के रैक्स आते हैं तथा वहां पर फर्टिलाइजर या सीमेंट जो कुछ आता है, वह सब काम मानसा शहर के बीच की साइडिंग में होता है।

इस कारण से शहर में बहुत से एक्सीडेंट्स होते हैं। …(व्यवधान) अगर किसी को हॉस्पिटल या स्कूल जाना हो तो उसे ट्रकों के बीच से होकर जाना पड़ता है। …(व्यवधान) इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि क्या इसको एक फारवर्ड मूवमेंट डिपो, जो नरेन्द्रपुरा में है, वहां शिफ्ट किया जाएगा?…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह प्रश्न महाराष्ट्र से संबंधित है।

…(व्यवधान)

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल :** ताकि इस शहर को यह सहूलियत मिल जाए और वहां ये एक्सीडेंट्स रुक जाएं। यह उस शहर की एक बड़ी मांग है।…(व्यवधान)

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव:** अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न महाराष्ट्र एवं तेलंगाना के बारे में है, इसके लिए अलग से प्रश्न पूछना पड़ेगा। …(व्यवधान)

**श्री हनुमान बेनीवाल :** अध्यक्ष महोदय, जो मेरा प्रश्न 253 है, उसे मैं इसके अंदर क्लब करते हुए मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या रेल मंत्रालय के विजिलेंस विभाग ने रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा केआरसीएल नामक कंपनी द्वारा तुलना से अधिक हुए व्यय सहित पूरे प्रकरण की जांच सीवीसी के आदेशानुसार की है? …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप भूल गए शायद कि क्या पूछना है।

**श्री हनुमान बेनीवाल :** यदि हाँ, तो इसका क्या निष्कर्ष निकला है? …(व्यवधान) आप मेरे प्रश्न का आप जवाब दें। …(व्यवधान) इस मामले में 1600 करोड़ रुपये की राशि की हेराफेरी को देखते हुए क्या सरकार ईडी से जांच करवाने का विचार रखती है? …(व्यवधान) यदि हाँ, तो कब तक होगा? यदि नहीं, तो क्यों? …(व्यवधान)

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव:** अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न मूल प्रश्न से संबंधित नहीं है। मूल प्रश्न महाराष्ट्र एवं तेलंगाना के बारे में है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 243 – श्री भागीरथ चौधरी।

**(Q. 243)**

**श्री भागीरथ चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने मेरे प्रश्न के बारे में मुझे काफी आश्वस्त किया है और कहा है कि हम इसके ऊपर सकारात्मक रूप से विचार कर रहे हैं। …(व्यवधान) मेरा निवेदन है कि आरओबी, आरयूबी और एफओबी, जैसे मेरे क्षेत्र में मालियों की ढाणी के अंदर 293 नम्बर नाला निर्माण है, वहां 30 हजार की जनसंख्या उत्तर की दिशा में रहती है और दक्षिण की दिशा में पूरा शहर बसा है। …(व्यवधान) वहां आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है, इसलिए मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि इसके बारे में आप जरूर कृपा करें, क्योंकि वह एक बहुत बड़ी समस्या है। …(व्यवधान) ऐसे ही, मेरे क्षेत्र में विजयनगर, अजमेर, सुभाष नगर, नसीराबाद क्रॉसिंग और मसूदा बांधनवाड़ा में भी यह समस्या है।…(व्यवधान) इसलिए, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि यह एक ज्वलंत समस्या है, इसको दूर करने की कोशिश जरूर करें।…(व्यवधान)

**रेल मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्वनी वैष्णव):** माननीय अध्यक्ष जी, देश भर में रेलवे की लाइन जहां से भी क्रॉस करती है, विशेषकर शहरों से, जहां पर उसके ऊपर फ्लाईओवर बनाने की जरूरत है, जिसको हम रेलवे की भाषा में रोड ओवर ब्रिज बोलते हैं या रोड अंडर ब्रिज बोलते हैं, जो कि अंडरपास होता है, इसके बारे में देश भर में एक नई पॉलिसी का डिसीजन लिया जा रहा है।…(व्यवधान) यह अभी विचाराधीन है कि जहां पर भी इस

तरह की प्राब्लम्स हैं, वहां पर यथासंभव रेलवे ही अपने फण्ड से उस प्रोजेक्ट को अपने हाथ में ले ले, न कि उसमें राज्य सरकारों के ऊपर निर्भरता रखे। …(व्यवधान)

दूसरी बात यह है कि जो 3 लाख टीवीयू से ज्यादा वाले LCs हैं, उन सबको प्रायरिटी बेसिस पर लिया जा रहा है और सिंगल एंटिटी बेसिस पर काम करने की कम्प्लीट प्लानिंग हो रही है।…(व्यवधान) साथ ही साथ, कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर रेलवे ने अपना ढांचा बना लिया है, लेकिन राज्य सरकार को उसमें जो बैलेंस पोर्शन बनाना है, उसे नहीं बना पा रही है, वहां पर भी राज्य सरकारों के साथ बातचीत चल रही है कि कुछ प्रोजेक्ट आप ले लो, कुछ प्रोजेक्ट हम ले लेंगे और ऐसे मिलकर हर प्रोजेक्ट में एक सिंगल एंटिटी बनाकर हम काम करें। …(व्यवधान)

**श्री भागीरथ चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी निवेदन है कि तीन वर्षों से उक्त स्थानों पर यह बहुत बड़ी समस्या है। …(व्यवधान) वहां पर आप रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज और फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराएं।…(व्यवधान) राज्य सरकार इसमें रोड़ा अटकाने का काम करती है, इसलिए आप विशेष रूप से ध्यान देकर हमारी इस समस्या का निदान करें। …(व्यवधान)

**श्री अश्वनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सांसद महोदय ने बहुत सही बात कही है। … (व्यवधान) कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जो विकास के नाम पर राजनीति करते हैं, लेकिन हम लोग विकास की राजनीति करते हैं।… (व्यवधान) कुछ लोग विकास के नाम पर राजनीति करते हैं। ऐसे जितने भी मसले होंगे, माननीय सांसद महोदय के साथ बैठकर हम इसका समाधान करेंगे। आप मेरे यहाँ पधारें, हम मिलकर इसका समाधान ढूँढेंगे।… (व्यवधान)

**श्री रितेश पाण्डेय :** माननीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। रेलवे फुट ओवर ब्रिज और ओवर ब्रिज के कंस्ट्रक्शन में मेरे यहाँ कई जगहों पर कुछ अनियमितताएं देखने को मिलती हैं, चाहे वे रेलवे के हों या प्राइवेट कम्पनीज के कांट्रैक्टर्स हों।… (व्यवधान) कटहरी विधान सभा क्षेत्र में, हाल में ही रेलवे के एक फुट ओवर ब्रिज का काम हो रहा था, जिससे एक मजदूर इलैक्ट्रिक तार से होते हुए नीचे गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई।… (व्यवधान) उसके मुआवजे को लेकर अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं

है। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि इसके मुआवजे के लिए आपने क्या किया है? ... (व्यवधान) अगर पूरे देश में ऐसे मुद्दे सामने आ रहे हैं, तो मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या प्रावधान किये जा रहे हैं और उनकी सेफ्टी कैसे सुनिश्चित की जाएगी? ... (व्यवधान)

**श्री अश्वनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, जिस तरह से बड़े पैमाने पर काम चल रहा है, उसमें एक बड़ा परिवर्तन इस तरह से लाया जा रहा है कि जितने भी सेफ्टी प्रैक्टिसेज हैं, पूरे के पूरे सेफ्टी प्रैक्टिसेज को रीवैम्प किया गया है।... (व्यवधान) सिस्टम्स के जो डिजाइन हैं, एक तो आरओबी के स्टैंडर्ड डिजाइन बनाने की बहुत जरूरत थी, क्योंकि कई जगहों पर डिजाइन में वेरिएशन के कारण फील्ड में इम्प्लीमेंटेशन के टाइम में कुछ न कुछ दिक्कतें आ रही थीं, इसलिए स्टैंडर्ड डिजाइन्स बनाए गए हैं। विशेषकर, अंडरपासेज के लिए भी एक स्पेशल डिजाइन बनाया गया है।... (व्यवधान) इस तरह की जो भी जानकारी आएगी, जो विषय आएंगे, उसके ऊपर जरूर यथोचित कार्रवाई होगी।... (व्यवधान)

माननीय रितेश जी की कांस्टिट्यूएंसी के बहुत-से विषय थे, उनके ऊपर अभी हाल ही में बहुत अच्छा ऐक्शन भी लिया गया है।... (व्यवधान)

**SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH:** Thank you, hon. Speaker, Sir. *....(Interruptions)* As safety remains the focus area of railway operations, what measures is the Government taking in respect of mechanisation and maintenance, and inspection of overbridges, underpasses and foot overbridges. *....(Interruptions)* I want to know whether the Government has installed Kavach – Automatic Train Protection System in all trains being operated by the Indian Railways in order to ensure safety and prevent accidents at the unmanned level crossings. *....(Interruptions)*

Sir, habitations around the railway lines are increasing day by day. *....(Interruptions)* Waterways around the underpasses are causing a lot of

problems. ....*(Interruptions)* I would request the hon. Minister to alter these waterways so that at least ambulances could pass through the underpasses. ....*(Interruptions)*

**SHRI ASHWINI VAISHNAW:** Sir, the hon. Member has raised some very important points. ....*(Interruptions)* There are actually four points which she has raised, and I would address one of them. ....*(Interruptions)*

Definitely, Sir, the path and the waterways under the underpasses are causing issues in the surrounding habitations. ....*(Interruptions)* We have taken up a very detailed survey of each and every underpass. Wherever there are problems, we are redesigning the entire underpass. ....*(Interruptions)*

We have also come up with a new design for the underpasses (RUBs). ....*(Interruptions)* There are places where because of the terrain water is really getting inside the underpass. ....*(Interruptions)* Though we have put motors, that is also not a very sustainable solution. So, we are redesigning the entire RUBs. ....*(Interruptions)*

**श्री श्याम सिंह यादव :** माननीय अध्यक्ष महोदय, वैसे तो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री माननीय गडकरी साहब की बड़ी कृपा है कि उन्होंने अपने विभाग की एक स्कीम के तहत जौनपुर के सात फ्लाई ओवर्स सैंक्शन कर दिए हैं, लेकिन माननीय रेल मंत्री जी से मैं पूछना चाहता हूँ कि मार्च में जौनपुर से इलाहाबाद वाली सड़क पर नयीगंज के निकट उन्होंने एक फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए मुझे व्यक्तिगत रूप से स्वीकृति दी थी।… (व्यवधान) अकालतख्त एक्सप्रेस को जौनपुर सिटी में रोकने का भी वायदा किया था। मैं जानना चाहता हूँ कि इसकी क्या प्रगति है और यह काम कब तक होगा? … (व्यवधान)

**श्री अश्वनी वैष्णव :** माननीय अध्यक्ष जी, देश में लगभग बारह सौ से अधिक फ्लाई ओवर्स इंडिविजुअल प्रोजेक्ट्स के तहत बन रहे हैं।... (व्यवधान) मैं इंडिविजुअल प्रोजेक्ट्स के बारे में लिस्ट भी दे सकता हूँ, लेकिन मैं माननीय सांसद महोदय से निवेदन करता हूँ कि वे मेरे कार्यालय में आएं, माननीय सांसदों के लिए कोई अप्वाइंटमेंट की भी जरूरत नहीं पड़ती है, वे कभी भी मेरे कार्यालय में पधारें और इंडिविजुअल प्रोजेक्ट के बारे में मैं उनको व्यक्तिगत रूप से जानकारी दे दूँगा।... (व्यवधान)

---

## *WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

**(Starred Question Nos. 244 to 260**
**Unstarred Question Nos. 2761 to 2990)**
**(Page no. 31- 801)**

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**11.15 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.*

---

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

**12.00 hrs**

*The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.*

*(Shri Rajendra Agrawal in the Chair)*

… (व्यवधान)

**12.0½ hrs**

*At this stage, Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

… (व्यवधान)

**12.01 hrs**

**PAPERS LAID ON THE TABLE**

**माननीय सभापति :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर – 1, श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी।

**इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते):** महोदय, मैं संविधान के अनुच्छेद 151 (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ :-

(1) 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक -महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन-संघ सरकार (वाणिज्यिक) (2022 का संख्यांक 7) - राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की गतिविधियों की अनुपालन लेखापरीक्षा।

(2) 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन-संघ सरकार (वाणिज्यिक) (2022 का संख्यांक 8) - भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड की अनुपालन लेखापरीक्षा।

[Placed in Library, See No. LT 7416/17/22]

… (व्यवधान)

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे):** महोदय, मैं विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 की धारा 52 की उप-धारा (4) के अंतर्गत विधिक मापविज्ञान (डिब्बाबंद वस्तुएं) (दूसरा संशोधन) नियम, 2022 जो 14 जुलाई, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 577(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

[Placed in Library, See No. LT 7417/17/22]

… (व्यवधान)

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री; कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव):** महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 204(अ) जो 15 मार्च, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(दो) खनिज (परमाणु और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों के अलावा) छूट संशोधन नियम, 2022 जो 15 मार्च, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 205(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) सा.का.नि. 273(अ) जो 5 अप्रैल, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनार्थ ‘श्रेणी क अन्वेषण

अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स इंडियन माइन प्लानर्स एण्ड कंसल्टेंट्स को अधिसूचित किया गया है।

(चार) सा.का.नि. 284(अ) जो 5 अप्रैल, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनार्थ 'श्रेणी क अन्वेषण अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है।

(पांच) सा.का.नि. 285(अ) जो 7 अप्रैल, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनार्थ 'श्रेणी क अन्वेषण अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स जेमकोकाती एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है।

(छह) सा.का.नि. 286(अ) जो 7 अप्रैल, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनार्थ 'श्रेणी ख अन्वेषण अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स जियोटेक्निकल माइनिंग सोल्यूशन्स को अधिसूचित किया गया है।

(सात) खनिज संरक्षण और विकास (संशोधन) नियम, 2022 जो 11 अप्रैल, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 294(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(आठ) का.आ. 2050(अ) जो 2 मई, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनार्थ 'श्रेणी क अन्वेषण

अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स जियोएक्स्पोर प्राइवेट लिमिटेड और 'श्रेणी ख अन्वेषण अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स वी.एम. सलगावकर एण्ड ब्रदर प्राइवेट लिमिटेड तथा 'श्रेणी क अन्वेषण अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स जियोवाले सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है।

(नौ) का.आ. 2307(अ) जो 18 मई, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनार्थ 'श्रेणी ख अन्वेषण अभिकरण' के अंतर्गत मैसर्स एफसीआई अरावली जिप्सम एण्ड मिनरल्स इंडिया लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है।

(दस) खनिज संरक्षण और विकास (संशोधन) नियम, 2022 जो 3 जून, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 415(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 7418/17/22]

**(2)** रेल अधिनियम, 1989 की धारा 199 के अंतर्गत भारतीय रेल (खुली लाइनें) सामान्य (दूसरा संशोधन) नियम, 2022 जो 27 जुलाई, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 603(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 7419/17/22]

**(3)** आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्षित पिरदान) अधिनियम, 2016 की धारा 4 की उप-धारा (4) के अंतर्गत अधिसूचना सं. सा.का.नि. 507(अ) जो 4 जुलाई, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा 21 रेल भर्ती बोर्डों के माध्यम से रेल भर्ती नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा से पहले या परीक्षा के दौरान परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों की पहचान स्थापित करने के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन सेवाओं को सुकर बनाने हेतु इलेक्ट्रॉनिकी और

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से अनुरोध किया गया है, की एक प्रित (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 7420/17/22]

… (व्यवधान)

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRIMATI ANUPRIYA PATEL):** Sir, I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the India Trade Promotion Organisation, New Delhi, for the year 2020-2021, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the India Trade Promotion Organisation, New Delhi, for the year 2020-2021.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 7421/17/22]

(3) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (3) of Section 55 of the Special Economic Zones Act, 2005:-

I. The Special Economic Zones (Second Amendment) Rules, 2022 published in Notification No. G.S.R.519(E) in Gazette of India dated 6th July, 2022, together with an explanatory note.

II. The Special Economic Zones (Third Amendment) Rules, 2022 published in Notification No. G.S.R.576(E) in Gazette of India dated 14th July, 2022, together with an explanatory note.

III. The Special Economic Zones (Amendment) Rules, 2022 published in Notification No. G.S.R.288(E) in Gazette of India dated 8th April, 2022, together with an explanatory note.

[Placed in Library, See No. LT 7422/17/22]

… (*Interruptions*)

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI SOM PRAKASH):** Sir, I beg to lay on the Table:-

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (2) of Section 394 of the Companies Act, 2013:-

(i) Review by the Government of the working of the Jammu and Kashmir Development Finance Corporation Limited, Jammu, for the year 2020-2021.

(ii) Annual Report of the Jammu and Kashmir Development Finance Corporation Limited, Jammu, for the year 2020-2021, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 7423/17/22]

… (*Interruptions*)

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI DEVUSINH CHAUHAN):** Sir, I beg to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the India Post Payments Bank, New Delhi, for the years 2016-2017 to 2018-2019, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the India Post Payments Bank, New Delhi, for the years 2016-2017 to 2018-2019.

(2) Three statements (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 7424/17/22]

… (*Interruptions*)

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** महोदय, अपनी वरिष्ठ सहयोगी श्रीमती निर्मला सी**ता**रमण की ओर से, मैं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धरा 38 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ :-

1. अधिसूचना संख्या 21/2022-सी.ई. जो दिनांक 2 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा दिनांक 30 जून, 2022 की अधिसूचना संख्या 04/2022-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को कम किया जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

**2.** अधिसूचना संख्या 22/2022-सी.ई. जो दिनांक 2 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा दिनांक 19 जुलाई, 2022 की अधिसूचना संख्या 18/2022-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि कच्चे तेल के

उत्पादन पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में वृद्धि की जा सके और विमानन टर्बाइन ईंधन के निर्यात में छूट दी जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 7424A/17/22]

---

... (व्यवधान)

**12.02 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS

15th Report

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली):** महोदय, मैं 'प्रवासी भारतीयों का कल्याण: नीतियां/योजनाएं' विषय के बारे में विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति (सत्रहवीं लोक सभा) का 15वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर प्रस्तुत करता हूँ।

---

… (व्यवधान)

**12.02½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON FINANCE
## 47th to 51st Reports

**SHRI JAYANT SINHA (HAZARIBAGH):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Finance:-

(1) Forty-seventh Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 40th Report on Demands for Grants (2022-23) of the Ministry of Finance (Departments of Economic Affairs, Expenditure, Financial Services, Investment & Public Asset Management and Public Enterprises).

(2) Forty-eighth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 41st Report on Demands for Grants (2022-23) of the Ministry of Finance (Department of Revenue).

(3) Forty-ninth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 42nd Report on Demands for Grants (2022-23) of the Ministry of Corporate Affairs.

(4) Fiftieth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 43rd Report on Demands for Grants (2022-23) of the Ministry of Planning.

(5) Fifty-first Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 44th Report on Demands for Grants (2022-23) of the Ministry of Statistics and Programme Implementation.

___________

… (*Interruptions*)

**<u>12.03 hrs</u>**

## <u>STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS</u>

Final Action Taken Statements

**श्री शंकर लालवानी (इन्दौर):** महोदय, मैं आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित तीन अंतिम की-गई-कार्रवाई विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ:-

1. 'महानगरों में वर्षा जल संचयन' संबंधी 24वें प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी छठे प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के बारे में अंतिम की-गई-कार्रवाई विवरण।
2. 'खतरनाक अपशिष्ट, चिकित्सा अपशिष्ट और ई-अपशिष्ट सहित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन' विषय संबंधी 25वें प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी सातवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के बारे में अंतिम की-गई-कार्रवाई विवरण।
3. 'आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2021-22)' संबंधी पांचवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी नौवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के बारे में अंतिम की-गई-कार्रवाई विवरण।

_________

… (<u>व्यवधान</u>)

**12.03½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ

25th to 28th Reports

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा):** महोदय, मैं ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ:-

1. ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का समालोचनात्मक मूल्यांकन' संबंधी 20वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 25वां प्रतिवेदन।
2. ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) संबंधी 22वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा कई-गई-कार्रवाई संबंधी 26वां प्रतिवेदन।
3. भूमि संसाधन विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) संबंधी 23वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 27वां प्रतिवेदन।
4. पंचायती राज मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2022-23) संबंधी 24वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा कई-गई-कार्रवाई संबंधी 28वां प्रतिवेदन।

---

… (व्यवधान)

**12.04 hrs**

## STATEMENTS BY MINISTERS

**(i) (a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 16th Report of the Standing Committee on Coal, Mines and Steel on Demands for Grants (2021- 22) pertaining to the Ministry of Coal***

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations/observations contained in the 16th Report of the Standing Committee on Coal, Mines and Steel on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Ministry of Coal.

**(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 19th Report of the Standing Committee on Coal, Mines and Steel on "Coal Conservation and Development of Infrastructure for Transportation of Coal Across the Country" pertaining to the Ministry of Coal***

**THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations/observations contained in the 19th Report of the Standing Committee on Coal, Mines and Steel on “Coal Conservation and Development of Infrastructure for Transportation of Coal Across the Country” pertaining to the Ministry of Coal.

---

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 7411/17/22 and 7412/17/22 respectively.

**<u>12.04½ hrs</u>**

**(ii) Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 112th Report of the Department Related Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice on Demands for Grants (2022-2023) pertaining to the Department of Personnel and Training, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions***

**THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES, MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations/observations contained in the 112th Report of the Department Related Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice on Demands for Grants (2022-23) pertaining to the Department of Personnel and Training, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions.

________

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 7413/17/22.

**<u>12.05 hrs</u>**

**(iii) (a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 154th Report of the Department related Parliamentary Standing Committee on Commerce on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir' pertaining to the Ministry of Commerce and Industry***

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRIMATI ANUPRIYA PATEL):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations/observations contained in the 154th Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Commerce on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir' pertaining to the Ministry of Commerce and Industry.

---

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. LT 7414/17/22.

**(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 162nd Report of the Department related Parliamentary Standing Committee on Commerce on Action Taken by the Government on the recommendations/ observations contained in the 154th Report of the Committee on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir' pertaining to the Ministry of Commerce and Industry***

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRIMATI ANUPRIYA PATEL):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations/observations contained in the 162nd Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Commerce on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in the 154th Report of the Committee on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir' pertaining to the Ministry of Commerce and Industry.

---

* Laid on the Table and also placed in Library. See No. and 7415/17/22.

**12.06 hrs**

## ELECTION TO COMMITTEE
### Central Silk Board

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRIMATI DARSHNA VIKARAM JARDOSH):** Sir, on behalf of Shri Piyush Goyal ji, I beg to move:

> “That in pursuance of clause (c) of sub-section (3) of section 4 of the Central Silk Board Act, 1948, the Members of this House do proceed to elect, in such manner as the Speaker may direct, four members from amongst themselves to serve as members of the Central Silk Board, subject to the other provisions of the said Act and rules made thereunder."

**माननीय सभापति :** प्रश्न यह है :

> “कि केंद्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम, 1948 की धारा 4 की उप-धारा (3) के खंड (ग) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य, ऐसी रीति से, जैसा कि अध्यक्ष निदेश दें, उक्त अधिनियम के अन्य उपबंधों तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के अध्यधीन केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से चार सदस्य निर्वाचित करें।”

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

---

**12.08 hrs**

## ENERGY CONSERVATION (AMENDMENT) BILL, 2022*

**THE MINISTER OF POWER AND MINISTER OF NEW AND RENEWABLE ENERGY (SHRI R.K. SINGH):** Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Energy Conservation Act, 2001.

**HON. CHAIRPERSON:** Motion moved:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Energy Conservation Act, 2001."

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Sougata Ray.

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I oppose the introduction of the Energy Conservation (Amendment) Bill, 2001. … (*Interruptions*) This Bill only creates a top-heavy structure in the Bureau of Energy Efficiency. … (*Interruptions*)… And in finding sources of alternative energy, this Bill is definitely not sufficient. … (*Interruptions*). In India, we are still dependent on coal-fired energy. … (*Interruptions*). So, this Bill has nothing to improve the introduction of green hydrogen, green ammonia and other non-fossil fuels. … (*Interruptions*) That is why, I want a comprehensive Bill to come on this subject, and I oppose the introduction of this Bill. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** श्री अधीर रंजन चौधरी जी।

… (व्यवधान)

* Published in the Gazette of India Extraordinary, Part-II, Section 2, dated 03.08.2022.

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, नेशनल हेराल्ड का जो मुद्दा है।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, आपको उन्हें सपोर्ट करने की जरूरत नहीं है। वे नेता हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप सभी माननीय सांसदों को अपनी अपनी सीट्स पर जाने के लिए कहिए। फिर बिल के बारे में जो आपत्ति दर्ज़ करना है, वह दर्ज़ कीजिए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** केवल बिल के बारे में बोलिए।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, नेशनल हेराल्ड के मुद्दे को लेकर जो हो रहा है।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** नहीं, नहीं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री बैन्नी बेहनन जी।

… (व्यवधान)

**श्री आर. के. सिंह:** माननीय सभापति महोदय, यह एक अमेंडमेंट बिल है।… (व्यवधान) इसमें जो प्रोविजन्स हैं, वे तीन-चार प्रोविजन्स हैं, जो कि बहुत ही सरल हैं।… (व्यवधान) पहला प्रोविजन है कि इसमें हम इनेब्लिंग प्रोविजन्स कर रहे हैं कि जो अभी फॉसिल फ्यूएल इस्तेमाल करते हैं, उसके बदले हम लोग नॉन-फॉसिल फ्यूएल का रिप्लेसमेंट करें।… (व्यवधान) यह हमारी आत्मनिर्भरता का सवाल है।… (व्यवधान) यह हमारे देश को और आत्मनिर्भर बनाएगा।… (व्यवधान) अभी हम बड़ी मात्रा में नैचुरल गैस, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का इम्पोर्ट करते हैं।… (व्यवधान) हम अपने देश में रिन्यूएबल एनर्जी से बनने वाले जो मैटेरियल्स हैं, जैसे ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, उससे उसको धीरे-धीरे रिप्लेस करेंगे तो हमारी इम्पोर्ट पर जो निर्भरता है, वह कम होगी।… (व्यवधान)

दूसरा, इससे अब हम कार्बन मार्केट इंट्रोड्यूस कर रहे हैं। कार्बन मार्केट इंट्रोड्यूस करने का अर्थ यह होगा कि अब जो भी रिन्यूएबल एनर्जी की तरफ जाएगा, उससे जो क्रेडिट मिलेगा, उसको

दूसरे लोगों द्वारा खरीदने से हमारे रिन्यूएबल एनर्जी का फाइनैन्सिंग आसान होगा।… (व्यवधान) हमारा जो एनर्जी ट्रांजिशन है, वह भी आसान होगा। इससे हमारे पर्यावरण को लाभ होगा। हमारा अभी जो कार्बन डाई ऑक्साइड एमिशन है, वह भी कम होगा।… (व्यवधान)

तीसरा, हम यह भी कर रहे हैं, आज बड़ी-बड़ी रेजिडेन्शियल बिल्डिंग्स में 24 प्रतिशत ऊर्जा की खपत होती है, उसको हम लोग सस्टेनेबल बनाने के लिए इसमें प्रावधान कर रहे हैं। … (व्यवधान) इसमें एनैब्लिंग प्रोविजन है कि उस बिल्डिंग को ग्रीन बिल्डिंग कैसे बनाया जाए और रिन्यूएबल एनर्जी के उपकरण कैसे लगाए जाएं।… (व्यवधान) उससे भी हमारी बिजली की खपत कम होगी, बिजली का बिल कम होगा और एन्वायरन्मेंट को भी लाभ होगा।… (व्यवधान) इन सभी का इम्प्लीमेंटेशन राज्य सरकारों के माध्यम से ही होगा। … (व्यवधान) हम अपने ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी को बड़ा नहीं बना रहे हैं। जो ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी है, वही रहेगा। हम उसके बोर्ड को बड़ा बना रहे हैं, ताकि उसके संचालन में और भी विभाग भागीदारी कर सकें।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** प्रश्न यह है :

> "कि ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

**माननीय सभापति:** माननीय मंत्री जी, विधेयक को पुर:स्थापित करें।

… (<u>व्यवधान</u>)

**SHRI R.K. SINGH:** Sir, I introduce the Bill. … (*Interruptions*)

---

**माननीय सभापति:** अब हम जीरो आवर लेते हैं। हमें बहुत मुश्किल से अवसर मिलता है। इसमें सभी माननीय सदस्य अपनी बात रखने के लिए इच्छुक रहते हैं।

… (<u>व्यवधान</u>)

**माननीय सभापति:** आप सब कृपया करके अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए, ताकि जीरो आवर के जो सबमिशन्स हैं, वे प्रस्तुत हो सकें। प्लीज़, आप सहयोग कीजिए। अपनी-अपनी सीट्स पर वापस जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति**: सभा की कार्यवाही आज दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

**12.13 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

---

**14.00 hrs**

*The Lok Sabha reassembled at Fourteen of the Clock.*

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (व्यवधान)

**14.01 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा। जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे बीस मिनट के अंदर मामले का पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेज दें।

…(व्यवधान)

**14.01½ hrs**

*At this stage, Shri B. Manickam Tagore, Shri Dayanidhi Maran and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

* Treated as laid on the Table.

(i) **Need to release a commemorative postage stamp in honour of Shriram Bhikaji Velankar, father of PIN code system in India**

**डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर):** श्रीराम भिकाजी वेलणकर को भारतीय पोस्टल इंडेक्स नंबर कोड सिस्टम का जनक माना जाता है। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा पोस्टल नेटवर्क है। देशभर में लगभग डेढ़ लाख पोस्टल ऑफिस है। उनकी बनाई इस पिन कोड प्रणाली ने पत्र और पैकेजों को वितरित करने में मदद करके डाक वितरण में क्रांति ला दी। इस पिन कोड प्रणाली ने बड़ी कुशलता से वितरण की सुविधा प्रदान की। इसके तहत भारत को क्षेत्रों में विभाजित किया गया था और प्रत्येक क्षेत्र को विशिष्ट पिन कोड दिया गया। इस कोड का पहला अंक उस राज्य विशेष को इंगित करता है। श्रीराम वेलणकर को संस्कृत और पाली भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान था।

साहित्य अकादमी ने उन्हें 20वीं शताब्दी का काव्यगंगा प्रवाहः आमची संस्कृत कविता संकलित करने के लिए नियुक्त किया था।

अतः मैं माननीय दूरसंचार मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूं कि श्रीराम वेलणकर जी का कार्य परिचय देखते हुए उनके नाम पर डाक टिकट जारी किया जाए।

(ii) **Need to refurbish the historical National School, Darbhanga, Bihar and to declare it as a national heritage**

**श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा 1920 ई. में पूरे भारत वर्ष में असहयोग आदोलन के क्रम में राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना की गई थी। देश के प्रथम चरण में स्थापित पांच राष्ट्रीय विद्यालयों में दरभंगा शहर के लालबाग मुहल्ला स्थित विद्यालय भी शामिल था। इसकी स्थापना हुए 100 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। उल्लेखनीय है कि इसके संस्थापक स्वर्गीय कमलेश्वरीचरण सिन्हा के कहने पर इसी स्कूल के प्रांगण में 1927 ई. में महात्मा गांधी ने अनाथालय की स्थापना की थी। स्वतंत्रता आंदोलन के क्रम में यह विद्यालय एवं अनाथालय स्वतंत्रता सेनानियों का केन्द्र बन गया। महान इतिहासकार काली किंकर दत्त के फ्रीडम मूवमेंट इन बिहार पुस्तक में इसका उल्लेख विशेष रूप से मिलता है। इसके अलावा कई ऐतिहासिक दस्तावेजों में नेशनल स्कूल, दरभंगा का जिक्र मिलता है। अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे आंदोलनों में उत्तर बिहार का यह प्रमुख केन्द्र रहा है। 1934 ई. में आए भूकम्प में भी यहां महात्मा गांधी की योजना के अनुसार कैम्प चलाया गया। इस स्कूल में रहने वाले मातृका प्रसाद कोईराला, विशेश्वर प्रसाद, गिरिजा प्रसाद कोईराला नेपाल के प्रधानमंत्री हुए।वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर, पंडित कुलानंद वैदिक, गोपाल जी शास्त्री, यदुनंदन शर्मा, राधा नंदन झा, नीलामबर चौधरी, भूप नारायण झा सहित कई प्रमुख लोगों ने इस परिसर में आश्रय पाया एवं अपने शैक्षणिक, राजनीतिक और सामाजिक क्रिया-कलापों को परवान चढाया। अनेक विधायक, विधान पार्षद के साथ- साथ दरभंगा के प्रथम सांसद श्रीनारायण दास भी इस स्कूल से जुड़े थे। स्कूल के संस्थापक कमलेश्वरीचरण सिन्हा के सानिध्य में रह कर पं. रामनंदन मिश्र ने यही युवक संघ की स्थापना की थी। स्वतंत्रता आंदोलन के काल खंड में स्वतंत्रता सेनानियों के खुले एवं गुप्त बैठकों का साक्षी रहा यह स्थल आज नशेड़ियों और समाज विरोधी गतिविधि के लिए उपयोग में आ रहा है। इस परिसर का चारों ओर अवैध कब्जा करके अनैतिक व्यवसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। आज देश की यह राष्ट्रीय धरोहर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है

और निश्चित रूप से खंडहर बने इस परिसर को भूलना अपने इतिहास एवं संघर्ष को भूलने जैसा है। देश के प्रथम महामहिम राष्ट्रपति के रूप में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी दो बार इस विद्यालय के प्रांगण में आ चुके हैं। इसके प्रांगण में राष्ट्रपति महोदय के समक्ष शहीद स्मारक का शिलान्यास महामहिम के आदेश पर कमलेश्वरीचरण सिन्हा ने किया था। इसलिए मैं अपनी सरकार से मांग करता हूँ कि इस स्थल के पुनरुद्धार  की मांग दशकों से हो रही है। अतः इस ऐतिहासिक स्थल को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाय ।

(iii) **Regarding declaration of Jharkhand as a drought affected state**

**श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा):** मैं सरकार का ध्यान वर्षा के दिनों में झारखंड में हुई बेहद कम वर्षा से उत्पन्न स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला मला, लोहरदगा एवं रांची के मॉण्डर में अधिकांश लोग कृषि कार्यों से प्राप्त आय पर आजीविका चलाते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में लोगों की प्रमुख आय के साथ-साथ वर्ष भर की खाद्य सामग्री के रूप में धान की फसल बहुत महत्व रखती है। झारखण्ड राज्य में कृषि की स्थिति के आधार पर वहां की अर्थव्यवस्था निर्भर रहती है। झारखण्ड राज्य में इस वर्ष अपेक्षा एवं आवश्यकता के अनुरूप वर्षा न हो पाने के कारण ठीक से धान की रोपाई नहीं हो सकी है। वर्षा आधारित कृषि होने के कारण आज झारखण्ड के किसान धान सहित अन्य जरुरी फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं।

कृषि ही झारखण्ड के लोगों के लिए आय का प्रमुख स्त्रोत है, साथ ही वर्षभर घरों में खाद्य सामग्री की व्यवस्था करने का प्रमुख साधन भी है। ग्रामीण अंचल में लोगों को कम वर्षा से उत्पन्न स्थिति के कारण बहुत नुकसान होने जा रहा है। पूरे वर्ष भर उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

मेरा सरकार से निवेदन है, झारखण्ड राज्य में सूखे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए व किसानों एवं जनता को होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड राज्य में सूखा घोषित किया जाये एवं किसानों एवं ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते विशेष सहायता की घोषणा की जाये जिससे कि झारखण्ड की जनता वर्षा कम होने (सूखा) से उत्पन्न स्थिति का सामना कर सके।

## (iv) **Regarding resumption of services of Ekta Express (Train No. 14795/96)**

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):** गाड़ी संख्या 14795/96 "एकता एक्सप्रेस गाड़ी" जो कि भिवानी से चलकर वाया चंडीगढ़-कालका तक पिछले लगभग 30 वर्षो से संचालित हो रही थी, पिछले दो वर्षों से (वैश्विक महामारी कोरोना के कारण) बन्द हैं। उक्त गाड़ी को पुन: चलाया जाए। दैनिक यात्री, कर्मचारी, चंडीगढ़ हाईकोर्ट के केसो को निपटाने के लिए जाने वाले एडवोकेटस, निम्न एवं मध्यम वर्ग के हजारों दैनिक यात्री जो कि अपनी रोजी-रोटी के लिए चंडीगढ़ आते-जाते थे, उक्त गाड़ी के बंद होने के कारण आमजन को काफी आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरा रेलवे मंत्रालय से निवेदन है गाड़ी संख्या 14795/96 (एकता एक्सप्रेस गाड़ी) को पुन: शीघ्र शुरू किया जाए।

(v) **Regarding examination of works conducted under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Chhattisgarh**

**श्री अरूण साव (बिलासपुर):** वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य में सभी केन्द्रीय योजनाओं के मद का कथित रूप से दुरूपयोग हो रहा है, परन्तु वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 2004 से स्थापित "क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) की राशि का भी कथित रूप से दुरूपयोग हो रहा है। नियम एवं निर्देशों के विपरीत जाकर राशि खर्च की जा रही है, जिससे योजना का उद्देश्य विफल हो रहा है। छत्तीसगढ़ में CAMPA के मद की राशि की कथित रूप से दुरूपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही है। राज्य सरकार CAMPA के मद की राशि का समुचित उपयोग करने में विफल रही है।

अतः मैं भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मंत्री जी से आग्रह करता हूँ, कि पिछले तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य में CAMPA के अंतर्गत किए गए कार्यों की व्यापक जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करें।

(vi) **Regarding holidays on the occasion of Deepawali, Holi and Dussehara festivals.**

**श्री मितेष पटेल (बकाभाई) (आनंद):** केंद्रीय विद्यालय समेत केंद्र सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थानों के लिए जब छुट्टियों का कैलेंडर बनाया जाता है तो हिंदुओं के बड़े त्योहारों पर कितने दिनों की छुट्टी हो आज़ादी के बाद से इसपर विचार नहीं किया गया। दीपावली, होली, दशहरे जैसे त्यौहार जो 3 से 10 दिन तक चलते हैं ऐसे त्योहारों के लिए एक दिन की छुट्टी होती है। ऐसे में जो छात्र और नागरिक लोकल या मेट्रो सिटीज में रहकर पढ़ाई करते, काम धंधा करते हैं अपने गाँव, परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों के साथ त्योहार की खुशियां नहीं मना पाते हैं।

मेरा सरकार से आग्रह है कि दीपावली, होली और दशहरे के लिए कम से कम 3 से 5 दिन की छुट्टी हेतु विचार किया जाय।

(vii) **Regarding complete digitalization of the Direct Benefit Transfer system**

**श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर):** जिन पत्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था वे सभी डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रासफर प्रणाली के माध्यम से लाभान्वित हो रहे है। डीबीटी की सफलता के लिए जन धन खाते अतिमहत्वपूर्ण साबित हुए। इसके साथ ही आधार को बैंक खाते के साथ जोड़ने पर सरकार ने बहुत ध्यान दिया, जिससे डीबीटी प्रणाली को लागू करने में मदद मिली। वर्तमान में 15 से अधिक मंत्रालयों की योजनाएं डीबीटी के अंतर्गत आती हैं। परन्तु आज भी अनेकों हितग्राही अपने अधिकारों से वचित है। देखने में आ रहा है कि मानवीय त्रुटि के चलते सही जानकारी दर्ज न होने से पात्र हितग्राही परेशान व लाभ से वंचित है। वितरण श्रृंखला पूरी तरह डिजिटल नहीं है, श्रृंखला में मानवीय हस्तक्षेप सभी समस्याओं की जड़ है, यह चिन्ता की बात है।

डीबीटी को और अधिक सशक्त एवं सुचारू तरीके से क्रियान्वयन करने के लिये इसका पूरी तरह से डिजिटलाइजेशन होना अति आवश्यक है। साथ एक तंत्र स्थापित किया जाये कि शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द हो जाये।

क्या सरकार पूरी डिलीवरी चैन के एंड टू एंड डिलीवरी सिस्टम को पूरी तरह डिजिलिटीकरण व तत्काल त्रुटि सुधार करने हेतु कोई ठोस योजना बना रही है?

(viii) **Regarding completion and operationalization of the Surat-Ahmednagar New Greenfield Expressway project in Ahmednagar Parliamentary Constituency**

**DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR):** Government of India has approved the Surat-Ahmednagar New Greenfield Expressway project in my parliamentary constituency of Ahmednagar. NHAI has taken up land acquisition activities in Ahmednagar District, however, affected land owners specifically in Rahuri and Nagar Taluka have stopped demarcation work and demanded Service Road facility on both sides of project highway to facilitate cultivation of their agriculture land, which is getting divided on both sides of the project. Affected land owners are demanding written assurance and approved Map from NHAI for construction of Service Road. NHAI has agreed for providing service road for 40% length of project and accordingly decision of NHAI has been communicated to District Collector, Ahmednagar on 25.03.2022. In order to meet the genuine demands of the farmers, I request the Government to provide at least 80% service road facility in the above project in the acquired land and provide kaccha road on both sides of the project highway as service road to facilitate transport of agriculture produce of the affected farmers. Necessary provision of service road should be made in the DPR estimate along with the drawing indicating service road facility. The early completion and operationalization of this expressway will quadruple the economic development and ease of travel for residents of Ahmednagar.

(ix) **Regarding expeditious setting up of sanctioned Kendriya Vidyalayas in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan**

**सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द):** मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और माननीय शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद की महत्वपूर्ण मांग को पूरा करते हुए मेड़ता, भीम और राजसमंद को एक-एक नया केन्द्रीय विद्यालय दिया। ये प्रस्तावित तीनों केन्द्रीय विद्यालय अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। इनको खोलने के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। केन्द्रीय विद्यालयों के संचालन हेतु अस्थाई भवन का चयन और विद्युत कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति हेतु सारी कार्रवाई कर ली गई है।

मेरी सरकार से मांग है कि इन तीनों केन्द्रीय विद्यालयों को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जैतारण विधानसभा से नए केन्द्रीय विद्यालय का प्रस्ताव भी राज्य से भिजवा दिया गया है। इस सम्बंध में सरकार आवश्यक कार्रवाई करे।

(x) **Regarding setting up of a Sainik school in Naya Raipur, Chhattisgarh**

**श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर):** केन्द्र सरकार द्वारा बच्चों के भविष्य संवारने हेतु केन्द्रीय विद्यालय के अतिरिक्त सैनिक स्कूल भी संपूर्ण देशभर में संचालित है। उक्त सैनिक स्कूल के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ भारतीय सैन्य सेवा में अपना भविष्य संवारने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में केवल एक सैनिक स्कूल अंबिकापुर, जिला सरगुजा में संचालित है। सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवी एवं नवमीं में प्रवेश मिलता है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थित अंबिकापुर सैनिक विद्यालय में कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु एक भी सीट उपलब्ध नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बजट में निर्णय लिया गया है कि संपूर्ण देश में 100 नये सैनिक विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे।

अतः मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी नया रायपुर में उक्त स्वीकृत 100 सैनिक विद्यालय में से एक विद्यालय स्वीकृत किये जाने की कृपा करेंगे जिससे कि छत्तीसगढ़ राज्य के बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ने का अधिकाधिक अवसर प्राप्त होगा एवं आगे भविष्य में भारतीय सैन्य सेवा में उचित अवसर पर भी प्राप्त होगा।

(xi) **Need to provide stoppage of Ranchi – New Delhi Rajdhani Express train at Nagar Unntari (Shri Banshidhar Nagar) railway station in Garhwa district, Jharkhand.**

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण बिषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिले के नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन होकर रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -12453/12454 सप्ताह में एक दिन रविवार को रॉची से एवं शनिवार को नई दिल्ली से चलती है। उक्त ट्रेन रांची से खुलने पर डालटनगंज, गढ़वा रोड़, रेणुकुट, चोपन, प्रयागराज, कानपुर होते हुए नई दिल्ली पहुंचती है। विदित है कि गढ़वा रोड़ स्टेशन एवं नगर उंटारी स्टेशन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी है परंतु उक्त ट्रेन का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव नहीं होने से यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। नगर उंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए झारखण्ड सरकार एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम जो पहले नगर उंटारी था उसे बदल कर श्री बंशीधर नगर किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के धनबाद मंडल में पड़ने वाले गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा रोड़-नगर उंटारी-चोपन रेल खंड पर स्थित श्री बंशीधर नगर को झारखंड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल श्री बंशीधर धाम कहा जाता है। यहॉ पर श्री राधा-कृष्ण जी की 32 मन की विशुद्ध स्वर्ण प्रतिमा स्थापित है। ऐसी प्रतिमा अन्य स्थानों पर कहीं नही होने के कारण यहॉ पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मॉग करता हूँ कि श्री बंशीधर धाम की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नगर उंटारी रेलवे स्टेशन (श्रीबंशीधर नगर) पर रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -12453/12454 का ठहराव देने की कृपा करेंगे।

(xii) **Need to provide air connectivity in Sri Ganganagar district, Rajasthan**

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** मेरा संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर एक सीमावर्ती जिला है, जिसको हवाई मार्ग से जोड़ा जाना अत्यंत ही आवश्यक है। देश व प्रदेश की राजधानी से यहाँ की दूरी लगभग 500 किलोमीटर है। श्रीगंगानगर के लालगढ़ में हवाई पट्टी मौजूद है, जहाँ पर पूर्व में हवाई सेवा प्रारम्भ की गई थी, जोकि यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं के बिना ही शुरू कर दी की गई थी और साथ ही हवाई पट्टी भी मानक स्तर की नहीं थी। इसलिए यहाँ से हवाई सेवा को बंद कर दिया गया था। सीमावर्ती इस क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर भी इस एयरपोर्ट का बहुत अधिक महत्व रहेगा । यहाँ पूर्व निर्मित हवाई पट्टी 1200 मीटर की है, जिसकों 2000 से 2500 मीटर लम्बी व 50 से 60 मीटर चौड़ी बनाये जाने की अति आवश्यकता है, इसके साथ ही अन्य संसाधनों को भी स्थापित करने की जरुरत है। अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उड़ान योजना के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर को हवाई मार्ग से जोड़ने, एयरपोर्ट पर तकनीकी सुविधाओं, हवाई पट्टी और मानक मापदंडों समेत एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रणाली को स्थापित करते हुए हवाई सेवा शुरू करने का कष्ट करें।

(xiii) **Regarding drought like conditions in Uttar Pradesh**

**डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं):** जैसा कि हम सब जानते है की हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है ऐसे मे किसानों की चिंता करना हम सब का कर्तव्य है। विगत दिनों में प्रदेश में मौसम बिल्कुल भी अनुकूल नहीं रहा है जब बारिश की जरूरत नही थी उस समय में अतिवर्षा, ओलावृष्टि और जब बारिश की जरूरत है तब सूखा की स्थिति बनी हुई है ऐसे में धान, बाजरा की बुआई प्रभावित हो रही है। धान रोपाई का सीजन निकलता जा रहा है। अब तक अधिकतर किसान धान की पौध तक तैयार नहीं कर सके हैं। जिन खेतों में पौध को लगाया गया है, बह बारिश नहीं होने की वहज से सूख रही है। यदि हम मॉनसून की केवल जून और जुलाई की बात करें तो दो महीनों में 112 एमएम बारिश हुई है। वही हम पिछले कुछ सालों पर जून-जुलाई पर यदि नजर डालें तो वर्ष 2019 में 222.25 एमएम, वर्ष 2020 में 239.25 एमएम, वर्ष 2021 में 185.75 एमएम एवं वर्ष 2022 में 112 एमएम ही बारिश हुई है जो 2021 से लगभग 60 एमएम, 2020 से लगभग 127 एमएम और 2019 से लगभग 110 एमएम कम है।

इस बार मौसम विभाग ने अनुमान जताया था कि अच्छी बारिश होगी। समय पर मानसून भी आएगा। इससे किसानों के चेहरे खिल गए थे, लेकिन अपेक्षाकृत बारिश नहीं होने से किसानो के चेहरों पर उदासी दिख रही है। उनको काफी नुकसान हो रहा है। जून में किसानों को बेहतर बारिश की उम्मीद थी, जून में सामान्य वर्षा नहीं हुई तो लोगों को उम्मीद थी कि जुलाई में हो सकता है बारिश हो पर अब तक बारिश न होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखने लगी हैं।

यदि मैं अपनी लोकसभा की बात करूं तो पूर्व में अतिवर्षा होने के कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र बदायूं जो कि भारत का मेंथा शहर के नाम से भी जाना जाता है वहां मेंथा की फसल का अत्यधिक नुकसान हो चुका है और अब मेरे लोकसभा के साथ साथ पूरे उत्तर प्रदेश में सूखा की स्थिति बनी हुई है ऐसे में मैं यह चाहूगी कि किसानों के हुए नुकसान का केंद्रीय टीम द्वारा परीक्षण कराकर उनको उचित मुआवजा दिया जाए जिससे उनकी भरपाई की जा सकें।

(xiv) **Regarding construction of an overbridge at Bargawan level crossing on N.H. 39 in Sidhi Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh**

**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** मै माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहती हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी जहां आवागमन की पर्याप्त सुविधा नही है,माननीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के प्रयास से मेरे बार-बार आग्रह करने पर सीधी- सिंगरौली सड़क का कार्य प्रगति पर है परन्तु इसी मार्ग मे ( राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 39 ) बरगवां मे रेलवे क्रॉसिंग है। जहां सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को दिन व रात मे कभी-कभी घंटों इंतज़ार करना पड़ता है। मेरे द्वारा बरगवां रेलवे क्रॉसिंग में ओवर ब्रिज का निर्माण कराने के लिए पूर्व मे भी आग्रह किया गया था। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के बरगवां रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए जिसके फलस्वरूप क्षेत्र वासियों को घंटों के जाम से छुटकारा मिल सके।

(xv) **Regarding completion of road and railway works and prevention of sea erosion in Kanyakumari Parliamentary Constituency**

**SHRI VIJAYKUMAR *ALIAS* VIJAY VASANTH (KANYAKUMARI):** I would like to draw the kind attention of the Govt towards the long pending issues of my constituency.

The four lane project of NH 66, NH 47 and 47 B is pending in the absence of soil. The existing contract has been foreclosed. Retendering of the project with the inclusion of additional expenditure to bring soil from nearby districts should be done immediately. Also, Centre should liaise with state Govt for the requirement of soil. This may be done with utmost priority.

Also, funds have been allotted for repairing the existing NH47 but no progress has been made in initiating the works. This may be kindly looked into.

The coastal villages are affected by frequent sea erosion. Hundreds of houses are damaged during every season. Government should consider this as a national disaster and a permanent solution to save lives and properties along the coast of Kanyakumari district should be arrived at. The centre should also allot special funds for the purpose of building sea walls along the coast covering 72 Kms.

I have been constantly requesting the Ministry of Railways for speedy completion of the ongoing railway works especially doubling of railway track and have been demanding new trains as per the need of the people. Very little has been done on this front and hence, I, request their consideration.

Also we have been requesting for a heliport in Kanyakumari which would help in rescuing the fishermen who are lost at sea during adverse weather conditions. This may also be considered positively.

The above issues were raised during my visits to various ministries and meeting with Hon Ministers and officials and I have also raised the issues earlier in the Parliament too.

I urge upon the concerned ministries to address and solve the issues on war footing.

(xvi) **Regarding scheme for the promotion of native edible oils**

**SHRI K. SHANMUGA SUNDARAM (POLLACHI):** Whenever there is an increase in Edible Oil prices, the Union Government immediately reduces the import duty on Oils to tackle the price rise. This move is detrimental to the farmers and millers of our country. India imports 60% of its edible oil needs of which 60% is palm oil which the World Health Organisation has warned against consuming due to the high content of artery clogging saturated fats.

The recent Russia-Ukraine conflict has affected the availability of sunflower oil. Indonesia has banned the export of Palm Oil, once again leading to rising prices.

To tackle this and become self-sufficient in Edible Oil Production, the Government should instead promote the production of different edible oils that are native to the country such as Sesame Oil, Coconut Oil, Mustard Oil etc.

The Government of India should immediately announce a scheme for the production and promotion of coconut oil.

Pollachi Constituency, world renowned for coconuts will benefit immensely from this and will help India become a net exporter of edible oils. This scheme will also benefit many other states.

I once again urge the Union Government to announce a scheme for the promotion of native edible oils.

(xvii) **Regarding development of IIT and IISER in Tirupati into Centres of excellence**

**SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI):** The bifurcation of Andhra Pradesh has adversely affected the State as it lost many Central Government Institutions. As a compensatory measure, development of Central Institutions for Higher education was promised in the AP Reorganization Act, 2014.

In this regard, it is to be brought to the notice of the Union Government that two prominent institutes, Indian Institute of Technology (IIT) and Indian Institute of Science Education and Research (IISER) in Tirupati are still functioning from temporary campuses. Even eight years after bifurcation of the State, lack of a permanent campus and infrastructure facilities hinder the development of these institutes. The development of IISER and IIT would immensely benefit the Tirupati region as it will pave the way for a unique synergy of two premier educational institutes.

The development of these institutions into centres of excellence in higher education and research will need continuous support and cooperation of the Union government. I request the Honorable Minister of Education to provide all necessary financial and non-financial support required to facilitate the accelerated development of IIT and IISER in Tirupati.

(xviii) **Regarding rail connectivity between Kultali and Joynagar**

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR):** Kultali to Joynagar is a 40 Km stretch which is connected by a State highway namely Joynagar Jamtala Road. It takes 1 hour by car to travel from Kultali to Joynagar. People of the area have access to cycles as a mode of transport which becomes extremely strenuous for daily commuters mainly comprising students, wage earning women and elderly people as well. It also turns out to be expensive if they opt for anything apart from their bicycles. Thus, people of Kultali have been demanding a rail connectivity system from Kultali to Joynagar. They are willing to provide land for establishment of rail line. Thus there will be no problem regarding that. Rail connectivity will turn out to be blessing for more than 5 lakh people. Children will have more time to study rather than spending it on travel journey. Women and men will be able to earn more and also have better health. The importance of the said connectivity cannot be expressed in mere words. It has been 75 years since independence and the generation of people of the said area have been demanding for the same. It is paramount to fulfill the need of the hour and provide adequate support to the people by establishing a rail connectivity between Kultali and Joynagar.

(xix) **Regarding construction of roads in Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu**

**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर ( दादरा और नगर हवेली):** दादरा नगर हवेली, दमन दीव केंद्र सरकार के अधीन हैं फिर भी यहाँ की जर्जर सड़कों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लोग कई मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। प्रदेश में बरसात अधिक है यह जानकारी प्रशासन के पास होने के बाद भी मानसून से ठीक पहले सड़कों की अंधाधुंध तरीके से खुदाई और डिवाइडर को हटा दिया गया जिसकी अभी जरूरत नहीं थी, जिस वजह से आज सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। शहर एवं गावों की सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढों ने वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है, जानलेवा दुर्घटनाएं हो रही है। बच्चे भी इस तरह के खतरों के बीच स्कूल जाने को मजबूर हैं। आज़ादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि 6-6 वर्ष बीतने के पश्चात् भी प्रदेश की एक भी सड़क ठीक तरीके से नहीं बन पाई है। प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को तथा विभाग को प्रदेश की सभी सड़कों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र बनाने का आदेश जारी करने की कृपा करें।

(xx) **Need to restore the operation of train no. 02563/02564 from Saharsa junction in Bihar**

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा):** बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेलवे अन्तर्गत समस्तीपुर डिवीजन के सहरसा जंक्शन से प्रतिदिन नई दिल्ली के लिए हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी सं0- 02563/02564 चलती थी, जिसे अब बरौनी जंक्शन से हीं चलाया जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सहरसा जंक्शन व्यावसायिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। यह अत्यंत पिछड़े क्षेत्र में अवस्थित है। सहरसा, जिला एवं प्रमंडल मुख्यालय भी है। सहरसा समस्तीपुर डीविजन में महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। कोसी क्षेत्र के तीन जिलों सहरसा, मधेपुरा और सुपौल के साथ-साथ खगड़िया जिले के रेलयात्री भी काफी संख्या में हमसफर से रेल यात्रा करते हैं, ऐसी परिस्थिति में सहरसा जंक्शन से हमसफर जैसी रेलगाड़ी को हटाकर बरौनी जंक्शन से चलाना दुर्भाग्यपूर्ण है, इससे कोसी क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। अतः रेल मंत्री जी से आग्रह है कि पूर्व मध्य रेलवे अन्तर्गत समस्तीपुर डिवीजन के सहरसा जंक्शन से पूर्व की तरह चलनेवाली हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी सं0- 02563/02564 को पुनः सहरसा जंक्शन से ही चलाया जाय एवं सहरसा जंक्शन पर अवस्थित वॉसिंग पीट का विस्तार करने के साथ-साथ दौरम मधेपुरा में भी वॉसिंग पीट का निर्माण कराया जाए।

(xxi) **Regarding Mid-Day Meal Scheme**

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** मिड डे मील योजना में पूरे देश में माध्यमिक और लघु माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जाता है इस योजना में केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर 75:25 के अनुपात में व्यवस्था करती है। सरकारी स्कूलों में अधिकांश बच्चे गरीब परिवार से आते हैं, जो सुख सुविधाओं से वंचित होते हैं। पौष्टिक आहार देने से कुपोषण को काफी हद तक रोका जा सकता है। मिड डे मील भोजन को पकाने के लिए रसोईयों की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए और वह उच्च स्तर पर प्रशिक्षित भी होना चाहिए। यह योजना केवल बच्चों को उनका पेट भरने के मकसद तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए। यह एक ऐसा आहार होना चाहिए जिसमें बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास हो। मिड डे मील में सबसे विशेष बात है कि बच्चों को पौष्टिक आहार देना जो आज तक नहीं हो पाया। सरकार से मेरी मांग है कि मिड डे मील योजना के तहत बच्चों को भोजन के साथ-साथ दूध अंडे फल, ड्राई फूट्स आदि को भी शामिल किया जाना चाहिए इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होगा।

(xxii) **Regarding grant of minimum wages and regularization of workers**

**SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG):** The regularization of more than 60 thousand workers/employees with different names like permanent daily rated workers, Daily rated workers, Casual Workers, need based workers, development – HDF, CDF, SDF, workers etc. is pending for last more than two decades. Though the Union Territory administration announced Minimum wages but the benefit is largely denied on one or the other pretext. The plight of home guards is much worse. They are paid a meagre sum of Rs. 2700 per month as against 23,000 paid in NCR Delhi. CIC workers and other workers of Rural Development Department face the same problem. UT administration must take steps for regularization and grant of minimum wages forthwith.

(xxiii) **Regarding PM Awas Yojana (Gramin) beneficiaries in Odisha**

**SHRIMATI MANJULATA MANDAL (BHADRAK):** I would like to draw the kind attention of Hon'ble Minister, Rural Development, Govt. of India towards the long pending fresh list of beneficiaries deprived of the PM Awas Yojana (Gramin) in Odisha defeating the purpose of the scheme that is "Housing for all by 2022". It is imperative to include all entitled beneficiaries in the fresh list and allocate requisite fund without delay.

Immediate opening of the portal is essential for transparent execution and its success. Hon'ble CM of Odisha has requested the Hon'ble PM to reopen the data of about 6.65 lakh families and 1.84 lakh cyclone Fani affected households identified through State developed Rural Housing portal with Awas plus list. Apart from this, about 57,190 beneficiaries have been identified and are waiting for allotment of funds for the said scheme in my Parliamentary Constituency, Bhadrak.

__________

**14.01 hrs**

**CENTRAL UNIVERSITIES (AMENDMENT) BILL, 2022**

**माननीय सभापति:** आइटम नंबर 18, केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022.

माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**शिक्षा मंत्री तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (श्री धर्मेन्द्र प्रधान):** महोदय, मैं प्रस्ताव* करता हूं:

"कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।" …(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आपके सामने और आपके माध्यम से सदन के सामने केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का एक संशोधन प्रस्ताव लेकर आया हूं। …(व्यवधान) देश में जिस प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम शुरू हुआ है, जिस प्रकार का मल्टी मोरल, मल्टी सैक्टोरल इन्फ्रास्ट्रक्चर का रूप बनने लगा है, उसके लिए उपयुक्त मानव संबल की भी आवश्यकता है, अप्रोप्रिएट ह्यूमन रिसोर्स की भी आवश्यकता है।…(व्यवधान) उसको ध्यान में रखते हुए सरकार का यह निर्णय हुआ है कि हमें एक वैश्विक स्तर की ग्लोबल स्टैंडर्ड मल्टी मोरल, मल्टी सैक्टोरल एक एकैडमिक इको सिस्टम, नॉलेज इको सिस्टम बनाने की आवश्यकता है।…(व्यवधान) उसी के तहत एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हमारी सरकार के माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जो एक दूरदृष्टि है कि एक 'गति शक्ति मिशन' बना है। गति शक्ति परिकल्पना के अंतर्गत सारे विभागों का एक प्रकार से एकीकरण करके, नीति के लिए, नियम के लिए इसका एक नया ढांचा बनता दिख रहा है।…(व्यवधान) इसमें ट्रांसपोर्टेशन के सारे विभाग, रेलवे, रोड सैक्टर, वाटर वेज़, एविएशन सैक्टर,

* Moved with the recommendation of President.

कोर सैक्टर तथा आईटी जैसे आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन सबको सभी प्रकार के संवाद की, दूरसंचार की, गमनागमन की व्यवस्था को गति शक्ति के प्लेटफॉर्म पर एक करने की आज योजना बन रही है, क्रियान्वित हो रही है।...(व्यवधान) इस प्रकार का ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में देश आज जुटा है।...(व्यवधान) उचित होगा कि इस प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मानव संबल भी वैसा ही बने।...(व्यवधान) इसीलिए मैने कहा, मल्टी सैक्टोरल, मल्टी मोरल, मल्टी डायमेंशनल, मल्टी डिसिप्लिनरी, वैसे स्तर का एक विश्वविद्यालय बने।...(व्यवधान) रेलवे विभाग की अगुवाई में वर्ष 2018 से एक डीम्ड यूनिवर्सिटी चल रही है।...(व्यवधान) आज उसकी आवश्यकता हुई है, उसकी परिधि को सर्वव्यापी करना, सर्वदेशी करना, इसीलिए यह संशोधन प्रस्ताव विश्वविद्यालय, 2009 कानून में हम लेकर आए हैं। इसे आपके विचारार्थ, सदन के विचारार्थ हम स्थापित कर रहे हैं।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

**श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा):** आदरणीय सभापति जी, मैं केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 के  समर्थन में खड़ी हुई हूं। मैं सर्वप्रथम आपका धन्यवाद व्यक्त करना चाहती हूं क्योंकि आपने मुझे केन्द्र सरकार द्वारा पारित किए जाने वाले केन्द्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2022 के समर्थन में बोलने का अवसर प्रदान किया। भारतवर्ष में प्राचीन काल से ही शिक्षा का अत्यधिक महत्व रहा है। शिक्षा न केवल मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास के लिए, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी अति आवश्यक है। शिक्षा न केवल मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास के लिए, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी अति आवश्यक है । शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य रोजगार प्रदान करना और तकनीकी रूप से देश को उच्चता के शिखर पर पहुंचाना है। रेल का परिचालन अपने आप में ही एक जटिल प्रणाली के जरिए होता है | विभिन्न

सिस्टम आपस में इंटरलिंक्ड होते हैं। इसमें अलग-अलग तरह की विशेषताएं एवं तकनीकी स्किल्स की जरूरत होती है | इन सिस्टम और स्किल्स को विकसित करने में वर्षों लग जाते हैं।

आदरणीय सभापति जी, पिछले कुछ वर्षों में रेलवे में नई नई तकनीकें आई हैं, जैसे नई सिग्नलिंग प्रणाली (कवच), नई ट्रेन (वंदे भारत) जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से यात्रा के समय को कम करना, उसे अधिक सुखमय बनाना और शत-प्रतिशत सुरक्षा की गारंटी देना रहा है। इतनी जटिल तकनीकी प्रणाली को चलाने के लिए कर्मियों को एक गहन आरंभिक प्रशिक्षण दिया जाता है, और समय-समय पर रिफ्रेशर कोर्स भी कराए जाते हैं, क्योंकि रेल सेवा में आने से पहले उनके पास वह विशेषज्ञता और तकनीकी स्किल्स नहीं होते जो उस काम के लिए आवश्यक होते हैं। ऐसे में हमें तकनीकी रूप से शिक्षित प्रशिक्षित युवक - युवतियों की आवश्यकता है, जिनकी मूल तकनीकी शिक्षा में ही ऐसे तत्वों का समावेश हो कि वे पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ ही ट्रेन संचालन की बारीकियों को पूरी तरह से जान जाएं ताकि उन्हें तुरंत काम पर लगाया जाए।

आदरणीय सभापति जी, दुनिया में हर बड़े रेलवे ने रेलवे प्रणालियों के अध्ययन, शोध और स्किलिंग के लिए विश्वविद्यालय स्थापित किए गये हैं, जैसे मैसाचुसेट्स सेंटर इंस्टिट्यूट ऑफ – टेक्नोलॉजी अमेरिका(1861), रेलटेक यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय, अमेरिका (1867), रेलवे टेक्निकल रिसर्च इंस्टिट्यूट, जापान (1986), मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ रेलवे इंजीनियरिंग, रूस (1896), बर्मिंघम सेंटर फॉर रेलवे रिसर्च एंड एजुकेशन, इंग्लैंड (1972) और बीजिंग जियाओटोंग यूनिवर्सिटी, चीन (1896)।

आदरणीय सभापति जी, अगले दशक में भारत दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश होगा और इन युवाओं को उच्चतर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा। बिग डाटा, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में हो रहे बहुत से वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के चलते ऐसे कुशल कामगारों की जरूरत और मांग बढ़ेगी। जो उच्च स्तरीय तकनीकी योग्यता रखते हैं। वैश्विक परिस्थिति में तीव्र गति से आ रहे परिवर्तनों की वजह से यह और भी जरूरी हो गया है।

इन सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2018 में एक नई शुरुआत केंद्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान (NRTI) के रूप में की गई। इस संस्थान में पाठ्यक्रमों को इस तरह से गठन किया गया है कि यहां से पास होने वाले छात्र रोजगार एवं स्वरोजगार के काबिल हों।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी का भी यही कहना है कि हम भारत में एक ऐसा इको सिस्टम तैयार कर रहे हैं जहां भारत के नौजवान रोजगार तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजन करने वाले बनें। इस उद्देश्य को पूरा करने हेतु आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मेरे संसदीय मत क्षेत्र वडोदरा के नेशनल रेल एंड ट्रांसपोर्ट इंस्टीट्यूट (NRTI) को केंद्रीय विश्व विदयालय (गति शक्ति) का दर्जा देने के निर्णय को मंजूरी प्रदान करनी है। जिससे इसे गतिशक्ति विश्व विदयालय का दर्जा मिलेगा, जिससे इसकी क्षमता और बढ़ेगी, यहाँ और भी नए पाठ्यक्रम चलेंगे।

इसका लाभ न केवल गुजरात के युवक-युवतियों को मिलेगा, बल्कि देश भर के युवाओं को मिलेगा। गतिशक्ति विश्वविद्यालय के संबंध में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि केवल रेल परिवहन से जुड़े हुए विषयों के शिक्षण के लिए स्थापित नहीं किया जा रहा है, बल्कि इसमें मेट्रो रेल, सड़क मार्ग, जलमार्ग, वायुमार्ग आदि से जुड़े हुए पाठ्यक्रम का भी समावेश किया गया है। … (व्यवधान) आदरणीय सभापति जी, इस विश्वविद्यालय में ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक एजुकेशन और कौशल विकास से सम्बंधित पाठ्यक्रमों के साथ ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, पीएचडी के साथ-साथ एप्लाइड रिसर्च को भी महत्वपूर्ण स्थान मिलेगा। इस विश्वविद्यालय का केंद्रीय कैम्पस मेरे संसदीय मतक्षेत्र वडोदरा को मिला है। … (व्यवधान) मैं आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का अपनी और वडोदरा की जनता की ओर से बहुत ही आभार प्रकट करती हूं। साथ ही मैं आदरणीय धर्मेन्द्र प्रधान जी, आदरणीय रेल मंत्री अश्विनी जी और रेल राज्य मंत्री दर्शना बहन का अभिनंदन करती हूं और आभार प्रकट करती हूं। देश में अलग-अलग स्थानों पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैम्पस स्थापित होने वाले हैं, लेकिन उनका मुख्य कैम्पस वडोदरा में होगा। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत आभार व्यक्त करती हूं। … (व्यवधान) आदरणीय सभापति जी, मेरे संसदीय मत क्षेत्र वडोदरा में

गतिशक्ति विश्वविद्यालय को मंजूरी देने के लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी, माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का और माननीय रेल राज्यमंत्री दर्शनाबेन जरदोश जी का सहृदय धन्यवाद करती हूँ। उक्त सभी कार्यों के समय से संपन्न होने के कारण निश्चित रूप से देश के विकास को नया आयाम मिलेगा। ये सभी कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयास से संभव हो पा रहे हैं। … (व्यवधान)

अंत में, मैं इस बिल का तहे दिल से समर्थन करती हूं। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** प्रोफ़ेसर सौगत राय जी।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** श्री कौशलेन्द्र कुमार जी।

… (व्यवधान)

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** माननीय सभापति जी, आपने मुझे केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, सरकार द्वारा यह बिल मुख्य रूप से गुजरात राज्य के वडोदरा स्थित रेलवे महाविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देकर उसका नाम गतिशक्ति विश्वविद्यालय करने के लिए लाया गया है। यह स्वागत योग्य है। अब सरकार का विचार 100 लाख करोड़ रुपये रेलवे के आधुनिकीकरण की परियोजनाओं में खर्च करने का है। यह केन्द्रीय विश्वविद्यालय उन सभी आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगा, इसकी आने वाले समय में देश को जरूरत भी है। गतिशक्ति केन्द्रीय विश्वविद्यालय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, नागर विमानन, पोर्ट्स, शिपिंग और जल परिवहन मंत्रालयों के लिए भी सहायक सिद्ध होगा।

मैं बिहार प्रदेश से आता हूँ। विश्व धरोहर के रूप में यहां की धरती पर प्राचीन पठन-पाठन के लिए नालंदा को जाना जाता है। नालंदा अन्तर्राष्ट्रीय महाविद्यालय के लिए काफी सहायता प्रदान की गई है, इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है। इसी क्रम में नालंदा में नव नालंदा महाविहार डीम्ड यूनिवर्सिटी है, यहाँ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं के प्राचीन शास्त्रों एवं विषयों की पढ़ाई और

शोध भी किया जाता है। मेरी सरकार से मांग है कि नव नालंदा महाविहार डीम्ड यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाए। इससे वहां पढ़ाए जा रहे विषयों के साथ साइंस की उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के साथ पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी ।

सभापति जी, बिहार राज्य की पटना यूनिवर्सिटी एक प्राचीन यूनिवर्सिटी है। इसको केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए हमारे माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार काफी प्रयासरत हैं। केन्द्र सरकार द्वारा भी आश्वासन मिला है। किन्तु, इस दिशा में अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की भी यह इच्छा थी। माननीय उपराष्ट्रपति महोदय ने अपनी पिछली बिहार यात्रा के दौरान भी आश्वासन दिया था।। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी बिहार की जनता से वादा किया था कि पटना यूनिवर्सिटी को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा। … (व्यवधान)

मैं सरकार से माँग करता हूँ कि पटना यूनिवर्सिटी और नव नालंदा महाविहार डीम्ड यूनिवर्सिटी को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वह अपने जवाब में पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने का प्रस्ताव जरूर रखेंगे। … (व्यवधान)

**श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज):** सभापति महोदय, आपने मुझे केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन के लिए मेरा व बहुजन समाज पार्टी का पक्ष रखने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका और आपके साथ-साथ अपनी पार्टी की मुखिया बहन कुमारी मायावती जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट करती हूं। … (व्यवधान) केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022, राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान (एनआरटीआई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के तहत एक मानित विश्वविद्लाय को एक स्वायत्त केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित करने का उपबंध करता है, जिसको गति शक्ति विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। यह एक सराहनीय कदम है। रेलवे की तरह ही मेट्रो, एविएशन, शिपिंग, हाइवे, ट्रांसपोर्ट और इकोनॉमिक्स भी टेक्निकली कॉम्पलेक्स है। इन क्षेत्रों में भी बहुत अधिक तकनीकी विकास हुआ है,

जिसके कारण वहां अच्छे और उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा और योग्यता की भारी आवश्यकता है। लेकिन, गति शक्ति विश्वविद्यालय को परिवहन क्षेत्र में अत्याधुनिक और तकनीकी के निर्माण की सुविधा प्रदान करने में भी सक्षम होना चाहिए। इसके लिए क्षमता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के साथ-साथ प्रशिक्षित पेशेवरों की संख्या भी बढ़ाने की आवश्यकता है। अन्यथा, पूरी नीति के विफल होने का खतरा पैदा हो सकता है। … (व्यवधान)

मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि हमारे लाखों बच्चे डिप्लोमा और इंजीनियरिंग करके भटक रहे हैं। उन लोगों को ध्यान में रखते हुए ऐसे विश्वविद्यालयों में स्पेशल डिप्लोमा या स्पेशल कोर्स कराकर उनको नौकरी देने का काम किया जाए। … (व्यवधान) इस देश में यह पहला गति शक्ति विश्वविद्यालय है और देश में कुशल श्रमिकों की वर्तमान आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऐसे कई और विश्वविद्यालयों की आवश्यकता है। उसे देखते हुए सरकार शिक्षा, कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि कई क्षेत्रों में गति शक्ति ब्रांड को लागू करने के बारे में विचार कर सकती है।

परिवहन क्षेत्र में व्यापार विस्तार, अनुसंधान और विकास के लिए आउट ऑफ द बॉक्स दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मंत्रालय को दुनिया भर में सर्वोत्तम प्रथाओं और नवीन मॉडलों को अध्ययन करने के बारे में भी विचार करना चाहिए, जिन्हें भारत में दोहराया जा सकता है। गति शक्ति ब्रांड का उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी, सतत् विकास जैसे कई क्षेत्रों में लाभ उठाया जा सकता है। इससे देश में प्रशिक्षित और कुशल श्रमिकों की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और उससे भारत को ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। … (व्यवधान)

इसी के साथ-साथ मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान केंद्रीय विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के प्रोफेसरों की कमी के ऊपर भी आकृष्ट कराना चाहूंगी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी भी संविधान के अनुरूप आरक्षित कोटे को पूरा नहीं किया गया है। … (व्यवधान) कई अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित करके रिक्त पदों की जगह होने के बावजूद भी भरा नहीं गया है, जबकि उनकी योग्यता में कोई कमी नहीं है। जैसा कि मुझे ज्ञात है कि एक पद हेतु आरक्षण की

व्यवस्था लागू नहीं की जा सकती, लेकिन विश्वविद्यालय यदि एक है तो समस्त नौकरियों को जोड़कर उसकी संख्या के अनुसार आरक्षण दिए जाने के लिए बहुजन समाज पार्टी मांग करती है।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, विशेष रूप से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को अनिवार्य रूप से दिए जाने की मैं मांग करती हूं।

इसके अलावा, अभी हाल में लगभग दस दिन पहले हिन्दू अखबार में छपे एक आर्टिकल के अनुसार आईआईटी, दिल्ली के 8 विभागों में एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों द्वारा पीएचडी हेतु कुल 637 पदों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

लेकिन उनमें से एक भी पद की भर्ती नहीं की गई थी, यह बहुत ही दुखद है। इस तरह के आंकड़े देखने के बाद सहज ही समझा जा सकता है कि एससी, एसटी और ओबीसी के साथ शिक्षा में भेदभाव का स्तर कितना बढ़ता जा रहा है।…(व्यवधान) इसके साथ ही साथ इस सदन में संविधान की दुहाई देने वाले ही संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस प्रकार की घटनाएं तमाम केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में आए दिन देखने को मिलती हैं, लेकिन सरकार कभी भी गंभीर होकर दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई नहीं करती है। इस तरह से उनका मनोबल बढ़ता है।…(व्यवधान)

महोदय, मेरी सरकार और माननीय मंत्री जी से मांग है कि ऐसे प्रकरणों पर सरकार गंभीर रूप से ध्यान दे और ऐसी चीजें आगे न बढ़ें। इसी के साथ-साथ मैं अपनी बात खत्म करती हूं।…(व्यवधान)

**रेल मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्वनी वैष्णव) :** सभापति जी, मैं सबसे पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिनंदन करता हूं कि वे न्यू एजुकेशन पॉलिसी लाए हैं। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत भारत के पूरे शिक्षा स्ट्रक्चर को बदलने के लिए एक नया आयाम दिया है, एक नया प्रयास आरंभ किया है।…(व्यवधान) मेरे वरिष्ठ साथी माननीय श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी ने जिस तरीके से न्यू एजुकेशन पॉलिसी को आगे बढ़ाया है,

उसी का एक बहुत अच्छा उदाहरण आज का यह बिल है, जो कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय विधेयक में अमेंडमेंट के लिए है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति जी, आप सब जानते हैं कि ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर बहुत ही कॉम्पलेक्स सेक्टर है। स्पेशली अगर हम रेलवे और मेट्रो में देखें, तो ये तो अपने आप में ऐसे सेक्टर्स हैं, जिन सेक्टर्स की कॉम्प्लेक्सिटी का कोई अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता।...(व्यवधान) मैं एक छोटा सा उदाहरण दूंगा। रेलवे में कॉम्प्लेक्सिटी में तो यह परिस्थिति होती है कि मान लीजिए कि अगर पांव में चोट लगे, तो दर्द पांव में होता है, लेकिन रेलवे जैसी कॉम्प्लेक्सिटी में यह होता है कि अगर पांव में चोट लगती है, तो दर्द हाथ में होगा।...(व्यवधान) अगर इतनी कॉम्पलेक्स प्रणाली को ठीक से चलाना है, आगे बढ़ाना है, एक अच्छे तरीके से देश की जो एस्पिरेशंस हैं, उन एस्पिरेशंस को आगे ले जाना है, तो टेक्निकल एजुकेशन में एक कॉम्प्रिहेंसिव पैकेज की बहुत बड़ी जरूरत है।...(व्यवधान) इसी धारणा और विचार के साथ वर्ष 2018 में नेशनल रेल एंड ट्रांसपोर्टेशन इंस्टीट्यूट की व्यवस्था की गई थी, जो कि एक डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी थी।...(व्यवधान) उसके अच्छे रिजल्ट्स देखकर, आज एक बड़े पैमाने पर गति शक्ति यूनिवर्सिटी की परिकल्पना सदन के सामने प्रस्तुत है।...(व्यवधान)

सभापति जी, इस गति शक्ति विश्वविद्यालय में मेट्रो, रीज़नल रेल, लॉजिस्टिक्स, हाइवे, ब्रिज, पोर्ट, इन सारे सेक्टर्स से रिलेटेड जितनी टेक्निकल नॉलेज की, जितनी इंजीनियरिंग की, जितनी उसकी इकोनॉमिक्स और जितना उसके फाइनेंस का विषय है, इसमें वे सारे विषय लिए जाएंगे।...(व्यवधान) अगर आप देखेंगे, तो विश्व के करीब-करीब सभी देशों जैसे अमेरिका में इलिनाइज यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी है।...(व्यवधान) जापान में आरटीआरआई है, चाइना में बीजिंग में है, रशिया में है, करीब-करीब हर बड़े देश में, जहां कहीं भी रेलवे का बड़ा नेटवर्क है, उन सभी जगह एक यूनिवर्सिटी की परिकल्पना हुई है। उसी कल्पना के साथ, उसी प्रकल्प और उसी भावना के साथ गति शक्ति यूनिवर्सिटी का डेवलेपमेंट होगा।...(व्यवधान)

सभापति जी, इस यूनिवर्सिटी के पांच बड़े ऑब्जेक्टिव्स होंगे। पहला ऑब्जेक्टिव ट्रांसपोर्ट फोकस्ड कोर्स का होगा। ऐसे कोर्सेज़ जो ट्रांसपोर्टेशन से रिलेटेड होंगे, हाइवे ट्रांसपोर्टेशन, रेलवे ट्रांसपोर्टेशन, मेट्रो से रिलेटेड, पोर्ट से रिलेटेड, इसमें हर तरीके के ट्रांसपोर्टेशन से रिलेटेड कोर्सेज़ होंगे।...(व्यवधान) दूसरा स्किल डेवलेपमेंट का होगा, जो कि स्किल इंडिया का फ्रेमवर्क है। उसी फ्रेमवर्क में स्किल डेवलेपमेंट का होगा।...(व्यवधान)

तीसरा इसमें अप्लाईड रिसर्च होगा। ऑपरेशन रिसर्च, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ब्रिज, टनल, मैरीटाइम, पोर्ट कंस्ट्रक्शन, इन सबका स्किल डेवलेपमेंट का अप्लाईड रिसर्च का फ्रेमवर्क रहेगा।...(व्यवधान) चौथा टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट होगा। टेक्नोलॉजी किस तरह से डेवलेप हो, उसकी बहुत जरूरत है। उसका एक फ्रेमवर्क रहेगा।...(व्यवधान) पांचवां ट्रांसपोर्ट, इकोनॉमिक्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस का होगा। इन पांचों ऑब्जेक्टिव्स के साथ इस यूनिवर्सिटी को आगे ले जाया जाएगा।...(व्यवधान)

अभी इस यूनिवर्सिटी का हैडक्वार्टर बड़ौदा में है।... (व्यवधान) जैसा अभी माननीय सांसद संगीता जी ने कहा है तथा और भी वक्ताओं ने कहा है कि देश में कई जगहों पर इसके ऑफ कैम्पस बनेंगे।... (व्यवधान) उन ऑफ कैम्पस में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की तरह व्यवस्था होगी। ऐसे बहुत सारे विषय हैं, जिनको बहुत अच्छे से पढ़ाने की जरूरत है, ताकि लोगों को रोज़गार मिल सके।... (व्यवधान) इन सबको ध्यान में रखकर काम किया जाएगा।... (व्यवधान)

सभापति जी, हमारे देश में बातें होती हैं। हम कई बार हिन्दी मीडियम, इंग्लिश मीडियम, तेलुगू मीडियम और तमिल मीडियम की बातें करते हैं।... (व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी ने डिजिटल इंडिया के तहत एक नया डिजिटल मीडियम प्रारम्भ किया है, जिसमें डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ को यूज करके एजुकेशन में, हेल्थ में कई तरह के प्रभावशाली प्रयास हुए हैं... (व्यवधान) इस यूनिवर्सिटी में डिजिटल मीडियम का भी बहुत बड़ा रोल रहेगा।... (व्यवधान)

सभापति जी, आज नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के फ्रेमवर्क में 'गति शक्ति विश्वविद्यालय' का सदन के सामने प्रस्तुतिकरण है।... (व्यवधान) मैं सभी माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि यह

छात्रों के भविष्य का विषय है। मैं अपोजिशन से विशेष तौर से निवेदन करूंगा कि वे छात्रों के भविष्य के साथ बिल्कुल भी खिलवाड़ न करें।... (व्यवधान) वे अपनी-अपनी सीट्स पर बैठें, अपनी-अपनी जगह पर बैठें और इस बिल का सब एकमत होकर अनुमोदन करें।... (व्यवधान)

**SHRI CHANDRA SEKHAR SAHU (BEHRAMPUR):** Hon. Chairperson, Sir, thank you for allowing me to speak on the Central Universities (Amendment) Bill, 2022. … (*Interruptions*)

I, on behalf of the Biju Janata Dal Party and also on behalf of our leader, Shri Naveen Patnaik *Ji*, support the Bill. If you go through the background, summary, and amendments to the Bill, you will find that it is a very good Bill. Definitely, it will help to have *swarojgar*. जैसा कि माननीय मंत्री जी ने अभी बताया है कि यंग इंडियन्स को स्वरोज़गार और अपॉर्चुनिटी जरूर मिलेगी। … (*Interruptions*) The Government is going to name this University as Gati Shakti Vishwavidyalaya. This will be named after the Government's flagship programme of PM Gati Shakti National Master Plan for Multi-modal Connectivity to expand its jurisdiction all over the country. I support this amendment in the Central Universities (Amendment) Bill, 2022.

Hon. Chairperson, Sir, there is no doubt that this Vishwavidyalaya will bring a drastic change in the transport sector of the country. … (*Interruptions*) In my view, while bringing these amendments, we should also see and examine the criteria for setting up Central Universities in the country because as of now, of all the States and Union Territories, New Delhi tops the chart of the Central Universities with as many as seven, that is, the highest number of Central Universities. … (*Interruptions*) It is followed closely by Uttar Pradesh

with six Central Universities and Bihar with four Central Universities. The States of Manipur, Andhra Pradesh, and Telangana contribute with their three universities to the national number of Central Universities. The total number of Central Universities in India is 54.

In my State of Odisha, we have only one Central University. That is in the Adivasi area of Koraput district. In the said area, about seventy to eighty per cent or may be ninety per cent people are Adivasis. When I once visited that place, I found that still there is no academic facility. The vacancies for the posts of Professors and Assistant Professors have not been filled up. Even the research activities are not being done. Moreover, I am not sure about the present Vice Chancellor. I do not know the present situation there. …(*Interruptions*) But the Vice-Chancellor is staying at Bhubaneswar and not at Koraput. This is very unfortunate. So, I want to bring to the notice of the hon. Minister to look after it.

Sir, one of the objectives for setting up Gati Shakti Vishwavidyalaya is to increase the participation of young India talent who constitute about 25 per cent of our population and they will get specialized training in the transportation sector and carry out critically needed research and development.

Sir, university means only research activities. So, this will definitely help to have research facilities and to have new innovations. It will create innovative technologies which will encourage local manufacturing by making the nation self-reliant. Keeping in view all the above things, first of all, we have to examine the criteria for setting up of Central Universities in the country.

There has been no uniformity in setting up of a Central University. We have seen that some small States have more Central Universities than the big States. This has been encouraging migration from one State to other State and to check such migration, there is a need to have policy for setting up of a Central University in States.

Sir, we have a large number of youth in my State of Odisha but we have only one Central University. There may be a curriculum to be taught in the programme offered by the University which is aligned with the international best practices and based on the requirements and developments of the transportation sector of the country which are incorporated under Gati Shakti Vishwavidyalaya. However, a very small number of students from our State will get benefitted from this University.

Through you, Sir, I, therefore, demand the Union Minister to set up more Central Universities so that the objectives of Gati Shakti Vishwavidyalya are achieved and the youth of Odisha can equally contribute for the national development and economic growth of the country.

The hon. Minister has also mentioned that there is a proposal to have more such universities in the country. Sir, GSV will integrate the existing central training institutes of Indian Railways as the campus is utilizing the existing capacity.

Expertise, resources and the infrastructure will not only be leveraged to offer degree programmes but also it will give industry-based courses.

Sir, I have a doubt that these existing Indian Railway institutes will be sufficient to meet the objectives and targets of 5,000 students in the coming five years in the GSV. So, Sir, there is also a need to encourage participation of State Universities and also private universities and to affiliate them with the Gati Shakti Vishwavidyalya. This will also help the Government to achieve the objectives of the Bill.

Sir, in conclusion, it is a laudable initiative towards enabling development of the transport sector. The scope for discussion should have a pro-development approach in additional ways so that the Government can attract, retain, develop talent, promote research and provide infrastructure.

With these words, I support the Bill. Thank you, Sir.

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I came with a mind to support the Central Universities (Amendment) Bill, 2021. But after coming here, *…*[*]

**माननीय सभापति :** सौगत दा, आप बिल पर बोलिए। प्लीज, बिल पर बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** बिल पर कही गई बातों के अलावा कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।।

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सर, ये किस पर बोल रहे हैं? … (व्यवधान) ये बिल पर नहीं बोल रहे है। आप इनको रोकिए।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** बिल के अलावा कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

[*] Not recorded

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री सौगत राय जी ने बिल के अतिरिक्त जो बोला है, वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

**PROF. SOUGATA RAY:** That is why, we will walk out. … (*Interruptions*)

**14.35 hrs**

*At this stage, Prof. Sougata Ray and some other hon. Members left the House.*

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) :** सभापति महोदय, मैं केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 पर चर्चा में अपनी पार्टी की तरफ से भाग ले रहा हूं। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल को प्रदान करती है।… (व्यवधान) यह सीखने की निरंतर, धीमी और सुरक्षित प्रक्रिया है, जो हमें ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो हमारे जन्म के साथ ही शुरू हो जाती है और हमारे जीवन के साथ ही खत्म होती है।… (व्यवधान) सभी के लिए जीवन में बेहतर शिक्षा और आगे बढ़ने तथा सफलता प्राप्त करने के लिए यह बहुत आवश्यक है। वर्तमान युग में शिक्षा का महत्व बहुत आगे बढ़ गया है और लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब अगर हम अपना भविष्य बेहतर और उज्ज्वल बनाना चाहते हैं तो उसके लिए शिक्षा प्राप्त करना बहुत ज़रूरी है। शिक्षा के बिना हम अपने जीवन में कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।… (व्यवधान)

महोदय, हमारे देश में लगभग हर राज्य में केन्द्रीय विश्वविद्यालय मौजूद हैं। उत्तम और उच्चतर शिक्षा हेतु इन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की आवश्यकता पड़ी। पहले हमारे देश में ऊंचे स्तर की शिक्षा पाने के लिए विद्यार्थी को बहुत परेशानियां उठानी पड़ती थीं। … (व्यवधान) इस कारण इन केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना करनी पड़ी। हमारे देश में कुल 49 विश्वविद्यालय हैं, जिनमें से 45 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एक कृषि मंत्रालय, एक विदेश मंत्रालय और एक जहाजरानी मंत्रालय के अंतर्गत आता है।… (व्यवधान) साल 2009 में केंद्रीय विश्वविद्यालय कानून पारित किया गया था। इसके तहत देश के विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालयों के गठन और उससे संबंधित फैसले

लेने के प्रावधान किए गए हैं। सरकार अब इसी कानून में संशोधन करके गति शक्ति विश्वविद्यालय बनाने का रास्ता साफ कर रही है।... (व्यवधान)

मैं केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 का समर्थन करता हूं। यह विधेयक गुजरात के वडोदरा स्थित एनआरटीआई, जो अभी तक एक डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी है, जो कि इस विधेयक से एक गति शक्ति विश्वविद्यालय बनने के बाद स्वायत्त केंद्रीय विश्वविद्यालय बन जाएगा। इस संस्थान का प्रशासनिक नियंत्रण रेल मंत्रालय के पास होगा।... (व्यवधान)

महोदय, इस विधेयक के तहत इस यूनिवर्सिटी के दायरे को भी बढ़ाया जाएगा, जबकि पहले यह रेलवे मामलों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसमें पूरे ट्रांसपोर्ट सेक्टर और इस क्षेत्र में हो रहे सभी आधुनिक विकास कार्यों की शिक्षा इस यूनिवर्सिटी में दी जाएगी।... (व्यवधान) छात्रों को इस दिशा में रिसर्च के अवसर भी मिलेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों के तहत यह एक बहुत अच्छा विधेयक है। मैं इस सरकार द्वारा लाये गए इस विधेयक का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।... (व्यवधान)

**SHRI N. REDDEPPA (CHITTOOR):** Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the Central University (Amendment) Bill, 2022 which has been brought forward by the Government to convert the National Railways and Transportation university into a full-fledged university called the *Gati Shakti Viswavidyalaya.*

Sir, I would like to present my inputs on how the proposed university can act as a catalyst to boost growth of the transport sector.

The Union Government has identified the transport sector as one of the key drivers of economic growth. Transport sector is vital for economic growth as it contributes around 6 per cent of the GDP and employs over 22 million people. The Union Government has been making significant progress in the

transport sector through initiatives like the PM Gati Shakti, Dedicated Freight Corridors and the Bharatmala Pariyojana. Freight loading in the Indian Railways has been the highest at 1418.10 metric tonnes during 2021-22. Dedicated Freight Corridors in the Eastern and Western regions of the country are also being developed.

Establishing the Gati Shakti Vishwavidyalaya would address the skill gap in the transport sector. India's work force in the transport and logistics sector has reached 2.5 crores and an estimated additional work force of three crores would be needed in the coming decade. The cost of logistics in India is one of the highest in the world which is nearly 14 per cent of the GDP. The Gati Shakti Vishwavidyalaya would help in reducing the cost of logistics by skilling the work force. There is a need to manage the Central Universities in an efficient manner and vacant faculty positions are a cause of concern. According to the Ministry of Education, over 6500 faculty positions are vacant in Central Universities across the country. Vacant faculty positions must be filled up on a war footing and guest faculty or ad hoc professors should be engaged on short term basis.

Vacancies in the Indian Railways are to be filled on a priority basis. There are a total of 2,98,428 vacancies in the Indian Railways. Out of these, almost 25,000 posts are vacant in the East Coast Railway and South Central Railway where a large number of aspirants from Andhra Pradesh participate in the recruitment process.

The recruitment process of exams like RRB and NTPC should be streamlined by following an annual examination calendar to avoid delays and confusion. As a huge number of aspirants from Andhra Pradesh participate in the railway recruitment, I request that a Railway Recruitment Zone should be established in the State. Coming to operationalisation of the South Coast Railway Zone and expediting completion of pending railway projects in Andhra Pradesh, though eight years have passed since the bifurcation of Andhra Pradesh, the South Coast Railway Zone, promised in the AP Reorganisation Act, 2014 has still not been operationalised. I request the Minister to retain the Waltair Division as it would help in the growth of backward regions of North Coastal Andhra like Srikakulam and Vizianagaram. Economically important railway projects like Kadappa-Bangalore line should be completed at the earliest. I also request the Union Government to support Andhra Pradesh by financing the pending portion of the Bhadrachalam-Kovvur railway line which passes through a Left Eing Extremism affected area as the State is in revenue deficit. Central Universities and other prominent Institutes of the Union Government are functioning from temporary campuses in Andhra Pradesh. As a compensatory measure, after bifurcation of Andhra Pradesh, it was promised that many Central Government educational institutions would be established in Andhra Pradesh but the Central Universities in Anantapur and Vizianagaram, IIT and IISER in Tirupati are still functioning from temporary campuses even eight years after the bifurcation of the State. I request the Union Government to expedite the development of these institutions by providing adequate funds.

I urge the Central Government to provide sufficient funds, create facilities and appoint faculty without further delay in the Central University of Anantapur in the State of Andhra Pradesh.

The transport and logistics sector is rapidly expanding due to the special focus being placed by the Government of India. …(*Interruptions*) In this regard, establishing the Gati Shakti Vishwavidyalaya is a welcome move. …(*Interruptions*) It would aid in reducing the skill gap in the transport sector, thereby kickstarting a virtuous cycle of economic growth and employment in the country. … (*Interruptions*) Thank you.

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 पर चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ।… (व्यवधान)

मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिनके नेतृत्व में निश्चित तौर पर, पिछले आठ वर्षों में क्रांतिकारी परिवर्तन तो हुए ही हैं, खासतौर पर उच्च शिक्षा में भी एक क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है और वर्तमान शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी ने नयी शिक्षा नीति के तहत इस क्षेत्र में एक नया आयाम देने का काम किया है।… (व्यवधान)

महोदय, भारत सरकार को उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लाए गए इस बिल का मैं हृदय से समर्थन करता हूँ और माननीय मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ।… (व्यवधान) इस बिल के माध्यम से सरकार गुजरात में बड़ौदा स्थित राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान को गति शक्ति विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव लायी है।… (व्यवधान) मैं पुन: माननीय मंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ और इसका स्वागत करता हूँ।… (व्यवधान)

परिवहन क्षेत्र में तकनीकी के साथ बेहतर अनुसंधान के लिए एक नयी सोच के तहत शक्ति विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।... (व्यवधान) दूरदर्शी सोच के अनुरूप और माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार नवाचार के लिए बधाई की पात्र है। राष्ट्रीय और सामरिक दृष्टिकोण से भारत में परिवहन को लेकर अपार संभावनाएं हैं।... (व्यवधान) चाहे वह भारत सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट हो या डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत निर्माण का प्रोजेक्ट हो, देश के किसी भी कोने में 24 घंटे के अन्दर सामान की डिलीवरी करने का सरकार का जो लक्ष्य है, ऐसे सभी क्षेत्रों में काफी तेजी से काम हो रहे हैं। आगामी कुछ वर्षों में हम अपने सपनों को सच करने ही वाले हैं।... (व्यवधान)

हमारे देश की जीडीपी का पहिया परिवहन है और इसे तेजी से नचाने के लिए अनेक पॉलिसीज लाई गई हैं, जिनमें इथेनॉल की पॉलिसी, ग्रीन फ्यूल की पॉलिसी, हाइड्रोजन फ्यूल की पॉलिसी है और अब गति शक्ति विश्वविद्यालय की स्थापना करके सरकार जिस तरह से काम कर रही है, वह बहुत ही असाधारण है।... (व्यवधान) मैं समझता हूँ कि विश्वस्तर पर इस तरह की यूनिवर्सिटी पहले से चलाई जा रही है, उसको देश की धरती पर लाने का जो काम वर्तमान सरकान ने किया है, हम उसके लिए उसे कोटिश: धन्यवाद देते हैं।... (व्यवधान)

मेरा मानना है कि गति शक्ति विश्वविद्यालय जैसी संस्थान से देश में न केवल तकनीकी और नवाचार आएगा, बल्कि दुनिया में यह भारत की कौशल क्षमता को एक अलग आयाम देने का काम करेगी।... (व्यवधान) मैं इस चर्चा के माध्यम से, माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा और उनका ध्यान पटना विश्वविद्यालय की तरफ भी ले जाना चाहूंगा।... (व्यवधान) वे बिहार को अच्छी तरह से जानते हैं। पटना विश्वविद्यालय को सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी बनाने की मांग न जाने कितने समय से हो रही है।... (व्यवधान)

देश में जब यूनिवर्सिटीज खुली थीं, उन पांच विश्वविद्यालयों में से एक स्थान पटना विश्वविद्यालय का है। ... (व्यवधान) बिहार के लोग काफी दिनों से सेंट्रल यूनिवर्सिटी की मांग कर रहे हैं। ... (व्यवधान) हाल में ही माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2017 में, जब

पटना विश्वविद्यालय के गोल्डन जुबली समारोह मनाया जा रहा था, उसमें शिरकत करने का काम किया था। सरकार के पास देश भर में दस प्राइवेट और दस पब्लिक विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटीज हैं। … (व्यवधान) पटना यूनिवर्सिटी भी इस योजना से जुड़े, इसके लिए मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करूंगा। … (व्यवधान) वर्तमान में देश विश्वविद्यालयों की कमी से जूझ रहा है। … (व्यवधान) देश के अन्य प्रतिष्ठित कॉलेजों की तुलना में यहां न तो छात्रों के लिए बेहतर रिसर्च लायक संस्थान हैं और न ही इन्हें सही माहौल मिल रहा है। … (व्यवधान) मैं वर्तमान सरकार, माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय शिक्षा मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि बिहार में अन्य जगहों पर, जैसे मोतिहारी और गया में सेंट्रल यूनिवर्सिटीज खोली गई हैं। … (व्यवधान) बावजूद इसके मैं निवेदन करना चाहूंगा कि पटना में भी इसकी आवश्यकता है। … (व्यवधान) आप जानते हैं कि बड़े पैमाने पर अच्छी सेंट्रल यूनिवर्सिटीज न होने की वजह से बिहार के बहुत बच्चे देश के बाहर जाने का काम करते हैं। … (व्यवधान) देश और दुनिया में आईटी में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है, लेकिन महत्वपूर्ण शहर पटना आधुनिक शिक्षा के लिए अभी तक तरस रहा है। … (व्यवधान) पटना यूनिवर्सिटी केवल पटना की ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार की एक महत्वपूर्ण यूनिवर्सिटी है। … (व्यवधान) मैं समझता हूं कि यहां सेंट्रल यूनिवर्सिटी नहीं होने की वजह से इसके इन्फ्रास्ट्रक्चर में, गुणवत्ता में बहुत कमी है, जिसकी वजह से बच्चों को दिल्ली और अन्य शहरों में बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता है। … (व्यवधान) यही नहीं, वहां बहुत गरीब बच्चे हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनके परिवारों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। … (व्यवधान) मैं निवेदन करना चाहूंगा कि बिहार की राजधानी में पवित्र गंगा नदी के किनारे शानदार अतीत वाली पटना यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा अगर भारत सरकार देती है, माननीय मंत्री जी इस पर कृपा करते हैं, तो मैं समझता हूं कि पाटलिपुत्र की इस भूमि पर, जो हमारी ऐतिहासिक भूमि रही है, उसमें से ज्ञान की गंगा देश भर में बहने लगेगी। … (व्यवधान) दूसरों राज्यों में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए जिन बच्चों को जाना पड़ता है, खास तौर पर वर्तमान में गरीब कल्याण के लिए जो हमारी समर्पित

सरकार है, उसके द्वारा एक नया तरह का अवसर मिलेगा। ... (व्यवधान) मैं इसके लिए सरकार को आभार व्यक्त करूंगा। ... (व्यवधान)

इससे राज्य में उच्चतर शिक्षा के लिए सकारात्मक माहौल बनेगा, योग शिक्षकों के मार्गदर्शन से युवा शक्ति अर्थात बिहार के लोगों और बिहार के बच्चों को तरक्की करने का अवसर प्राप्त होगा। ... (व्यवधान) इसलिए, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से, केंद्र सरकार से और माननीय शिक्षा मंत्री जी से विनम्र प्रार्थना करूंगा कि पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की कृपा प्रदान की जाए। ... (व्यवधान) इससे बिहार की जनता और पाटलिपुत्र की जनता इस सरकार का आभार व्यक्त करेगी। ... (व्यवधान) धन्यवाद।

**SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG):** Sir, I am thankful to you for allowing me to participate in this discussion … (*Interruptions*) Sir, I stand in support of the Central Universities (Amendment) Bill, 2022. The Bill proposes to provide for converting the National Rail and Transportation Institute (NRTI), a deemed to be university into a Central University. With the establishment of this university, the broad achievements will be that it will create a cadre of best in class transportation talent, facilitate industry career options, upskill and evolve the capability in transportation sector to cater to new industry demands, high quality education in research and skill development in various disciplines … (*Interruptions*) Sir, the establishment of this Vishwavidyalaya known as Gati Shakti Vishwavidyalaya, will also upskill and evolve capability in the transportation sector to cater to new industry demands through high quality teaching, research and skill development in various disciplines.

Sir, the establishment of the University shall foster collaboration between public sector, private industry and academia. … (*Interruptions*) It shall create a

digitally-enabled environment that fosters and promotes the spirit of entrepreneurship among the students. With the establishment of the University, it will be possible to provide a base for in-depth research in transport sector which is needed in this current scenario. … (*Interruptions*) As a Central University, it will also be able to attract the best of the academic industrial talent. Due to the stature of a Central University, innovative programme relevant to the current industries can be added. … (*Interruptions*) Sir, we must remember that because of the premier institutions like Indian Institute of Technology and Indian Institute of Management, we were able to give our youth the opportunity to excel and add them in our workforce. … (*Interruptions*) My only concern is that everything should not go to Gujarat. It should be equally distributed amongst all the regions. … (*Interruptions*) I would also request that a University of Tourism and Hospitality should be established in Anantnag. Sir, at the same time, I would also join the protest against the misuse of the agencies. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri K. Ram Mohan Naidu ji.

… (*Interruptions*)

**SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM):** Thank you hon. Chairman, Sir, for giving me the opportunity to speak on this Bill. … (*Interruptions*)

At the outset, I welcome the upgradation of the National Rail and Transportation Institute (NRTI) in Gujarat to a Gati Shakti University with broader scope. Logistics is a key enabler of economic growth. …

(*Interruptions*) If we focus on logistics development, we can reach the goal of a $ 5-trillion economy easily which we are trying to achieve. In fact, we can then create even higher goals for ourselves. To support this vision, there is a need to create more Transport and Logistics professionals. And to that extent, a University of Gati Shakti is a step in the right direction. … (*Interruptions*)

Sir, India has been at the heart of many crucial developments in science and technology. Be it the discovery of 'zero', the Raman Effect or the study of boson also known as God particle, our ancestors had achieved the zenith of human progress. Moreover, our country was the home to the finest ancient universities such as Nalanda, Taxila and Mithila. … (*Interruptions*)

However, sadly, somewhere down the line we have lost the edge globally. Considering this dire situation, I seek to highlight the issues and the possible solutions that the Government can take up. … (*Interruptions*)

Sir, as we all know, Indian Universities are still struggling on the global ranking charts. … (*Interruptions*) Though the number has been promising lately, which is 41, last year, however, we still have not been able to crack the global ranking. The reason for the underperformance of the Universities are largely attributed to following reasons – lack of global diversity in terms of foreign teachers and students; lack of global repute; inadequate student-faculty ratio; and obsolete research facilities. … (*Interruptions*)

Factoring this, I suggest that this newly upgraded university should have tie-ups with similar entities across the world while promoting indigenous knowledge and innovation. … (*Interruptions*)

As I understand, the Bill also provides for the establishment of additional University campuses and regional centres. … (*Interruptions*) Presently, such a campus is proposed to be set up in Kolkata and a regional centre in Kollam.

Considering the Indian peninsula to be the hub of maritime activity, I suggest that an additional campus could be set up in South India in the North Andhra Region, to be specific, Sir, where we already have a major port of Visakhapatnam. It will also bolster the Look-East Policy. … (*Interruptions*)

Sir, this is my last point and then I will finish.… (*Interruptions*) Before moving on to broader national issues, I would first like to address the problems within my own home-State. … (*Interruptions*) In 2014, the AP Reorganisation Act had promised a slew of universities and institutions which include IIIT, NIT, IIM, IISER, Central University, Petroleum University, etc. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही अपराह्न 4 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

**14.59 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Sixteen of the Clock.*

---

**16.00 hrs**

*The Lok Sabha reassembled at Sixteen of the Clock.*

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

**CENTRAL UNIVERSITIES (AMENDMENT) BILL, 2022– Contd.**

**माननीय सभापति** : श्री के. राम मोहन नायडू जी, कृपया अपनी स्पीच कॉन्टीन्यू कीजिए।

**SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM):** Thank you, hon. Chairperson Sir. With your permission, I would like to continue my speech.

Hon. Chairperson Sir, according to data published by the Education Ministry in 2019, out of 6,043 faculty members at the 23 IITs, only 149 were SCs and 21 were STs, which account for less than three per cent of the total faculty members.

**16.0½ hrs**

*At this stage, Shri Gaurav Gogoi, Shri Benny Behanan and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

Similarly, out of the 642 faculty members across 13 IIMs, only four belong to SC category and one belongs to ST category. … (*Interruptions*) A similar pattern could also be seen in the University of Delhi where out of the total sanctioned posts of 264 professors, there are only three professors from SC category and none from the ST background. Furthermore, another set of recent data shows that there are glaring vacancies for teaching positions against the reserved category seats. … (*Interruptions*) As the data shows, the vacancy stood at 988 against the seats for SC category and 1761 against the seats for OBC category. So, I would like to request the hon. Minister concerned in the Central Government to take cognizance of this issue and take necessary steps to fill the vacant seats. … (*Interruptions*)

Sir, I would like to highlight a couple of more points, and after that I will finish. … (*Interruptions*) According to Global Innovation Index, India stands at 46th position which is highly under-rated for a country embarked on a path to become superpower.

Moreover, the budget that is allocated for the research-related departments is very small when compared with the total budget allocation. … (*Interruptions*) On top of this, the Government has slashed the funding for three major institutions up to Rs. 576 crore in the recent budget also. During the pandemic, the countries such as UK and USA had an edge over us in introducing vaccines on war footing. … (*Interruptions*) We are also trying for Atmanirbhar Bharat. So, my sincere request is to not cut the funding that is given to the R&D component. Even for setting up this Gati Shakti University, the most important thing that we should concentrate on is the R&D budget for this. … (*Interruptions*)

Other than that, I would like to highlight some points regarding the AP Reorganisation Act. There are a couple of universities. … (*Interruptions*) Sir, please give me one minute. This is my last point which is very important. … (*Interruptions*) I will just conclude. … (*Interruptions*)

Sir, the TDP Government ensured land allocation for these institutions according to the AP Reorganisation Act. … (*Interruptions*) In spite of eight years since the passing of the Act, the progress made on these universities is very slow. For example, the IIPE, NIDM, and IISER are still functioning in temporary campuses. … (*Interruptions*) So, I would request the hon. Minister to

speed up the construction of these campuses and also to hold the classes in their respective buildings. … (*Interruptions*)

Also, I would like to highlight a point regarding the construction of Tribal University. … (*Interruptions*) There is a very little budget for that. Our intent is to establish that in the tribal area for the welfare of tribal people. … (*Interruptions*) An amount of Rs. 56 crore against the required sum of Rs. 1500 crore is not doing justice for this. So, the Central Government should allocate more funds for this. With this, I conclude my speech. … (*Interruptions*)

Thank you. … (*Interruptions*)

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान :** सभापति महोदय, 21वीं सदी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आज सरकार की ओर से केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 लाया गया है। … (व्यवधान) यूनिवर्सिटी एक्ट, 2009 में एक नयी धारा का संयोग करते हुए एक नया उपक्रम बनाया जा रहा है, उस पर लगभग 10 माननीय सदस्यों और रेल विभाग, आईटी एवं संचार विभाग के मंत्री श्री अश्विनी जी की इंटर्वेंशन के साथ एक सार्थक चर्चा समाप्त हुई है। … (व्यवधान)

महोदय, सभी ने इसका स्वागत किया है। इसकी आवश्यकता, समय एवं इसके अंदर पढ़ाए जाने वाले विषयों का उल्लेख किया गया है। … (व्यवधान) एक प्रकार से सभी ने, चाहे वे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के हों**,** इस नयी गति शक्ति यूनिवर्सिटी का समर्थन किया है। इसके लिए मैं सभी माननीय सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं और धन्यवाद देता हूं। … (व्यवधान)

महोदय, हमारे दूरदृष्टा प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी न केवल वर्तमान के बारे में योजना बनाते हैं, बल्कि भविष्य में जिस औद्योगिक क्रांति 4.0 की तरफ हम जा रहे हैं, आने वाली सदियों में क्या-क्या आवश्यकताएं होंगी, उनमें भारत कैसे स्थान लेगा**,** इन सभी संभावनाओं को नीति और कार्यक्रम में परिवर्तित करने का विजन रखने वाले भी हमारे प्रधान मंत्री जी हैं। … (व्यवधान)

गति शक्ति मिशन उनकी सोच का एक प्रतिफलन है।… (व्यवधान) उनकी सोच में एक बार यह आया कि सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को एक अम्ब्रेला के अंदर इम्प्लीमेंटेशन करना है।… (व्यवधान) विभाग तो अलग-अलग होंगे।… (व्यवधान) रेल का अलग विभाग होगा।… (व्यवधान) रोड सेक्टर अलग विभाग से चलेगा।… (व्यवधान) राज्यों की भूमिका रहेगी।… (व्यवधान) कोर्ट्स की अपनी अलग पॉलिसी है।… (व्यवधान) इनलैंड वाटर इमर्ज कर रहा है।… (व्यवधान) एविएशन इंडस्ट्री की देश में काफी मात्रा में ग्रोथ हुई है।… (व्यवधान) इंटरनेट सर्विस, आज भारत इंडिजिनस टेक्नोलॉजी के साथ 5जी का न केवल सपना देख रहा है।… (व्यवधान)

महोदय, मैं इस पवित्र गृह में देश के सामने उल्लेख कराना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वर्ष 2022 के अंत तक यह देश टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर होगा।… (व्यवधान) फ्रंटियर टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर होगा।… (व्यवधान) 5जी की टेस्ट ड्राइव हमारे देश की आईआईटीज, दूरसंचार विभाग, डिपार्टमेंट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की मदद से, उनकी अगुवाई से आज हम उस सिद्धा तक पहुँच चुके हैं।… (व्यवधान)

महोदय, न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़े-बड़े कारखाने बड़े-बड़े उद्योग, बड़े-बड़े सामाजिक प्रकल्प आने वाले दिनों में खेती कहाँ होगी, सिंचाई कहाँ होगी, स्कूल कहाँ बनेगा, आंगनवाड़ी सेंटर कहाँ होगा, उसके लिए एक मास्टर प्लान की आवश्यकता होती है।… (व्यवधान)

महोदय, आज हमारी सरकार ने बाइसाग, भास्कराचार्य नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियो इन्फार्मेटिक्स, जैसी संस्थाओं को इंस्टिट्यूट ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस की मान्यता भी दी है।… (व्यवधान)

यह सारी पृष्ठभूमि मैं इसीलिए बता रहा हूँ, आज देश की आवश्यकता है कि इन सारे औद्योगिक इनिशिएटिव को ढांचागत परिवृद्धि को, इंफ्रास्ट्रक्चर विजन की अगर हम एक नॉलेज रिपॉजिटरी नहीं बनाएंगे, उसमें अनुसंधान नहीं होगा, उसमें विज्ञान का मिलाप नहीं होगा, वैश्विक टेक्नोलॉजी क्या-क्या चल रही हैं, अगर हम उसकी बेस्ट प्रैक्टिसेज भारत में नहीं लाएंगे तो हम देश की जनता के साथ न्याय नहीं करेंगे।… (व्यवधान)

**16.07 hrs**

*At this stage, Shri Gaurav Gogoi, Shri Benny Behanan and some other hon. Members left the House.*

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**: *इसी पृष्ठभूमि से गति शक्ति विश्वविद्यालय की कल्पना की गई है। वर्ष* 2018 *से रेल विभाग की अगुवाई से बड़ौदा में, उनका जो पुराना रेल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट था, उसको एक डीम्ड विश्वविद्यालय की मान्यता देकर उसको एक विश्वविद्यालय बनाया गया था। बाद में जैसी समय की आवश्यकता हुई, मैंने बिल के इंट्रोडक्शन के समय उसकी पृष्ठभूमि को बताते हुए और सभी माननीय संसद सदस्यों ने उसका एक-एक फीचर कहा। किसी ने कहा कि इसका इंटरनेशनलाइजेशन होना चाहिए। अगर ये वैश्विक स्तर के इंस्टिट्यूशन से टाईअप नहीं करेंगे, आज अगर मैं भारत के रेल विभाग का उदाहरण लूँ, भारत कम से कम, भारत की रेल कंपनियाँ, भारत सरकार की रेल संबंधी नीतियाँ, दुनिया की इमर्जिंग इकोनॉमी में से कम से कम* 20 *देशों में भारत की रेल विभाग की फुटस्टेप है। हमारी कैपेसिटी केवल हमारे देश के लिए नहीं, विश्व के गरीब देशों के लिए भी आवश्यक होती है। इसलिए ग्लोबल स्टैंडर्ड के इंस्टिट्यूशन बनाना हमारे मैन्डेट में है।*

*महोदय, आज मैं एक आंकड़ा पार्लियामेंट के सामने रखता हूँ, भारत की नीति के हिसाब से* 15 *वर्ष की आयु से, जब किसी व्यक्ति की* 15 *वर्ष की आयु होती है, वह एक इकोनॉमिक यूनिट बन जाता है, वह रोजगार क्षम होता है।* 15 *से* 25 *वर्ष की आयु तक एक नौजवान, एक बालक विद्यार्थी की भूमिका में रहता है। ऐसी आज हमारे देश में* 25.5 *करोड़ की संख्या है। आज विभिन्न प्रकार के एजुकेशन इंस्टिट्यूशंस में, शिक्षा अनुष्ठान में, वह स्कूल हो,* 11*वीं-*12*वीं की कक्षा हो या रिसर्च तक पढ़ाई हो, इसमें सिर्फ* 11 *करोड़ बच्चे आ पाते हैं।*

चौदह करोड़ बच्चे काम पर बिना स्किल इको सिस्टम पर लग जाते हैं और वे पढ़ाई के लिए नहीं आ पाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह मेनडेट है। आज उच्च शिक्षा में ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो 27 परसेंट है। उसको वर्ष 2030 तक बढ़ा कर 50 प्रतिशत करना पड़ेगा। लेकिन भारत अभी नया सपना देख रहा है, अभी हमारे जो नौजवान आएंगे, उनके लिए रोजगार होना चाहिए,

श्रम होना चाहिए। उनकी एम्प्लॉयबिलिटी होनी चाहिए, न केवल एम्प्लॉयबिलिटी हो, न केवल वे जॉब सीकर बनें, बल्कि वे जॉब क्रिएटर भी बनें। ऐसी शिक्षा की कल्पना इस गति शक्ति के अंदर रखी गई है।

सभापति महोदय, न केवल टेक्नोलॉजी, न केवल साइंस, न केवल इंजीनियरिंग, न केवल मैथमेटिक्स, यह तो एक प्रकार से भारत की पहली स्टेम यूनिवर्सिटी बनेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने यह भी रिकमंड किया कि यह मल्टी डिसिप्लिनरी होनी चाहिए।

सभापति महोदय, ये प्रकल्प लगते हैं, रेल, रोड होने के कारण विस्थापन भी होता है और विस्थापित लोगों की जिंदगी कैसे होती है, यह ह्यूमैनेटीज में पढ़ाया जाता है। इस यूनिवर्सिटी में यह कल्पना की जा रही है कि ऐसी सारी विधाओं को भी पढ़ाया जाएगा, तब यह पूर्ण मात्रा में मल्टी डिसिप्लिनरी होगा, मल्टी डायमेंशनल होगा। सभी ने इसका समर्थन किया है। यह एनईपी की आइलैंड है।

सभापति महोदय, आज मैं आपको एक उदाहरण बताता हूं कि हम दुनिया के कई देशों में जाते हैं और भारत में भी पायलेट मोड में बुलेट ट्रेन वगैरह की बात आज घर-घर तक पहुंच गई है। वन्दे भारत ट्रेन पटरियों पर दौड़ने लगी है। उड़ान स्कीम आज सामान्य व्यक्ति की ऐस्पिरेशन की प्रतीक बन चुकी है। मैंने अभी अखबार में पढ़ा, हमारे मित्र निशिकांत जी यहां पर बैठे हुए हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी जुलाई महीने में ही हमारे देश के पवित्रधाम देवघर जाकर नई हवाई पट्टी बनाकर आए हैं, एयरपोर्ट बना कर आए हैं। मैं खुद को संशोशित करता हूं कि हवाई पट्टी नहीं, बल्कि पूर्णिया में एयरपोर्ट बना है। राजीव प्रताप रूडी जी विमान लेकर गए थे और कुछ मित्र भी साथ में गए थे तो सभी को बधाई। आज देश के गरीबों की, दलितों की एवं पिछड़ों की आकांक्षाएं आकार ले रही हैं। देश के दूर-दराज इलाकों में एविएशन इंडस्ट्री मोदी सरकार में पहुंची है।

सभापति महोदय, यह बात केवल विमान उड़ान की नहीं है, इसमें विज्ञान भी जुड़ा है, इसमें अर्थशास्त्र भी जुड़ा है और इसमें अर्थ नीति का विकेंद्रीकरण भी जुड़ा है। यह सारा विषय गति शक्ति विश्वविद्यालय में पढ़ाई की आवश्यकता का है। ड्राइवर लैस इंजन की बात कही जाती है। आखिर

यह ड्राइवर लैस इंजन ऐसे तो नहीं चल जाएगा। उसके लिए रिसर्च, लोकलाइजेशन, लोक स्किल कैपेसिटी की आवश्यकता है। इसमें ऐसे विश्वविद्यालय की कल्पना की गई है कि इसमें न केवल उच्च शिक्षा की डिग्री दी जाएगी, बल्कि वर्तमान सारे सेक्टर्स में ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक सेक्टर में काम करने सभी कर्मचारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग की आवश्यकता है। वर्ष 2025 तक एक आकलन आ रहा है कि दुनिया में जितना काम लोग हाथ से करेंगे, उतना ही काम मशीन से होगा। आखिर मशीन के प्रशिक्षण की भी तो आवश्कयता होगी। भारत में कई काम बंद हो रहे हैं और कई नए काम सृजन हो रहे हैं। इन नये कामों के बारे में जानकारी और उनके प्रशिक्षण, उनके स्किल सर्टिफिकेशन इसी यूनिवर्सिटी में होंगे। ऐसे ही एक फ्यूचरिस्टिक यूनिवर्सिटी है। जैसे मैंने उनको कहा कि यह एनईपी के उपरांत देश की पहली रिसर्च यूनिवर्सिटी, पहली आंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी, पहली स्टेम यूनिवर्सिटी और पहली मल्टी डिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी है। इसमें स्टेम के साथ-साथ ह्यूमैनिटी और कॉमर्स भी है। आज रेलवे में एमबीए दो कोर्स में पढ़ाया जाता है। इसका व्यवसायीकरण कैसे होगा तो इसके बारे में भी चर्चा की जाती है और आने वाले दिनों में खर्चा कम हो, योजना सटीक तरीके से सही लाभार्थी तक पहुंचे, इसमें एक बड़े मास्टर प्लान की परिकल्पना की जा रही है। इसमें बायसैक को यह काम दिया गया है। मैं आज सदन में एक अच्छी सूचना देना चाहता हूं कि भारत के सभी राज्यों ने, अभी तो अच्छा हुआ कि शांति हो गई है। हमारे जम्मू कश्मीर के वरिष्ठ सदस्य, राममोहन जैसे नौजवान साथी, चन्द्रशेखर बाबू जैसे साथियों ने इसका समर्थन किया है। इनको सच में इसमें रुचि थी और वे लोग बैठ कर इसको सुन रहे हैं।

उनकी उपस्थिति ही बड़ी अच्छी बात है। आज भले ही सदन में थोड़ी नोक-झोक हो, लेकिन बाइसा की गतिशक्ति मिशन में, मैं जिम्मेवारी के साथ कहता हूँ कि भारत की सभी सरकारों ने आज सहयोग किया है, भारत के सभी विभाग अपना डाटा उसमें लेयरिंग करते जा रहे हैं। अब देखिए, आने वाले दो-चार साल के बाद, भारत में बीच-बीच में आती हैं, भारत में रेल पटरी कितनी जल्दी बन रही है। रोड कितनी जल्दी बन रही है। हमारे सामने इस पार्लियामेंट बिल्डिंग का उदाहरण लें। सभापति महोदय, वर्ष 2020 में कोरोना के बीच में मदर ऑफ डेमोक्रेसी, प्रजातंत्र,

लोकतंत्र का मातृस्थान भारत है, उसका नया मंदिर हम लोग बना रहे हैं और वर्ष 2023 तक यह बन कर रेडी हो जाएगा। यह है गतिशक्ति। इन सब की डॉक्युमेंटेशन, प्लानिंग, इम्पिलिमेंटेशन, इन सब में आधुनिक विधा की आवश्यकता होगी। ये सब एक, दो या पांच साल के लिए नहीं बन रहे हैं। ये आने वाली सदियां-सदियों तक के लिए बन रहे हैं, इसीलिए इसमें रिसर्च, विज्ञान, मानवता, व्यावसायिक पक्ष, इन सारे विषय की पढ़ाई और रिसर्च की आवश्यकता है। एक नयी कार्य संस्कृति भारत में विकसित हो रही है। जो कहा जाएगा, वह किया जाएगा। उसमें विश्वास बनता है। सभी के लिए किया जाएगा। सबको साथ ले कर किया जाएगा। इसी में सभी का विश्वास बढ़ रहा है। सबको इसके लिए प्रयास करना चाहिए। गतिशक्ति उसका एक व्यावहारिक रूप है।

मैं इस बिल को आपके सामने प्रस्तुत करने से पहले एक शब्द में एक बात और कहना चाहूंगा। मैं संसद की इस गरिमामयी परिवेश का थोड़ा फायदा भी लेना चाहता हूँ। कई जगह पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एक्सपेंशन के बारे में कई सदस्यों ने उल्लेख किया है। मैं बड़ी विनम्रता के साथ उनके सामने यह विषय कहना चाहता हूँ कि वह एक अलग विषय है। आज हम 21वीं सदी के नए विश्वविद्यालय की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें मैं आपका समर्थन मांग रहा हूँ। लेकिन एक संवैधानिक विषय को भी उठाया गया है। कई माननीय सदस्यों ने यह कहा कि कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में विशेष कर समाज के वंचित वर्गों के पद खाली हैं। एससी, एसटी, ओबीसी तथा एक और वर्ग भी है, मोदी जी ने एक और समाज के तबके को आरक्षण देने की बात कही है, जिसे इकोनॉमिक वीकर सैक्शन कहा जाता है, जो दिया जाएगा, चारों वर्गों को दिया जाएगा। यह बात सही है। जिन माननीय सदस्यों ने विषय को उठाया है, वह सही उठाया है कि कुछ-कुछ सैक्शन में दिया है। एससी, एसटी के पदों की भरपाई हो, यह वर्ष 2014 के उपरांत का विषय नहीं है न, यह तो पहले का विषय है। कारण खोजना पड़ेगा। संविधान सभा में, इस पवित्र गृह में चर्चा हुई थी कि आरक्षण हमारे समाज के कुछ भाई-बहनों को दिया जाएगा। संविधान सभा ने तय किया था। आखिर एक बार इस सदन को डिबेट करनी चाहिए कि किस सरकार के समय कितनी नियुक्तियां की गई हैं, उसके लिए जिम्मेदार कौन है। मित्रों ने प्रश्न उठाया, मैं आज रिकॉर्ड को स्ट्रेट करना

चाहता हूँ। देश में पहली बार, वर्ष 2018 में देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक कानून लाया गया कि यह ऑप्शनल नहीं रहेगा। आपकी इच्छा पर नहीं रहेगा। समाज के वंचित वर्ग किसी के मोहताज के पात्र नहीं हैं। यह उनका संवैधानिक अधिकार है, उनको देना ही पड़ेगा।

पहली बार पार्लियामेंट में, राज्य सभा में कानून लाया गया। वर्ष 2018 के बाद जो हायर एजुकेशन में पद रोस्टर के मुताबिक एससी, एसटी, ओबीसी और मैं फिर से जोड़ रहा हूँ कि इकोनॉमिक वीकर सैक्शन, इन चारों के लिए जो पद व्यवस्था के तहत हैं, उनको भरना पड़ेगा। मैं जिम्मेवारी के साथ कहता हूँ कि आज मोदी जी की सरकार मिशन मोड पर, इन सारे पदों पर भर्ती करने का काम कर रही है। यह चूंकि एक ऐसा विषय है, मैं समाज की मानसिकता की बात को क्या कहूं, कुछ लोगों को लगता है कि बुद्धि एक विशेष वर्ग में ही अटक जाती है। मित्रों, ऐसा नहीं है।

बुद्धि समाज के सामान्य घरों में है, नहीं तो ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, देश के राष्ट्रपति नहीं होते, न नरेन्द्र मोदी, देश के प्रधान मंत्री होते और न द्रौपदी मुर्मू जी जैसी महिला आज देश की राष्ट्रपति होती। यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमें उस पर विश्वास है, इसलिए तो मोदी जी वर्ष 2018-19 में नया कानून लाये। संसद की यह चिंता वाजिब है। उसको एक-डेढ़ साल के अन्दर, हम जिम्मेदारी के साथ कहते हैं कि सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है, विशेष ड्राइव करके भी भरा जाएगा। सदन आश्वस्त रहे, मोदी जी पर भरोसा करे। हम उसको करके रहेंगे।

सभापति जी, मैंने आपकी अनुमति से इस गति शक्ति विश्वविद्यालय की चर्चा के अवसर पर एक विषयांतर विषय पर कहा क्योंकि यह एक संवैधानिक विषय है।

सभापति जी, मैं ओडिशा से आता हूं। हमारे यहां एक कहावत है। हिन्दी में उसे ऐसे कहा जाता है - 'जो गलती किया, वही ज़ोर से चिल्ला देता है।' अगर मैं उसे ओड़िया में कहूं तो वह थोड़ा अन-पार्लियामेंट्री है... (व्यवधान) अभी-अभी शायद सभापति जी ने किताब निकाली, मैं क्यों विवाद में जाऊँ? शायद वह अन-पार्लियामेंट्री हो जाएगा और फिर मेरे नाम पर कोई बड़े विद्वान लोग प्रिविलेज लगा देंगे, इसलिए मैं उसे नहीं कहता हूं। लेकिन, जो आज गलती करे, वही ज्यादा चिल्लाता है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी जिनके हाथ में शासन रहा, जिन्होंने 'गरीबी हटाओ' का नारा देकर

दशकों तक इस सदन में राज किया, वे आज मोदी जी पर प्रश्न उठाते हैं। इसलिए, वे आज कहाँ हैं? यह अच्छा हुआ कि वे किसी का बहाना लेकर बॉयकॉट करके चले गए।… (व्यवधान) जनता उन्हें लम्बे समय तक बॉयकॉट करवाएगी। उन्हें प्रजातंत्र में विश्वास होना चाहिए।

सभापति जी, सदन के सहयोग की मैं कामना करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय सभापति:** महताब साहब, क्या आपके कुछ क्लैरिफिकेशन्स हैं?

**श्री भर्तृहरि महताब (कटक):** महोदय, मेरे तीन क्लैरिफिकेशन्स हैं।

After hearing such a spirited speech, I was so engrossed that practically most Members in this House might have lost track of the Bill itself. But let us come to the facts, the Bill, that is before us. I have referred to Section 3F, sub section (3), जो ऑरिजिनल बिल के साथ इन्सर्ट हुआ है - "Gati Shakti Vishwavidyalaya will be funded by the Central Government in the Ministry of Railways."

इस हाउस ने आज देखा कि एजुकेशन के माननीय मंत्री जी ने 1 अगस्त को यह बिल मूव किया और आज 3 अगस्त को यह चर्चा में है और थोड़ी देर में, हाउस की सहमति से, संभवत: यह पारित भी हो जाएगा। इस बीच, चर्चा के भीतर, हमारे माननीय रेल मंत्री जी ने भी इन्टरवीन किया।

जो डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटीज को हम सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज बना रहे हैं, वह भी रेल मंत्रालय की ही है। अगर यह सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी बनने जा रही है, इसलिए एजुकेशन मंत्री और एजुकेशन मंत्रालय इसकी नोडल मिनिस्ट्री है, तो मेरा प्रश्न सिम्पल है। रेल मंत्रालय की तरफ से इस यूनिवर्सिटी को चलाया जाएगा, खर्च किया जाएगा। मैं रेल मंत्री जी के वक्तव्य को सुन रहा था। क्या रेल बजट में इसके बारे में प्रोविजन है या आगे आपको सप्लीमेंटरी बजट में यह करना है, यह स्पष्ट हो जाना चाहिए। यह अब तक नहीं हुआ है।… (व्यवधान)

The proposals entail no financial implications - यही लिखा है। This also leads to a question. Whether the Centre plans to increase the budget allocated

to the Ministry of Railways factoring into account the funding which has to be provided to Gati Shakti University. यह मेरा पहला प्रश्न है।

Proviso to Section 4, sub clause (1), जिसमें विश्वविद्यालय के टेन्योर के कर्मचारी, अधिकारी, प्रोफेसर, ये सारे रहेंगे, उनके बारे में है।

इसमें कहा गया है : "… same tenure, at the same remuneration and upon the same terms and conditions …." यह तो ठीक है। It is a very welcome step. Normally, when the nomenclature of the University changes, most of the adopting agency or the संस्था, उसको एक्सेप्ट नहीं करती, परंतु आपने यहाँ विधेयक में इसको रखा है। But the question here is this. As I said, it is a very good provision, which keeps in mind the greater interest of employees. However, with regard to providing compensation to non-permanent employees, a consideration should be made for those non-permanent employees who have worked for a sustained time, and for such employees a compensation of three months should be provided. This is my suggestion.

The third point is that … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** मैं समझता हूँ कि इस पर डिबेट हो चुकी है।

**श्री भर्तृहरि महताब :** मैं डिबेट नहीं कर रहा हूँ, बल्कि प्रश्न पूछ रहा हूँ। थर्ड रीडिंग में प्रश्न ही पूछा जाता है, यह आपको भी मालूम है।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति जी, हमारे कई सदस्य एक्स्प्लैन्टॉरी नोट पूछना चाहते हैं।

**माननीय सभापति:** ठीक है।

**श्री भर्तृहरि महताब :** यह प्रोविज़ो काफी लंबा है, पाँच लाइन का है। "Provided further that the Gati Shakti Vishwavidyalaya established as an University under section 3F

shall take additional measures for providing high quality teaching, research and skill development in diverse disciplines related to transportation, technology and management including establishing centres in India and abroad, as may be required in the opinion of the said University." The question is this. There is no doubt that the activities to be undertaken by Gati Shakti are commendable, but there are no details with regard to the manner in which funds will be spent on each of these activities. Is there a mechanism to audit the expense of the University?

Initially, when the Central Universities Bill was passed in 2009, इसके बारे में हमारे माननीय शिक्षा मंत्री बोल रहे थे। उस समय प्रश्न यह था कि रिवर्स ब्रेन ड्रेन होने की आवश्यकता है। 12-14 साल हो गए, कितने रिवर्स ब्रेन ड्रेन हुई हैं? यह एक प्रश्न है, जिसके ऊपर माननीय शिक्षा मंत्री विचार करें। क्योंकि, असली चीज वही थी कि हमारे यहाँ से लोग बाहर जा रहे हैं, वहाँ नौकरी कर रहे हैं। हमारे यहाँ एस्टैब्लिशमेन्ट्स बनें और वहाँ से वापस आएं, इसके बारे में भी थोड़ा विचार करने की आवश्यकता है।

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** अधिष्ठाता महोदय, माननीय मंत्री जी से मेरा एकमात्र सवाल है। यह जो सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी बनायी गई है, इसका सबने समर्थन किया है और हम लोग भी कर रहे हैं। माननीय मिनिस्टर साहब ने इस बात को बड़े ही विस्तार से बताया कि एससी, एसटी, वीकर सेक्शन और वंचित वर्ग के लिए जो आरक्षण दिया गया है, उस पर भी ध्यान दिया जाएगा। लेकिन, आज की जो परिस्थितियाँ हैं, जितने भी विश्वविद्यालय हैं, उनके इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत अच्छे नहीं हैं। उसके साथ-साथ टीचर्स की बेहद कमी देखने को मिलती है। इस बिल के अंदर क्लॉज-5 में जो प्रोविजन दिया गया है, क्या उसमें एक और चीज ऐड करना उचित नहीं होगा, जिसमें 10 परसेंट से अधिक रिक्तियाँ कभी नहीं रहे? उसका प्रोविजन भी किया जाए। इसमें मैं माननीय मंत्री जी सवाल पूछना चाहता हूँ कि क्या ऐसा किया जाएगा?

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** धन्यवाद, सभापति महोदय। अभी माननीय मंत्री जी जो बिल लाये हैं, यह प्रधानमंत्री जी का कमिटमेंट दिखाता है कि वह किसी भी तरह से हमारे विद्यार्थियों को सारे स्किल्स और विद्याएं देना चाहते हैं तथा देश को आग बढ़ाना चाहते हैं।

सर, पुराने जमाने में तीन विश्वविद्यालय थे, जो बड़े विश्वविद्यालय थे- तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय। सौभाग्य से विक्रमशिला मेरा गाँव है। … (व्यवधान) मैं अभी झारखंड से सांसद हूँ, लेकिन यह बिहार में है।

सभापति महोदय, विक्रमशिला विश्वविद्यालय एक समय में नालंदा विश्वविद्यालय के कोर्स को कंट्रोल करता था।

यह मैं नहीं कह रहा हूं, एएसआई ने जो बोर्ड मेरे गांव में लगाया हुआ है, उसमें लिखा हुआ है कि जब नालंदा विश्वविद्यालय डूबने की कगार पर था, तब विक्रमशिला विश्वविद्यालय ही उसका मास्टर विश्वविद्यालय था। वर्ष 2015 में माननीय प्रधान मंत्री जी ने, जैसा मैंने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री जी पिछड़े क्षेत्र के बारे में सोचते हैं, आगे बढ़ाने के बारे में सोचते हैं, तो वर्ष 2015 में उन्होंने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की घोषणा की और उसके लिए 400 करोड़ रुपये दे दिए। सात साल हो गए, माननीय प्रधान मंत्री जी की घोषणा हुई कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय बनेगा, लेकिन सात साल में वह विश्वविद्यालय नहीं बना है। क्या वह विश्वविद्यालय अपना चेहरा देख पाएगा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय बन पाएगा और बनेगा तो कब तक बनेगा? मेरा आपसे यह प्रश्न है।

**माननीय सभापति :** विधेयक के बारे में पूछना उचित रहेगा। बाकी बातें आप बाद में पूछिए। कोई भी क्वैरी हो तो प्लीज, अपने को विधेयक तक ही सीमित रखिए।

**श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग):** सर, मैं माफी चाहता हूं कि मेरा जो कहना है, उसका डायरेक्टली कनेक्शन नहीं है। मैं मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं कि क्या एक सेंट्रल मिनिस्ट्री, टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी यूनिवर्सिटी को जम्मू-कश्मीर के अनन्तनाग में कंसीडर किया जाएगा?

**माननीय सभापति :** हसनैन साहब, वह अलग विषय है।

**श्री हसनैन मसूदी :** सर, मैंने पहले ही माफी चाही है। क्या आप इसे कंसीडर करेंगे?

**माननीय सभापति :** इस पर बाद में बात कर लीजिएगा। केवल बिल के बारे में बोलिए। अगर आपकी कोई क्वैरी हो तो उसे पूछिए।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** धन्यवाद सभापति महोदय। जब मेरा नंबर आया तो खाली बिल के बारे में, बाकी सब इतने लंबे-लंबे भाषण हो गए। मैं तो केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बारे में ही बात कर रहा हूं। माननीय मंत्री जी यहां उपस्थित हैं और केन्द्रीय विश्वविद्यालय का यह अमेंडमेंट बिल है। पिछले दिनों मंत्री जी ने अवार्ड दिए, जिनकी रैंकिंग फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आई, उनको एजुकेशन मिनिस्ट्री के माध्यम से अवार्ड दिए गए। उसमें जामिया मिलिया इस्लामिया को भी अवार्ड दिया, जो कि तीसरे स्थान पर आई। माननीय मंत्री जी, क्या वजह है कि पिछले वर्ष 2020-21 में वहां का एलोकेशन ऑफ फंड 479 करोड़ रुपये था, जबकि इस बार 411 करोड़ रुपये है और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जिसका 1,520 करोड़ था, उसका 214 करोड़ रुपये हो गया। इसकी क्या वजह है? … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** दानिश जी, कुछ रिकार्ड में नहीं जा रहा है।

… (व्यवधान)*

**श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला):** सभापति महोदय, मैं आदरणीय मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

**माननीय सभापति :** आप सीधे सवाल पर आइए, जो आपकी क्वैरी है।

**श्री रतन लाल कटारिया :** गति शक्ति केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिल को लेकर जो आज प्रस्ताव पास होने जा रहा है, इससे देश के करोड़ों युवाओं की किस्मत बदलने वाली है। आज मुझे इस बात की भी बड़ी खुशी है कि आदरणीय मंत्री जी ने इस महान सदन में उन लोगों के सभी भ्रम दूर कर दिए

---

* Not recorded

हैं।…(व्यवधान) मैं कोई डिबेट नहीं कर रहा हूं।… (व्यवधान) मैं बात कर रहा हूं।…(व्यवधान) मैं यह पूछना चाहता हूं … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपको सब क्लियर है। आपको क्लेरिफिकेशन की कोई जरूरत नहीं है।

… (व्यवधान)

**श्री रतन लाल कटारिया :** सर, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि जिस प्रकार उन्होंने आईआईएम को लेकर, आईआईटी को लेकर आरक्षण के मामले में प्रिअंबल ऑफ दी कांस्टीट्यूशन के बारे में मोदी जी के विजन को जिस तरह से यहां पर दोहराया है, क्या इसी प्रकार से गति शक्ति केन्द्रीय विश्वविद्यालय जो बनेगा, उसमें जो हमारे बच्चे हैं, उनको पूरा-पूरा लाभ मिलेगा? … (व्यवधान)

**श्री एस. एस. अहलुवालिया (बर्धमान-दुर्गापुर):** सभापति महोदय, 'गति शक्ति' द्वारा गति शक्ति विश्वविद्यालय बनाना अपने आप में फ्यूचर टेक्नोलॉजी पर बहुत बड़ी शुरुआत है और सराहनीय है। यह हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री की दूरदर्शिता को दर्शाती है।

हम जिस ट्रांसपोर्टेशन की बात करते हैं, वह एयर पर है, सरफेस पर है, ट्रैक पर है, रिवर पर है और ओसिएन पर है। इसके लिए आज तक जिस दो फ्यूल का यूज होता था, एक स्टीम इंजन और दूसरा फ्यूल पेट्रोलियम प्रोडक्ट यूज करते थे। हम आने वाले दिनों में देखेंगे कि हाइड्रो इंजन से चलने वाली गाड़ियां आएंगी। हाइड्रोजन से चलने वाली गाड़ियों के साथ-साथ सोलर एनर्जी के द्वारा चलने वाली गाड़ियां आएंगी। हम इनवायरमेंट को भी बचाएं और आने वाले भविष्य को भी बचाएं।

मेरा मंत्री जी से सिर्फ इतना ही प्रश्न है, क्या इस टेक्नोलॉजी पर भी रिसर्च और एजुकेशन और फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी हमारे छात्रों को दी जाएगी? अगर दी जाएगी तो यह सराहनीय योगदान है। बड़ौदा के साथ-साथ इसकी फैकल्टी, इसके डिफरेंट डिविजन, डिफरेंट कैम्पस देश के विभिन्न जोनों में भी खोलने की जरूरत है।

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET):** Sir, many hon. Members have spoken about vacancies in Central universities. More than 6000 vacancies are there. We have started a new Gati Shakti University which is a very specialised and a narrow field. Is there any study that is being done to find out where enough PhD scholars and enough faculty are available in this very specific field or are we going to start it like any other Central university and look for faculty or leave the faculty positions vacant in the coming years?

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** सभापति महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि बिल रेलवे और परिवहन दोनों के संदर्भ में है और आज सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं एक्सिडेंट से होती हैं। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि परिवहन के ऊपर खासतौर पर ड्राइविंग सिस्टम के ऊपर भी रिसर्च का कोई कार्य विश्वविद्यालय के अंदर होगा? मैं यही जानना चाहता हूं।

**श्री अश्वनी वैष्णव:** सभापति महोदय, जिस तरह से प्रश्न आए हैं, वह बहुत ही एनकरेजिंग है और सभी ने इस प्रस्ताव का बहुत ही खुले दिल से स्वागत किया है। आज वाकई में देश में इसकी जरूरत है कि किस तरह से अति महत्पूर्ण लॉजिस्टिक ट्रांसपोटेशन सेक्टर के लिए एक यूनिवर्सिटी बनें। मैं दो प्रश्नों का जवाब दूंगा और शेष प्रश्नों का जवाब माननीय मंत्री जी देंगे। फाइनेंस पर माननीय महताब साहब ने प्रश्न उठाया, इस बिल में अगर आप देखें तो बहुत ही क्लियरली दिया हुआ है। "Any reference to the National Rail and Transportation Institute, Vadodara, in any contract or other instrument shall be deemed as a reference to the Gati Shakti Vishwavidyala established under this Act. उसके आगे बहुत स्पष्ट रूप से सारी चीजें लिखी हुई हैं, एक तरीके से पॉलिसी में कन्टीन्यूटी है। एनआरटीआई 2018 में बनाया गया था और उसको अपग्रेड किया जा रहा है। एनआरटीआई का जितना भी बजट है, उसके जितने भी काम हैं, वे सारे सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कन्वर्ट होते हैं। इस वित्तीय वर्ष में एनआरटीआई का कितना

बजट है? वर्ष 2022-23 में 166 करोड़ रुपये का बजट है। Mahtab sahab, I hope I have answered your question.

माननीय महताब साहब ने रिवर्स ब्रेन ड्रेन के बारे में कहा। यह मेरे सेक्टर से जुड़ा हुआ प्रश्न है। आज अगर हम टेलीकॉम सेक्टर देखें, स्टार्ट-अप सेक्टर देखें, इलेक्ट्रॉनिक्स देखें और आईटी देखें। हर एक सेक्टर में दुनिया भर में भारत से निकल कर जो छात्र गए थे, उन्होंने अपने आप को एस्टैब्लिश किया । उन्होंने हिन्दुस्तान में आकर अपने प्रतिभा और अपने अनुभव का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्टार्ट-अप इंडिया विजन के साथ जुड़ कर इतना बढ़िया इको-सिस्टम तैयार किया है कि आज भारत में 105 यूनिकॉर्न्स बन चुके हैं, 74 हजार स्टार्ट अप हैं। दुनिया में भारत का नाम स्टार्ट-अप इको-सिस्टम के हिसाब से जाना जाता है। धन्यवाद।

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान:** माननीय सभापति जी, मेरे मित्र अश्विनी जी ने आदरणीय महताब जी द्वारा, फाइनेंशियल एलोकेशन रेलवे के बजट में है या नहीं, स्पेसिफिक प्रश्न के बारे में क्लेरिफिकेशन दी है। मैं इसे थोड़ा आगे ले जाना चाहता हूं। यह बात सही है कि इसके एनविज़न के बारे में वर्ष 2016 में पहली बार माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा था। वर्ष 2018 में उस समय के रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी ने बहुत बारीकी से सब लोगों से चर्चा की थी, तब आपकी अध्यक्षता में रेलवे कमेटी चलती थी, मुझे इतनी जानकारी है कि आपने उसमें कंट्रीब्यूट किया था। यह रेलवे से शुरू हुआ। महोदय, मैं एक उदाहरण जोड़ना चाहता हूं, इन दिनों माननीय मोदी जी ने भारत की स्पेस पॉलिसी रिफार्म की है। स्पेस पहले एक सरकारी चीज थी, अब भारत के नौजवानों को, भारत के पढ़े-लिखे रिसचर्स को, नई पीढ़ी के लोगों को स्पेस सेंट्रिक एन्टरप्रिनयोर बनाने के लिए स्पेस पॉलिसी को अनबंडल किया है, व्यापक किया है। स्पेस रिलेटिड एडवांटेजेस क्या होंगी?

क्या नया एन्टरप्रिनयोरशिप आएगा? इन सबको ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बड़ा किया गया। अभी इसमें भी व्यवस्था की गई है। वर्तमान रेलवे एडमिनिस्ट्रेटिव मिनिस्ट्री के दो हिस्से हैं। पॉलिसी का पार्ट भारत सरकार की सैंट्रल यूनिवर्सिटी एक्ट के तहत चलेगा। इसके वाइस

चांसलर, प्रोफेसर्स और एकेडेमिक करिकुलम यूनिवर्सिटी की तरह पॉलिसी के तहत होंगे। अगर हम सैक्टर स्पेसिफिक नहीं करेंगे, हम आवश्यकता के अनुसार विद्या को नहीं ढालेंगे।... (व्यवधान)

महोदय, अभी यह होता था कि आईआईटी हो, अन्य कोई इंजीनियरिंग कॉलेज हो या ग्रेजुएशन हो, पढ़ने के बाद एक या डेढ़ साल मैनेजमेंट ट्रेनिंग करनी पड़ती थी। उसे दोबारा काम सीखना पड़ता था। डेढ़ या दो साल उसके लिए हुनर, इनोवेटिव और क्रिएटिव पीरियड होता है, उसमें विद्यार्थी रहते हुए वह कौन से काम में जाएगा, अगर उसकी पढ़ाई अभी से शुरू हो जाए और वह सीधा जाकर डिलीवरी कर सके, इसीलिए यह इंस्ट्रुमेंट बनाया गया है। इसके फाइनेंशियल कंस्ट्रेन्ट्स कभी नहीं रहने वाले हैं।

महोदय, माननीय सदस्य ने अच्छा प्रश्न उठाया और बीच में एक अन्य क्वेरी थी कि कांट्रेक्चुअल टाइप के लोगों की सिक्योरिटी का क्या होगा? मैं आदरणीय महताब जी, बहुत वरिष्ठ और अनुभवी पब्लिक पॉलिसी के एक्सपर्ट के सामने अपनी सरकार की एप्रोच के लिए निवेदन करना चाहता हूं, देखिए, in the world contractual model is no more a concern. यह एक अपॉरच्युनिटी है। एक व्यक्ति कहीं फैक्ट्री में काम करेगा, सीईओ के रूप में काम करेगा, इधर आकर दो क्लास लेकर पढ़ाएगा, उनके लिए मिनिमम रिम्युनरेशन व्यवस्था रहेगी। हमारे देश में इस प्रकार के इनोवेटिव इंस्ट्रुमेंट धीरे-धीरे आईआईटीज़ में भी इमर्ज कर जाएंगे, आईआईएम में भी इमर्ज कर जाएंगे। हम इस प्रकार का एनविज़न करते हैं और इसलिए हमने फ्लेक्सिबिलिटी प्रोविजन रखा है। हमें इसे बॉटम हेवी नहीं करना है। कभी-कभी लगता है कि यूनिवर्सिटी स्टुडेंट के लिए या यूनिवर्सिटी में काम करने वाले लोगों के लिए है। यह प्रश्न आ जाता है। इसी से बचने के लिए यह प्रोविजन रखा गया है।

अंत में एक बात है, इसके बारे में अश्विनी जी ने उत्तर दिया है। मैं इसका उत्तर दो उदाहरणों के साथ सदन में रखूंगा तो समझने के लिए अच्छा होगा। सैंट्रल यूनिवर्सिटी हो या एजुकेशन इंस्टीट्यूशन हो, केवल सरकारी फंडिंग से चले, हमें इस कल्पना को छोड़ना ही होगा। समाज समृद्ध होने लगा है। एनईपी ने कहा कि हमें पब्लिक डोनेशन से भी चलना पड़ेगा। महताब जी को

उदाहरण अच्छा लगेगा, वह जिस प्रांत से आते हैं, संयोग से मैं भी वहीं से आता हूं। वहां के महानुभाव सुब्रतो बागची माइंडट्री के फाउंडर ने अपनी जिंदगी की अच्छी-खासी कमाई का लगभग 300 करोड़ रुपये से ज्यादा दान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलूरू को दिया है। अभी रितेश जी या अन्य मित्र राम मोहन जी कह रहे थे कि एडवांस रिसर्च क्यों नहीं हो रही है? भारत बायोटेक ने अकेले क्यों एक वैक्सीन निकाली, हम और वैक्सीन क्यों नहीं निकाल पाए? आईआईएससी में पहली बार 20 जून को माननीय प्रधान मंत्री जी के हाथ से पत्थर रखा गया, सुब्रतो बागची और उनके पार्टनर ने पैसा दिया।

300 करोड़ रुपये से ज्यादा पब्लिक फंडिंग हुई। उनके द्वारा पैसा देने से वहां यूनिवर्सिटी बनी। हमें कानपुर में भी एक सौभाग्य मिला। इंडिगो के प्रमुख स्टेक होल्डर राकेश गंगवाल और सिंघानिया जैसे चार-पांच आईआईटीयन कानपुर के पुराने प्रोडक्ट हैं। हमारे अश्विनी जी की वह पुरानी कैंपस है। मैं वहां गया था। वहां लगभग 300 करोड़ रुपये पब्लिक फंडिंग से आए। हमारे आईआईटीयन, आईआईएम और हमारे एलुमनी इसके लिए ताकत रखते हैं। वे समाज को लौटाना चाहते हैं। इसलिए, आप उसके लिए चिंतित न रहें। सरकार तो है ही। आज समाज भी संपन्न होने लगा है। उसकी फंडिंग से भी इंस्टिट्यूशन इमर्ज कर रहे हैं।

हमारे कई मित्रों ने कुछ अन्य विषय के बारे में कहा है। आपने उनको और हमें संरक्षण दिया है। लेकिन, मैं एक रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि रिजर्वेशन वगैरह की लिगेसी प्रॉब्लम हमारे कार्यकाल की देन नहीं है। पीएचडी करने में पांच साल लगते हैं। कुल मिलाकर 75 साल की जर्नी में माननीय मोदी जी की 8 साल की जिम्मेवारी है। कुछ लिगेसी इश्यु के लिए हमारी नैतिकता है। सही को सही और गलत को गलत कहने के लिए हमारे पास मोरल पावर है। बाकी विषयों, जिसको दानिश जी और अन्य लोगों ने उठाया है, हम उनसे मिलकर सभी विषयों के बारे में बता देंगे। मेरे पास बकायदा तथ्य आधारित रिपोर्ट है। यह इस विषय से संबंधित नहीं है। इसलिए, उसका उत्तर मैं नहीं देता हूं।

आपने मुझे पुन: एक्सप्लेनेशन देने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** प्रश्न यह है:

"कि केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए। "

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

**माननीय सभापति :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

माननीय सदस्यगण, कुछ माननीय सदस्यों ने संशोधन दिए हैं, परन्तु वे उपस्थित नहीं हैं। इसीलिए, मैं सारे खंडों को एक साथ सभा के निर्णय के लिए प्रस्तुत कर रहा हूं।

**माननीय सभापति:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 से 6 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 6 विधेयक में जोड़ दिये गये ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान:** सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

**माननीय सभापति:** प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

---

**16.48 hrs**

## *PERSONAL DATA PROTECTION BILL, 2021

**THE MINISTER OF RAILWAYS, MINISTER OF COMMUNICATIONS AND MINISTER OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI ASHWINI VAISHNAW):** Sir, with your kind permission, I beg to move for leave to withdraw a Bill to provide for protection of the digital privacy of individuals relating to their personal data, to specify the flow and usage of data, to create a relationship of trust between persons and entities processing the data, to protect the rights of individuals whose data are processed, to create a framework for organisational and technical measures in processing of data, to lay down norms for social media platforms, cross-border transfer, accountability of entities processing data, remedies for unauthorised and harmful processing, to ensure the interest and security of the State and to establish a Data Protection Authority of India for the said purposes and for matters connected therewith or incidental thereto, as reported by Joint Committee.

**माननीय सभापति:** प्रश्न यह है:

> "कि व्यष्टिकों के वैयक्तिक डाटा से संबंधित उनकी निजता के संरक्षण, वैयक्तिक डाटा के प्रवाह और उपयोग को विनिर्दिष्ट करने, व्यक्तियों और डाटा के प्रक्रमण में लगी इकाइयों के बीच विश्वास के संबंध का सृजन करने, ऐसे व्यष्टिकों के अधिकारों

---

* The Bill was introduced on 11 December, 2019. The Bill was referred to the Joint Committee of the Houses for examination and report and the report of the Joint Committee was presented to Lok Sabha on 16.12.2021. A Statement containing reasons for which the Bill is being withdrawn has been circulated to members today (3.8.2022).

जिनके डाटा का प्रक्रमण किया गया है, का संरक्षण करने, डाटा का प्रक्रमण करने में संगठनात्मक और तकनीकी उपायों के लिए ढांचा सृजित करने, सोशल मीडिया मध्यवर्ती, अंतरसीमा अंतरण के लिए सन्नियम अधिकथित करने, व्यक्तिक डाटा का प्रक्रमण करने वाली इकाईयों की जवाबदेही, अप्राधिकृत और हानिकारक प्रक्रमण के लिए उपाय करने तथा उक्त प्रयोजनों के लिए भारतीय डाटा संरक्षण प्राधिकरण स्थापित करने और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक, संयुक्त समिति द्वारा यथाप्रतिवेदित, को वापस लेने हेतु की अनुमति प्रदान की जाए। ”

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

**SHRI ASHWINI VAISHNAW:** Sir, I withdraw the Bill.

---

**16.49 hrs**

**DISCUSSION UNDER RULE 193**

**Need to Promote Sports in India* -Contd.**

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, नियम 193 के अधीन एक चर्चा अभी शेष है। उस पर अभी चर्चा होनी है।

डॉ. निशिकांत दुबे जी ।

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** अभी चर्चा होना शेष है। चर्चा अभी पूरी नहीं हुई है। चर्चा अभी बाकी है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** चर्चा अभी बाकी है। वह पिछले सत्र से चल रही है।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** दानिश जी, अगर आपको बोलना है तो आप नाम दे सकते हैं।

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सभापति महोदय, हम सभी लोग माननीय लोक सभा अध्यक्ष जी के शुक्रगुज़ार हैं कि उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में ये बातें कही थीं कि लोगों को खेल की चर्चा में आना है। एक दिन कई एक प्रश्न थे, तो उन्होंने एक व्यवस्था दी थी कि हम नियम 193 में इस पर चर्चा करेंगे। अच्छी बात यह है कि लोक सभा अब स्पोर्ट्स के बारे में भी इतनी चिंतित है। कई एक सांसद बोल चुके हैं, कई एक सांसद बोलने वाले हैं।…(व्यवधान) मैं पहली बार बोल रहा हूं। इसमें एक नियम है कि यदि आप एक बार बोल लेते हैं, तो आपको दोबारा मौका नहीं मिलता है। इसीलिए मुझे चेयर और मेरी पार्टी ने बोलने की अनुमति दी है।

महोदय, पहले एक कहावत थी, जिसको सुनते हुए हम सभी लोग बड़े हुए हैं। हमसे जो छोटा जेनरेशन है, वह इन चीजों को सुनते हुए नहीं बड़ा हुआ, लेकिन हम लोग हुए हैं कि 'पढ़ोगे-

---

* Further discussion on the need to promote sports in India and steps taken by the Government in this regard raised by Shri Gaurav Gogoi on the 31st March, 2022 –Continued.

लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब'। आज पूरी दुनिया बदल गई है। देश का जो माइंडसेट है, आज़ादी के बाद का जो हमारा युवा है, वह कितना बदला होगा और इस सरकार की सोच कितनी बदली होगी, वह यह दिखाता है। यदि आपको ध्यान हो तो उस दिन राज्यवर्धन राठौर जी बोल रहे थे, वे खेल मंत्री भी रहे, आई एंड बी मिनिस्टर भी रहे, एक बड़े खिलाड़ी रहे, जो कि मेडल जीतकर लाए थे। उन्होंने खुलेआम इस पार्लियामेंट में एक सांसद के प्रश्न के जवाब में बोलते हुए कहा कि मैं वर्ष 2002 में इस देश के लिए मेडल जीतकर लाया था। उस जमाने में यह बड़ी बात थी, लेकिन आप वर्ष 2002 से लेकर वर्ष 2014 तक मेरा एक भी फोटोग्राफ इस देश के प्रधानमंत्री जी के साथ दिखा दीजिए। वह इस सदन में बोल रहे थे, लेकिन आज क्या सिचुएशन है।

कौन-सा खिलाड़ी जा रहा है, जाते हुए उनसे प्रधानमंत्री जी मिलते हैं और बात करते हैं। यदि खिलाड़ी मेडल लाता या जीतता है, देश का नाम रोशन करता है, यदि नहीं भी जीतता है, तो भी उसको प्रोत्साहित करते हैं। यदि उनको कोई रोता हुआ दिखाई देता है, यदि लगता है कि किसी कारणवश छोटी सी चूक हो गई, तो एक गार्जियन की तरह, देश का मुखिया होने के नाते और एक अभिभावक होने के नाते, वे उस खिलाड़ी को बधाई भी देते हैं और उस खिलाड़ी को सांत्वना भी देते हैं। जब वे लौटकर आते हैं, केवल ये नहीं है कि जो ओलंपिक में जा रहे हैं, जो कॉमनवेल्थ में जा रहे हैं, वर्ल्ड में जा रहे हैं, यहां तक कि जो हमारे दिव्यांगबंधु हैं, यदि वे पैरालंपिक में जा रहे हैं, तो उनको भी वही सुविधा है। वे एक-एक चीज का ख्याल रखते हैं। ये हमारी सरकार का कमिटमेंट दिखाता है, ये माननीय प्रधानमंत्री जी का कमिटमेंट दिखाता है, ये दिखाता है कि देश स्पोर्ट्स के बारे में किस तरह से चेंज हुआ है, किस तरह से पूरे देश की सोच बदली है। जो सिचुएशन है, स्पोर्ट्स के ऊपर माननीय प्रधानमंत्री जी या देश क्यों सोचता है?

महोदय, मेरे भी बच्चे छोटे हैं, अभी वे पढ़ ही रहे हैं। दुनिया का जो वातावरण है, उस वातावरण में आपको स्वस्थ मानसिकता के बच्चे चाहिए। वह मानसिकता तब होती है, केवल माल-न्यूट्रिशन या इन चीजों से कि आपने उनको अच्छा खाना-पीना खिला दिया, उससे नहीं होता है। आज का जो समय है, दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, भारत फिर भी काफी हद तक बचा हुआ है।

कुछ बच्चे ड्रग्स के शिकार हो जाते हैं, कुछ बच्चे एल्कोहल के शिकार हो जाते हैं, कुछ बच्चों में विकार आ जाता है कि वे लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते हैं, उनको बचाने के लिए स्पोर्ट्स सबसे बढ़िया तरीका है।

सभापति महोदय, जब माननीय जगजीवन राम जी उप-प्रधानमंत्री होने के नाते हमारे भागलपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में गए थे, तब उन्होंने एक बड़ी अच्छी बात कही थी, उन्होंने कहा था कि 12 वर्ष की आयु से लेकर 18-19 वर्ष का जो समय है, ये शुद्ध युवा का समय है, यूथ का समय है। जितने बच्चे हैं, उनको मेढ़ तोड़कर चलना है, जो मेढ़ तोड़कर नहीं चलते हैं, तो उनके बारे में सोचने की आवश्यकता है कि ये बच्चे युवा हैं कि नहीं हैं। वे दुनिया से अलग हटकर काम करना चाहते हैं। जब तक आप उनको एक पॉजिटिव-वे में देश के प्रति नहीं जोड़ेंगे, अपने समाज के प्रति नहीं जोड़ेंगे, उनको अपने समाज के प्रति क्या करना है, यदि उनकी आवश्यकताओं को उस तरह से नहीं मोड़ेंगे, तो इस देश में केऑस हो जाएगा।

इसीलिए स्पोर्ट्स की आवश्यकता पड़ती है। उस समय उन बच्चों की एनर्जी इतनी हाई होती है कि अगर आप उस समय किसी बच्चे को फुटबॉल खेलने में, किसी को खो-खो खेलने में, किसी को कबड्डी खेलने में, किसी को बैडमिन्टन खेलने में या किसी को टेनिस खेलने में लगा देते हैं तो बच्चे प्रतिस्पर्धा करते हैं। उनको एक-दूसरे से हार और जीत का सुकून होता है। वे हारने पर दुखी होते हैं तो जीतने पर खुश होते हैं, लेकिन हार और जीत एक-दूसरे से दुश्मनी करने में नहीं बदलती है। जब इस तरह से हारने और जीतने का मानसिक प्रभाव बच्चों के शरीर पर पड़ता है, उनके दिमाग पर पड़ता है तो वे स्वस्थ बच्चे भविष्य में देश की ताकत बनते हैं।

चूँकि ऐसा नहीं है कि वे मैडल ही जीतें, ऐसा भी जरूरी नहीं है कि वे देश के लिए खेलें, ऐसा भी जरूरी नहीं है कि वे यूनिवर्सिटी के लिए खेलें, लेकिन जब वे अपनी एनर्जी को फील्ड में एग्जॉस्ट करते हैं तो उनकी जो ताकत होती है, वह देश की ताकत बनती है और हम जो 5 ट्रिलियन या 10 ट्रिलियन इकोनॉमी की बातें करते हैं, उसमें उस ताकत की आवश्यकता होती है।

इस कारण से ही आज यहां पर डिस्कशन हो रहा है। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है, लेकिन मैं आज कुछ समस्याएं देख पा रहा हूँ। मैं अखबारों के माध्यम से पढ़ता हूँ, सांसद होने के नाते जो प्रश्न होते हैं या लोगों से जो जानकारियां मिलती हैं, उसके हिसाब से हमारे देश में जो सबसे बड़ा सवाल है, वह यह है कि फेडरेशन का जो खेल है, वह सरकार की सीमा से बाहर है। फेडरेशन पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। उस फेडरेशन में कौन मैम्बर बनेगा, कौन अध्यक्ष होगा, कौन उपाध्यक्ष होगा और वह फेडरेशन किस आधार पर खिलाड़ियों का सलेक्शन करता है, यह भी सरकार की सीमा के बाहर है। उनका फाइनेंस कहां से आता है तथा उनका मैनेजमेंट कैसे होता है? यहां पर मंत्री जी बैठे हुए हैं। मंत्री जी जवाब देते हुए मुझे इसके बारे में ज्ञान देंगे।

इस सिचुएशन के लिए कई बार प्रयास हुए हैं। चूँकि हम छोटी जगह से आते हैं, ऐसी जगह से आते हैं, जहां बच्चों के लिए ज्यादा सुविधाएं नहीं हैं। वे अमीर बाप के बच्चे नहीं हैं। चाहे क्रिकेट का सवाल हो, हम चाहे महेन्द्र सिंह धोनी से लेकर सचिन तेंदुलकर तक की बात कर लें तो मैं कहना चाहता हूँ कि छोटे-छोटे परिवारों से लोग निकले और उन्होंने देश के लिए काम किया।

सभापति जी, मैं जहां से आता हूँ, वहां आप समझिए कि हॉकी में झारखण्ड के जो बच्चे हैं, वे लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। आर्चरी में लगातार बच्चे आगे बढ़ते रहे हैं, लेकिन कई बार खबर आती है, चूँकि आज फिर ये बातें होंगी कि एक फेडरेशन का सब्जेक्ट है और एक स्टेट का सब्जेक्ट है। इस पार्लियामेंट में हमेशा दो बाते होती हैं कि आप जो कह रहे हैं, वह फेडरेशन का सवाल है या आप जिस स्पोर्ट के लिए कह रहे हैं, वह स्टेट का सब्जेक्ट है। यह हम और आप कानून बनाने वाले समझ सकते हैं, लेकिन जो बच्चे खेल रहे हैं, उनके मन में तो एक आशा है, आकांक्षा है, उत्साह है कि वे इस देश के लिए खेलें।

उन बच्चों के पास न तो अच्छा हॉकी स्टिक है, न अच्छे जूते हैं। झारखण्ड से खबरें आती रहती हैं। हरियाणा जैसा स्टेट तो बहुत काम करता है। गुजरात जैसा स्टेट बहुत काम करता है, क्योंकि उसके पास पैसे हैं, वह पैसे दे रहा है, लेकिन हमारा जैसा राज्य यदि बच्चों के लिए पैसे नहीं दे रहा तो वह जो टैलेंट है, उस टैलेंट का क्या होगा? इवन, हमारे यहां पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी

ऑफ इंडिया के कई ऑर्गेनाइजेशन्स हैं। हजारीबाग में है और एकाध जगहों पर इन्होंने हॉकी के इंस्टिटयूट्स बना रखे हैं। उसके अलावा टैलेंट को कैसे अपने साथ रखे, उनको हम कैसे सुविधा दें, यह झारखण्ड जैसे राज्य में नहीं है। यदि यह सब सरकार नहीं करेगी, फेडरेशन नहीं करेगा तो हम यहां से क्या करने वाले हैं? यदि इसका जवाब मिलेगा तो मुझे लगता है कि यह उन बच्चों के लिए बहुत लाभदायक होगा।

दूसरा सवाल यह है कि भारत सरकार के पास कितना बजट है? हमने बजट को बढ़ाया है। वर्ष 2014 तक तो स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री का मतलब 100 करोड़, 150 करोड़, 200 करोड़ होता था। इसके बाद स्पोर्ट्स और यूथ मिनिस्ट्री का कोई मतलब ही नहीं होता था।

**17.00 hrs**

यहां तक कि जो यूथ हॉस्टल जैसे आर्गनाइजेशन थे, जो चाणक्या पुरी में है, उस पर भी केवल लिखा रहता है कि यह भारत सरकार की मदद से बना हुआ है, लेकिन उस यूथ हॉस्टल की जो पोजिशनिंग है, रखरखाव या मैनेजमेंट है, उसमें भी मिनिस्ट्री ऑफ यूथ का कोई लेना-देना नहीं है। यदि आप दोनों को जोड़ेंगे तो केन्द्र सरकार जो सपोर्ट बेस क्रिएट करती है फेडरेशन के लिए, केन्द्र सरकार सपोर्ट बेस क्रिएट करती है कि ओलम्पिक में तैयारी करने के लिए हम किस तरह के इक्विपमेंट्स दें, किस तरह की सुविधा दें, जिससे बच्चे आगे बढ़ें, कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए जो बच्चे जाएंगे, उनको कैसे सुविधा दें। हमको लगता है कि प्रत्येक चार साल पर खेल होता है, लेकिन सबका जो कैलेण्डर है, मुझे लगता है कि साल-दो साल में कोई न कोई अच्छा खेल आता है, एशियन गेम्स आ जाता है, कॉमनवेल्थ गेम्स आते हैं, ओलम्पिक और वर्ल्ड कप आ जाता है। इनके बाद नेशनल गेम्स हैं, जिनमें स्टेट्स पार्टिसिपेट करती हैं, उससे नीचे यूनिवर्सिटी के गेम्स होते हैं। यह जो कैलेण्डर है, इसमें हम साल भर किस तरह स्टेट के कोच को अपने साथ रखते हैं, प्राइवेट कोच को अपने साथ रखते हैं, केन्द्र के कोच को अपने साथ रखते हैं, केन्द्र के इंस्टीट्यूट का क्या रोल होता है, फेडरेशन के इंस्टीट्यूट का क्या रोल होता है और स्टेट के कोच या फेडरेशन का क्या रोल होता है, इनके बारे में कोई क्लैरिटी नहीं है। यदि यह क्लैरिटी नहीं होगी तो हम पैसा कुछ

भी खर्च करते रहें, उस दिन हम प्रश्न में बहुत चर्चा करते हुए कह रहे थे कि इतना दिन हो गया, हमने ये 10 पदक लिये, 13 पदक लिये, हमने 14 पदक लिये। मैं आपको बताना चाहूंगा कि इस बार माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रयासों के कारण हमने ओलम्पिक में भी बहुत अच्छी संख्या में पदक लिये और हम पैराओलम्पिक में भी बहुत अच्छा करके आए। अभी जो कॉमनवेल्थ गेम्स चल रहा है, उसमें लगातार हमारे बच्चे-बच्चियां गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल्स जीत रहे हैं, भारत का नाम बहुत आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन यह जो क्लैरिटी नहीं है, उसकी वजह से जब मेडल्स की टैली आती है, उसमें 130 करोड़ लोगों का यह देश पीछे रह जाता है। ठीक है, लिगेसी प्राब्लम है, 70 साल से हमने जिस तरह का भ्रष्टाचार देखा है और सारी चीजों में भ्रष्टाचार देखा है, वह अभी नेहरू स्टेडियम बनते हुए नजर आया था। मैं अनुराग सिंह ठाकुर जी का धर्मशाला का स्टेडियम देखने के लिए गया, वहां 50 करोड़ रुपये में उन्होंने खूबसूरत स्टेडियम बनवाया है। यदि किसी को देखना हो, मुझे वहां खेलने का भी मौका मिला है और संसद की टीम का मैनेजर होने के नाते, एक प्लेयर होने के नाते मैं वहां खेलता रहा हूं। 50 करोड़ रुपये में एक खूबसूरत स्टेडियम धर्मशाला में बना है। अगर आप देखेंगे तो 1100 करोड़ रुपये या 1200 करोड़ रुपये खर्च करके हमने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए यहां नेहरू स्टेडियम बनाया है। इतना बड़ा करप्शन होता रहा है।

पीएसी का मेंबर होने के नाते मैंने सीडब्ल्यूजी की पूरी फाइलें खंगाली हैं कि किस तरह से एक मंत्री ने कह दिया कि हमें कॉमनवेल्थ गेम्स करना ही नहीं है और अन्त में जब दो साल बचे, तब यह कहा गया कि हमें वारफूटिंग पर काम करना है, हमें यह गेम करना ही है, इस तरह से सारी जगहों पर करप्शन करके, हम कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट कर सकते थे, जो एशियन गेम्स का बेस हो सकता था, जो ओलम्पिक्स का बेस हो सकता था, उन चीजों से हम महरूम हो गए। मेरा यह कहना है कि अंतिम समय में हम जो काम करते हैं, क्या हम एक ऐसा कैलेण्डर बना सकते हैं, जिसमें फेडरेशन को क्या काम करना है, स्टेट को क्या काम करना है, सेंटर को क्या काम करना है। मैं फिर माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मंत्री जी और आप सभी को बधाई देना चाहता हूं कि आप यहां वर्ल्ड चेस ओलम्पिक कराने में सक्सेसफुल हुए, जिसका

उद्घाटन करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी गए। इस तरह की जो अपॉर्चुनिटी आपको मिल रही है, फुटबॉल में भी एक नई अपॉर्चुनिटी आपको मिलने वाली है, तो उसमें हम कहां-कहां इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करें। यह केवल दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बैंगलूरू में है, क्योंकि आपके खिलाड़ी शहरी क्षेत्र से ज्यादा हैं। मैं एक चीज को हमेशा मानता हूं कि यदि पेट में भूख नहीं हो और मन में आग नहीं हो तो कोई आदमी आगे नहीं बढ़ सकता। मैं यह नहीं कह रहा हूं बड़े परिवारों के बच्चे आगे नहीं बढ़ते हैं, बढ़ते हैं, लेकिन मैक्सिमम लोग, पूरी दुनिया में ऐसे उदाहरण हैं कि चाहे बिल गेट्स बढ़ते हुए नजर आएं, चाहे यहां धीरूभाई अम्बानी बढ़ते हुए नजर आएं, चाहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब राष्ट्रपति बनते हुए नजर आएं या माननीय प्रधानमंत्री जी चाय बेचते हुए यहां देश के प्रधानमंत्री बनते हुए नजर आएं, जिस आदमी के पेट में भूख होगी, वह आगे बढ़ता है। विद्यार्थी के लिए यह हमेशा कहा भी गया है, चाहे कोई भी खिलाड़ी हो या हम जो लोग यहां आते हैं, विद्यार्थियों के लिए एक बहुत अच्छा श्लोक है। सभापति महोदय, आपको भी ध्यान होगा :

"काक चेष्टा, बको ध्यानम्, श्वान निद्रा तथैव च ।
अल्पाहारी, गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणम्।।"

किसी में ये पांच लक्षण हों, जिसमें कौवे की तरह चेष्टा हो, जिसमें बगुले की तरह ध्यान हो, जिसमें कुत्ते की तरह निद्रा हो, जो अल्पाहारी हो, जो ग्रहत्यागी हो, वही विद्यार्थी होता है और वही विद्यार्थी सक्सेसफुल होता है, जीवन में वही लोग आगे बढ़ते हैं। इसलिए पेट की भूख का मतलब गरीबी से नहीं है, पेट की भूख का मतलब है कि उसमें बढ़ने की क्षमता है, उसमें देश के लिए कुछ कर गुजरने का सामर्थ्य है।

इसी कारण से आज हमने जो तिरंगा यात्रा की, उसमें भी यही था कि उन लोगों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, जिनको किसी चीज की इच्छा और आकांक्षा नहीं थी। उनमें केवल यह था कि अंग्रेजों को भारत से निकालना है और इस देश को स्वतंत्र और आजाद करना है।

सभापति महोदय, मेरा यह कहना है कि छोटी-छोटी जगहों से जो बच्चे आते हैं, जिनमें टैलेंट है, उस टैलेंट पूल के लिए क्या हम कोई ऐसी पॉलिसी बना सकते हैं, जैसे हम झारखण्ड से आते हैं तो वहां हॉकी में पुरुष और महिला के लिए काम कर सकते हैं।

हमारा आर्चरी विषय होता है या हरियाणा में पहलवान होते हैं, मुक्केबाजी में नार्थ-ईस्ट के लोग होते हैं। जैसे आज रेलवे के लिए स्पेसिफिक गति शक्ति विश्वविद्यालय बना, उसी तरह से मणिपुर में स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी बनाई गई है।

यह ठीक है कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने बहुत कुछ किया है, लेकिन अभी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है, जिससे हम देश-दुनिया में अपने आपको कैसे अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, रूस इन सभी से मुकाबला कर पाएं, खासकर चीन से, क्योंकि सबसे ज्यादा थ्रेट सभी खेलों में चीन से ही नजर आता है। हमें 130-135 करोड़ के देश में अच्छे खिलाड़ी पैदा करने हैं, वर्ल्ड क्लास के खिलाड़ी पैदा करने हैं और एक ऐसी सिचुएशन लानी है, जिसमें भारत नंबर वन हो।

महोदय, जिस तरह से हम इकोनॉमी में आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं और यदि ऐसा समय आया तो पांच, दस, पन्द्रह साल के बाद हम दुनिया के विश्व गुरू बनेंगे। इकोनॉमी में माननीय निर्मला सीतारमण जी ने माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जो किया है, वे निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। क्या स्पोर्ट्स में कोई लॉन्ग टर्म पॉलिसी लेकर आ सकते हैं और कैसे प्राइवेट फण्डिंग के साथ सरकार की फण्डिंग आगे बढ़ा सकते हैं? यदि इस सोच के बारे में हम आगे बढ़ें तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। आपने मुझे बोलने के लिए वक्त दिया, इन्हीं शब्दों के साथ जय हिन्द, जय भारत।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा) :** सभापति महोदय, धन्यवाद, क्योंकि आपने मुझे नियम 193 पर खेल और युवा मंत्रालय के मामले पर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका दिया। अभी मुझसे पहले वरिष्ठ साथी निशिकांत दुबे जी ने बहुत अच्छी बातें की हैं कि किस तरीके से हमें खेलों को आगे बढ़ाना चाहिए।

महोदय, यह सच्चाई है कि इस देश में जो फेडरेशन का रोल है और सरकार का रोल है, उसमें कई जगह कंट्राडिक्शन्स हैं। मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि नेपोटिज्म कई सारी फेडरेशन्स में है। यह रिकॉर्ड पर है। सुप्रीम कोर्ट तक में ये मामले गए, लेकिन उसका कोई हल नहीं निकला है। एक तरीके से फेडरेशन्स के ऊपर जो लोग बैठे हैं, हम काफी समय से रिफॉर्म्स की बात सुनते आ रहे हैं, लेकिन कितना हुआ, कितना हो पाएगा, मुझे नहीं मालूम है। लेकिन यह बात हकीकत है कि देहात, गांव, ग्रामीण आंचलों से जो लोग आते हैं, उनके अंदर प्रतिभा कहीं ज्यादा होती है। मैं यह रिकॉर्ड पर कह रहा हूं कि फेडरेशन्स के अंदर जो नेपोटिज्म है, अगर उसको न्यूट्रलाइज करके जितनी सुविधाएं एक सेक्शन को दी जाती हैं, उनके बच्चों को दी जाती हैं, अगर उसकी एक चौथाई सुविधाएं उन गांव, देहात के नौजवानों को दे दी जाएं तो मैं समझता हूं कि भारत का ओलम्पिक्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में जो रिकॉर्ड होगा, वह कई गुना बढ़ जाएगा।

उन्होंने बहुत अच्छी बात कही है कि आज सरकार की तरफ से आयोजन किया गया, आजादी के इस अमृत महोत्सव के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुझे इस बात की खुशी है कि जिन्होंने आजादी की स्वर्ण जयंती पर, जो गोल्डन जुबली सेलेब्रेट हो रही थी, उस वक्त अपने मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया था, कम से कम आजादी के अमृत महोत्सव पर, …*…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आरएसएस की बात कार्यवाही में नहीं जाएगी।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप विषय पर बोलिए।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** महोदय, आजादी के अमृत महोत्सव पर कम से कम तिरंगा फहराया जाएगा।…(व्यवधान)

---

* Not recorded

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सभापति महोदय, यह गलत बोल रहे हैं।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी कुछ कह रहे हैं।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय**,** माननीय सदस्य को चर्चा करते समय, कोई ऐसे संगठन का नाम नहीं लेना चाहिए, जिसका यहां कोई रिलेशन नहीं है। ये लगातार ऐसे संगठन का नाम ले रहे हैं, जो राष्ट्र भक्त संगठन है, जो देश भक्त संगठन है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** नहीं, नहीं, उसको कार्यवाही से निकाल दीजिएगा।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप ऐसा नहीं कीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** खेल पर चर्चा हो रही है, तो ये ऐसा नाम क्यों ले रहे हैं?…(व्यवधान) यह इरेवेलेंट टॉक है। इसको कार्यवाही से निकालिए।…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** सभापति महोदय, मैं अपनी बात कर रहा हूं।…(व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** सभापति महोदय, इरेवेलेंट टॉक को रिकॉर्ड से हटाइए।…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** महोदय, मुझे अपनी बात कहने दीजिए। मैंने क्या गलत कहा है?…(व्यवधान) उस संगठन से प्रधान मंत्री जी जुड़ कर आए हैं। उस संगठन से मेजॉरिटी इस सदन के अंदर बैठी **है।** मैंने क्या गलत कह दिया है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैं दूसरे वक्ता का नाम ले लूंगा।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** दानिश अली जी, मैं अगला नाम पुकारूंगा।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** नो।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** सभापति महोदय, तिरंगा यात्रा की बात इन्होंने शुरू की है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सत्यपाल सिंह जी।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** सभापति महोदय, मैंने अभी अपनी बात शुरू की है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** नो, नो।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** सभापति महोदय, …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

…(व्यवधान)…*

**माननीय सभापति :** Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)…*

**माननीय सभापति :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**[کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، کیونکہ آپ نے مجھے رول 193پر کھیل اور یوا منترالئے کے معاملے پر ہو رہی بحث میں بھاگ لینے کا موقع دیا۔ ابھی مجھ سے پہلے ہمارے سینئر ساتھی، نشی کانت دوبے جی نے بہت اچھی باتیں کہیں کہ کس طرح سے ہمیں کھیلوں کو آگے بڑھانا چاہئیے۔**

**جناب، یہ سچائی ہے کہ اس ملک میں جو فیڈریشن کا رول ہے، اور سرکار کا رول ہے، اس میں کئی جگہ کنٹراڈِکشنس ہیں۔ مجھے یہ کہنے میں کوئی گُریز نہیں ہے کہ نیپوٹِزم کئی ساری فیڈریشنس میں ہے۔ یہ ریکارڈ پر**

* Not recorded

ہے۔ سپریم کورٹ تک میں یہ معاملے گئے، لیکن اس کا کوئی حل نہیں نکلا ہے۔ ایک طریقے سے فیڈریشنس کے اوپر جو لوگ بیٹھے ہیں، ہم کافی وقت سے ریفارمس کی بات سُنتے آ رہے ہیں، لیکن کتنا ہوا، کتنا ہو پائے گا، مجھے نہیں معلوم ہے۔ لیکن یہ بات حقیقت ہے کہ دیہات، گاؤں، گرامین آنچلوں سے جو لوگ آتے ہیں، ان کے اندر ٹیلینٹ کئی زیادہ ہوتا ہے۔ میں یہ ریکارڈ پر کہہ رہا ہوں کہ فیڈریشنس کے اندر جو نیپوٹِزم ہے، اگر اس کو نیوٹرلائز کرکے جتنی سہولیات ایک سیکشن کو دی جاتی ہیں، ان کے بچوں کو دی جاتی ہیں، اگر اس کی ایک چوتھائی سہولیات ان کے گاؤں، دیہات کے نوجوانوں کو دے دی جائیں تو میں سمجھتا ہوں کہ بھارت کا اولمپکس اور کامن ویلتھ گیمس میں جو ریکارڈ ہوگا، وہ کئی گُنا بڑھ جائے گا۔

انہوں نے بہت اچھی بات کہی ہے کہ آج سرکار کی طرف سے آیوجن کیا گیا، آزادی کے اس امرت مہوتسو کے اُپلکش میں ترنگا یاترا نکالی گئی۔ مجھے اس بات کی خوشی ہے کہ جنہوں نے آزادی کی سورن جینتی پر جو گولڈن سیلیبریٹ ہورہی تھی اس وقت ان کے ہیڈ کوارٹر پر ترنگا نہیں پھیرایا تھا، کم سے کم آزادی کے امرت مہوتسو پر (کاروائی میں شامل نہیں کیا گیا) ۔ جناب، آزادی کے امرت مہوتسو پر کم سے کم ترنگا پھیرایا جائے گا۔

چیرمین صاحب، میں اپنی بات کر رہا ہوں۔ (مداخلت) جناب، مجھے اپنی بات کہنے دیجیئے۔ میں نے کیا غلط کہا ہے؟ (مداخلت) اس سنگٹھن سے وزیرِ اعظم جُڑ کر آئے ہیں۔ اس سنگٹھن سے میجوریٹی اس ایوان میں بیٹھی ہے۔ میں نے کیا غلط کہہ دیا۔ (مداخلت)

**چیرمین صاحب، ترنگا یاترا کی بات انہوں نے شروع کی ہے۔ (مداخلت) جناب، میں نے اپنی بات شروع ہی کی ہے-- (ختم شد)]**

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत):** सभापति महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं, आपका आभार व्यक्त करता हूं कि नियम 193 के तहत युवा और खेल के बारे में यहां जो चर्चा हो रही है, इस पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है।

**कुंवर दानिश अली :** सभापति महोदय,…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

…(व्यवधान)… *

**माननीय सभापति :** कृपया आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** केवल माननीय सत्यपाल सिंह जी की ही बात रिकॉर्ड में जाएगी।

…(व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली :** सभापति महोदय, क्या इस सदन में कोई रूल है या नहीं है?…(व्यवधान)

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** सभापति महोदय, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि इस सदन में हम सभी लोग सरकार के स्तर पर सभी प्रकार की योजना बनाते हैं और जीवन का जो लक्ष्य है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** इनका कुछ रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है। केवल सत्यपाल सिंह जी की ही बात रिकॉर्ड में जा रही है।

…(व्यवधान)…*

**माननीय सभापति :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

* Not recorded

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** सभापति महोदय, हरेक व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य, शिक्षा का लक्ष्य होता है कि उनको जीवन में सुख-शांति और समृद्धि मिले। यह हर मानव का लक्ष्य होता है।...(व्यवधान) जब हम युवाओं के बारे में बात करते हैं, तो यह लिखा हुआ है कि इस देश का युवा किस प्रकार का बने, उनको सुख-शांति और समृद्धि मिले, उनको जीवन में खुशी मिले और आजादी के इस अमृत महोत्सव के समय में, 75 वर्ष होने के बाद, इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने देश के लिए कहा है कि इस देश को विश्व गुरु बनाना है। देश के लिए जो अगले 25 वर्ष हैं, वह अमृतकाल है। अगर इस देश में अमृतकाल है, तो हम किस प्रकार का संदेश अपने युवाओं को देना चाहते हैं, इस देश में हम किस प्रकार के नागरिक तैयार करना चाहते हैं, यह हमारे सामने एक बहुत बड़ा प्रश्न है। मैं खेलों से पहले युवाओं से संबंधित अपने कुछ विचार रखना चाहता हूं। अगर हमें किसी चीज की लंबाई नापनी है, तो इस लंबाई के लिए इंच, मीटर और किलोमीटर है, हमें वजन करना है, तो हम वजन किलोग्राम, मन, क्विंटल और टन में करते हैं, लेकिन अगर हमें अपने जीवन की खुशी नापनी हो, जिसका कोई पैमाना है या नहीं, कई बार यह प्रश्न पैदा होता है। कौन आदमी कितना खुश है, यह समाज कितना खुश है या देश कितना खुश है, इस बात का हमारे पास क्या पैमाना है? अलग-अलग फील्ड के जो शास्त्रज्ञ हैं, उनसे पूछें, जो मैनेजमेंट के गुरू हैं, जो इस विषय पर भाषण देते हैं कि आदमी के आनंद-खुशी का पैमाना क्या है?

इस बात का जवाब उनके पास नहीं है कि आदमी की खुशी का जवाब क्या हो, लेकिन जब हम लोग अपने देश की संस्कृति, जो लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है, लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारे शास्त्रकारों ने इस बात का जवाब दिया कि देश के जो युवा हैं, समाज के जो युवा हैं, वे कैसा बनें, तो उन्होंने कहा- 'युवस्य साधु:, युवा अध्यापके।' वह आशिष्ट हो, दर्दिष्ट हो, बलिष्ट हो। 'तस्यम् पृथ्वी:, सर्वाभितस्य पूर्णासात्, स: एको: मानुस्य: आनन्द:।' आनन्द की इकाई क्या है, उसे नापने का तरीका क्या है, तो उन्होंने कहा कि समाज का, देश का जो युवा होगा, वह चरित्र का धनी होना चाहिए। वह अच्छे कैरेक्टर का होना चाहिए, वह बहुत अच्छा पढ़ने वाला होना चाहिए, बहुत विद्वान और ज्ञानी होना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने कहा- 'आशिष्ट हो, दर्दिष्ट हो, बलिष्ट हो।' वह दृढ़

प्रतिज्ञ होना चाहिए। जीवन में जिसको कुछ करना है, उसको प्रगति करना है, तरक्की करना है और वह हर प्रकार से बलिष्ट होना चाहिए। वह शरीर से बलिष्ट हो, मानसिक रूप से बलिष्ट हो, आत्मिक रूप से बलिष्ट हो। वे कहते हैं कि अगर इस प्रकार का युवा ये देश, समाज तैयार करेगा, तो निश्चित रूप से न केवल भारत वर्ष में, बल्कि पूरी दुनिया में, सापितस्य पूर्णासात्, जिसे कहते हैं कि पृथ्वी पर कितना आनन्द है, स: एको: मानुस्य: आनन्द:, वह आनन्द की एक इकाई है। इस देश के अन्दर और दुनिया के अन्दर हम सब प्रकार की योजनाएं बनाते हैं, प्लानिंग करते हैं, लेकिन क्या हमारे पास मानव-निर्माण की योजना है या नहीं, इसके बारे में हम लोग बहुत कम विचार करते हैं। हमारी शिक्षा कैसी हो, हमारे खेल कैसे हों, क्या हम अपने देश में इस प्रकार के युवा, इस प्रकार के मानव का निर्माण कर सकते हैं? मुझे लगता है कि खेल और युवा मामले के माननीय मंत्री जी को भी इस विषय में ध्यान देने की जरूरत है। हमें किस प्रकार के युवा चाहिए, उनके लिए किस प्रकार की शिक्षा चाहिए, उनके लिए किस प्रकार का माहौल चाहिए? मैं कई बार कहता हूँ कि अगर पढ़े-लिखे लोग बार-बार बीमार होते हैं, तो मुझे डाउट होता है कि वे कितने पढ़े-लिखे हैं। अगर हम अपने आपको स्वस्थ नहीं रख सकते हैं, क्या हमारे बच्चों को आज सिखाया जाता है कि हम स्वस्थ कैसे रहें? स्वस्थ रहने के लिए केवल खेल जरूरी नहीं है, मात्र एक्सरसाइज जरूरी नहीं है। केवल इनसे ही कोई स्वस्थ नहीं रह सकता है। खेल भी जरूरी है, लेकिन स्वास्थ्य के लिए और बहुत-सी बातें जरूरी हैं। हमें इस बात के लिए ज्यादा रिसर्च करने की जरूरत नहीं है, हजारों-लाखों वर्षों से जो रिसर्च होते आए हैं, हमारे देश के ऋषि-मुनि जो रिसर्च करते आए हैं, उन्होंने जो लिखा है, हमारे ऋषि-मुनियों की एक-एक बात, जिसे कहते हैं- उपदेशो शब्द:। उनकी एक-एक शब्द सत्य था क्योंकि वे मजाक में भी कभी झूठ नहीं बोलते थे। उन्होंने जो कुछ लिखा, वह न केवल भारतवर्ष के लिए लिखा, बल्कि सारी मानवता के लिए लिखा। उन्होंने लिखा कि अगर स्वस्थ रहना है, तो उसके लिए तीन बातें बहुत जरूरी हैं। हम लोग किस प्रकार का खाना खाएंगे, किस प्रकार से सोएंगे और जागेंगे और हम लोग किस प्रकार का व्यायाम करेंगे। इसलिए हम लोग जब खेलों के बारे में बात करते हैं, तो मैं अपने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का भी धन्यवाद करता हूँ, उनका

आभार व्यक्त करता हूँ कि जब से वे प्रधानमंत्री बने हैं, इस देश में खेल के लिए एक नये प्रकार का वातावरण, एक नये प्रकार की परिस्थिति तैयार हुई है। हम लोग 'खेलो इंडिया' के माध्यम से गांव-गांव और प्रदेश-प्रदेश जा रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले प्रत्येक सांसद ने अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल प्रतियोगिता का अयोजन किया।

माननीय सभापति महोदय, जो सांसद निधि होती है, मैंने कहा है कि इस बार मेरी पूरी सांसद निधि मेरे लोक सभा क्षेत्र बागपत में केवल खेलों के ऊपर खर्च की जाए।

मैं कह रहा था कि खेलों के बारे में हम लोग करें तो क्या करें। जैसा कि हमारे श्री निशिकांत दुबे जी कह रहे थे कि इस प्रकार की एक नीति बनाने की जरूरत है, हमारे बहुत-से ऐसे बच्चे हैं, जो शहरों में नहीं आ पाते, वे गांवों में ही रहते हैं, हमारी जो योजनाएं हैं, वे उन तक पहुंच नहीं पाती हैं, उनको इसके बारे में मालूम नहीं चल पाता है। लेकिन टैलेंट का जो स्काउटिंक करना है, उसको पता है कि यह कैसे किया जाए। इसलिए गांवों में यह पता करने के लिए हरेक गांव में, जिस क्षेत्र में जो भी खेल लोकप्रिय है, उसके अन्दर प्रतियोगिता ऑर्गेनाइज की जाए, तो निश्चित रूप से जब वहाँ के बच्चे उसमें भाग लेंगे, तो वे निखरकर आएंगे, जिससे आगे चलकर वे निश्चित रूप से उसमें आगे बढ़ेंगे।

मैं यह कहता हूं कि खेल एक ऐसी चीज है, जो स्वास्थ्य भी देती है, सम्मान भी देती है और आजकल के जमाने में वह रोजगार भी देती है, स्टेटस भी देती है। इसलिए आजकल के बच्चों में इस बात के प्रति भावना उत्पन्न करना आवश्यक है, ताकि वे अच्छे खिलाड़ी बन सकें। इसके लिए हम लोग एक विशेष नीति तैयार करें, जिससे विशेष रूप से जो इंटीरियर एरियाज हैं, जो ग्रामीण एरियाज हैं, जो तथाकथित आदिवासी और वनवासी एरियाज हैं, हम वहां के बच्चों को किस प्रकार खेलों की ओर लेकर आएं, इस बात के बारे में विचार करने की हमें बहुत जरूरत है।

मुझे याद आता है, कई वर्ष पहले मैंने पढ़ा था कि जर्मनी में साल भर में एक ऐसा दिन आता है, जब पूरी जर्मनी के लोग, बच्चे से लेकर बूढ़े तक, हर कोई उस दिन दौड़ लगाता है। पूरा का पूरा देश दौड़ लगाता है, इससे जर्मनी के अंदर खेलों के बारे में सब लोगों में बहुत अच्छी भावना पैदा

हुई। हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी है, लेकिन आजकल के जमाने में क्रिकेट और दूसरे खेलों का बहुत महत्व बढ़ गया है। हर एक खेल का महत्व है, लेकिन हमारा जो राष्ट्रीय खेल है, जिसे हम हॉकी कहते हैं या तो हम उस राष्ट्रीय खेल का नाम बदलें और दूसरे किसी खेल का नाम रखें। अगर हम हॉकी को अपना राष्ट्रीय खेल मानते हैं, तो हॉकी को भी गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत है। उसके बारे में हमें निश्चित रूप से एक योजना बनाने की जरूरत है।

सभापति महोदय, मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं। मेरा लोक सभा क्षेत्र बागपत है। खेलों के बारे में, विशेष रूप से शूटिंग के क्षेत्र में पूरे देश को लगभग 50 प्रतिशत बच्चे अकेला बागपत देता है। माननीय मंत्री जी को भी शायद इस बात का आलोक होगा कि शूटिंग के खेल में मेरे क्षेत्र से इतने बच्चे आते हैं। मैं भी 25-30 वर्षों से शूटिंग के क्षेत्र से जुड़ा हुआ हूं। बागपत छोटा सा जिला है, वहां कुश्ती में छः अर्जुन अवॉर्डीज हैं। हमारे यहां बॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल और आर्चरी है। पूरे देश के अंदर आर्चरी के, जिसमें धनुष-बाण सिखाते हैं, शायद उसके दो सेंटर्स होंगे, जिनमें से एक सेंटर हमारे यहां बागपत में है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपके यहां शूटिंग में दादी भी हैं।

… (व्यवधान)

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** हां सर, शूटिंग में दादी भी हैं, आप बिलकुल ठीक कह रहे हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों की उम्र तक, दादी की उम्र तक, सब लोग शूटिंग में पार्टिसिपेट करते हैं, प्रतिभागी बनते हैं। वहां इसका माहौल है और जगह-जगह स्कूल-कॉलेजों के अंदर इस प्रकार के शूटिंग रेंज बने हुए हैं। इन खेलों के देश भर में एथलीट्स हैं, लेकिन हमारे बच्चों के पास कोई सुविधा नहीं है। इसलिए, बागपत के बच्चे ज्यादातर हरियाणा जाते हैं, पंजाब जाते हैं और वहां जाकर प्रशिक्षण/ट्रेनिंग लेते हैं।

पिछले कई वर्षों से, जब से मेरे क्षेत्र के लोगों ने अपना आशीर्वाद देकर मुझे यहां, संसद में भेजा है, मैं इस बात की मांग करता रहा हूं कि बागपत के अंदर एक राष्ट्रीय खेल संस्थान बनाया जाए, वहां राष्ट्रीय खेल संस्थान बनाए जाने की जरूरत है। यह केवल बागपत के लिए ही काम नहीं आएगा, आसपास का हरियाणा का जो क्षेत्र है, उसके भी काम आएगा। आसपास के जो जिले हैं,

उनके लिए भी काम आएगा। आपने मुझे बोलने का जो मौका दिया है, उसमें मैं अपने प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और देश के माननीय प्रधान मंत्री जी का भी आभार व्यक्त करता हूं कि हमारे प्रदेश की सबसे पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, सभापति जी, आपके यहां मेरठ में बन रही है। इसके लिए मैं आपका भी अभिनंदन करता हूं, उसमें आपका भी प्रयत्न रहा है। मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री जी का भी अभिनंदन करता हूं कि मेरठ में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई जा रही है। मैं ऐसे ही खेल संस्थान की बागपत के लिए भी मांग करता हूं कि वहां भी एक ऐसा संस्थान बनाया जाए। आपने सुना होगा, डॉ. निशिकांत दुबे जी कह रहे थे कि 130 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में हम लोगों को जो मेडल्स मिलते हैं, जो पदक मिलते हैं, क्या उनसे हम सैटिस्फाइड हैं, संतुष्ट हैं? कोई भी उनसे संतुष्ट नहीं हो सकता। छोटे-छोटे देश, जिनकी जनसंख्या एक-दो करोड़ है, वे हमसे ज्यादा पदक लेते हैं। इसके पीछे क्या कारण है? मैंने इसके बारे में जानने की कोशिश की है। इसका कारण है कि वहां बच्चों को पांच-छ: साल की उम्र से ही खेलों में डाला जाता है, उनका कैरियर बनाया जाता है, सरकार उस पर खर्च करती है, समाज उस पर खर्च करता है और परिवार उन बच्चों पर ध्यान देता है। इसलिए मुझे लगता है कि हम लोगों को भी इस विषय पर ध्यान देने की जरूरत है। सभापति महोदय, मैं पुन: आपको धन्यवाद देता हूं। मैं एक बात कहकर अपनी बात को समाप्त करता हूं। मैं चूंकि पुलिस में रहा हूं, इसलिए मैं कई बार इस बात को क्वोट करता हूं कि दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े-बड़े शहरों के अंदर या मेरठ जैसे छोटे शहरों के अंदर जितने मर्डर्स, जितनी हत्याएं होती हैं, उनसे लगभग छ: गुना आत्महत्याएं होती हैं।

सभापति जी, इसका मतलब यह है कि हम लोग इसमें असफल हो गए हैं कि हम अपने बच्चों को यह सिखा नहीं पाए कि इस मानव जीवन की क्या कीमत है। ऐसा भी नहीं है कि केवल अनपढ़ लोग ही आत्महत्या करते हैं, पढ़े-लिखे लोग डाक्टर्स, इंजीनियर्स आदि पढ़े-लिखे लोग भी आत्महत्या करते हैं। आज युवा एवं खेल मंत्रालय को इस बात पर सोचने की आवश्यकता है कि हमारे युवा क्यों आत्महत्या करते हैं। यदि उन्हें जरा-सी टेंशन हो जाए, तो वे आत्महत्या कर लेते हैं।

इन आत्महत्याओं और अपराध से लोग बचें, इसके लिए कुछ करने की जरूरत है। जैसा मैंने कहा था कि हमारे पास हर प्रकार की योजनाएं हैं। हमारे पास स्कूल, रोड, अस्पताल, अच्छी बिल्डिंग्स बनाने की योजनाएं हैं लेकिन मानव निर्माण करने की योजना हमारे पास नहीं है। हम मानव निर्माण की योजना बनाएं और एक अच्छा नागरिक, एक अच्छा युवा कैसे तैयार कर सकें, इस विषय पर हमें बहुत गंभीर विचार करने की जरूरत है।

सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका विशेष आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री विजय कुमार (गया):** सभापति जी, नियम 193 के तहत भारत में 'खेलो इंडिया' के अंतर्गत खेलों के संवर्द्धन के लिए उठाए गए कदमों पर हो रही चर्चा में भाग लेने के लिए मैं अपनी पार्टी की तरफ से समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, आज खेल के बारे में कई साथी बोल रहे थे। इस विषय के संबंध में मैं अपनी बात रखना चाहता हूं। भारत सरकार, माननीय प्रधान मंत्री जी ओलम्पिक खेलों के दौरान सभी खिलाड़ियों के निरंतर सम्पर्क में रहे और इसका परिणाम हुआ कि भारत ने खेलों में मैडल जीते। बिहार में माननीय नीतीश जी ने भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक में स्टेडियम बनाने का संकल्प लिया और बना भी रहे हैं। आज खिलाड़ियों के सम्मान के संबंध में माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो कदम उठाए हैं, वे काफी सराहनीय हैं और उसका परिणाम यह रहा कि वे अच्छी तरह खेले तथा उनका मान-सम्मान भी बढ़ा। खिलाड़ियों ने काफी उत्साह से ओलम्पिक खेलों में भाग लिया और काफी मैडल जीतकर आए। हाल ही में जो खेल हुए हैं, उनका भी अच्छा रिजल्ट रहा है। कई खिलाड़ी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन उनके साथ भी माननीय प्रधान मंत्री जी संपर्क बनाए रहे कि वे फिर से बिना किसी दबाव के खेलें और बेहतर प्रदर्शन करें। इसका परिणाम हुआ कि प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से खिलाड़ी मैडल जीतकर आए। महोदय, कई साथी लोकल खेलों के बारे में बता रहे थे। बिहार में भी कई ऐसे खेल हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी खेले जाते हैं और उन खेलों में बहुत अच्छा प्रदर्शन खिलाड़ियों का रहता था। ऐसे खेलों में किसी प्रकार की प्रतिद्वंदिता नहीं होती है, चाहे उनमें कैसे भी संबंध हों। लेकिन

जब खेल की बात आती है तो सभी एकजुटता के साथ खेलते हैं। जब हम छोटे-छोटे थे तब कबड्डी, गुल्ली डंडा आदि खेल बहुत प्रचलित थे। हमने हाल ही में अपने संसदीय क्षेत्र गया में फुटबाल टूर्नामेंट कराया था और बहुत अच्छा रहा। हम बहुत गरीब परिवार 'माझी' से आते हैं। हमारा बहुत पिछड़ा समाज है। उन्होंने भी बहुत अच्छा खेला और उसका परिणाम भी अच्छा रहा। हम चाहते हैं कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी जैसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं, उसी तरह से 'खेलो इंडिया' को केंद्र ही नहीं, बल्कि सभी राज्यों को इसमें शामिल करते हुए जो ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ी हैं, जो अच्छा खेलते हैं, उन्हें मान-सम्मान देने की आवश्यकता है, उन्हें प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

जो ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी हैं, उनको शहर में जाने के बाद प्रशिक्षण लेना पड़ता है और काफी खर्च होता है तथा उसको कम संसाधन मिलते हैं। अत: मैं चाहता हूं कि हर जिले में संसाधन मुहैया कराए जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित हों और हम तथा भारत उसका लाभ उठाए। चूंकि भारत एक ऐसा देश है, जिसकी संस्कृति और विचाराधारा खेल के प्रति अच्छी है और मैं समझता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी की जो सोच है, उससे काफी फायदा हुआ है और हमारा देश काफी आगे बढ़ा है। आज जो चर्चा होती है कि भारत खेल में काफी पीछे है, अगर आज से 50-60 साल पहले खेल को बढ़ावा मिलता, पूरी दुनिया में भारत एक नंबर पर रहता और माननीय मोदी जी के नेतृत्व में आज भी भारत आगे बढ़ रहा है और निश्चित तौर पर और भी आगे बढ़ता रहेगा। चाहे खेल हो, चाहे विकास हो, चाहे रोड का मामला हो, आधारभूत संरचना हो, भारत आगे बढ़ रहा है और आगे बढ़ता रहेगा। इन शब्दों के साथ मैं अपने वक्तव्य को समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि नियम-193 के अंतर्गत भारत में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए, खिलाड़ियों के संवर्द्धन के लिए तथा किस तरह से दुनिया की पदक तालिका में हम भारत को सर्वोच्च स्थान दिला सकें, इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेने हेतु आपने अवसर दिया। महोदय, आज इस सदन में स्पोर्ट्स पर चर्चा हो रही है

और स्पोर्ट्स की चर्चा में भाग लेते हुए हमारा आज नैतिक दायित्व और कर्तव्य बनता है कि हम केवल देश के खिलाड़ियों के बारे में, खेल के प्रोत्साहन के बारे में बात करें, लेकिन उससे इतर बातें हुईं। मैं भी स्पोर्ट्समैन रहा हूं और मुझे भी इस बात का दुख है। मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछले दिनों ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स या किसी भी टूर्नामेंट में कब टीम जाती थी, कब लौट आती थी, शायद देश को इस बात का अहसास भी नहीं होता था, लेकिन अगर आज हम भारत के सर्वोच्च सदन में खेलों के प्रोत्साहन पर चर्चा कर रहे हैं, तो यकीनन यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जहां हम और खेलों को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं, वहीं अभी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के खिलाड़ियों ने अब तक 13 मेडल हासिल किए हैं। मैं इस सदन के माध्यम से उन खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। भारत को 5 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल और 3 ब्राँज मेडल कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में अभी तक प्राप्त हुए हैं। महोदय, यह ऐसे नहीं होता है। सदन में कही गयी यह बात बिल्कुल सही है कि दुनिया के दूसरे देशों में बचपन से ही टैलेंट की खोज होती है और उस टैलेंट सर्च के बाद बच्चों का ट्रॉयल होता है, जिसके बाद सरकार उनकी सारी जिम्मेदारी लेती है, उनको कोचेज देती है, उनकी ट्रेनिंग, पढ़ाई-लिखाई, खेल आदि का सारा जिम्मा लेती है, तब जाकर वे दुनिया में स्थान बना पाते हैं। यह बिल्कुल सच बात है और यह काम हमारे यहां नहीं हुआ था, जिसके कारण हमारे देश के खिलाड़ी, जो दुनिया में ऊंचा स्थान पा सकते थे, वे नहीं पा सके। मैं अपनी सरकार को धन्यवाद दूंगा कि हमारी सरकार वर्ष 2014 में आयी और प्रधान मंत्री जी द्वारा वर्ष 2017 के बाद से चाहे खेलो इंडिया प्रोग्राम की बात हो, चाहे फिट इंडिया मूवमेंट की बात हो, चाहे स्पेशल अवार्ड्स की बात हो, चाहे मेरिटोरियस स्पोर्टसमेन को पेंशन देने की बात हो, चाहे नैशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड बनाने की बात हो, चाहे स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर्स हों, ये सारे फैसले लिए गए, जिसके कारण आज हमें स्पोर्ट्स में टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड भी मिला है, जिस पर पूरा भारत अपने-आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अत: मैं कहना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में स्पोर्ट्स मंत्रालय ने यह परंपरा शुरू की है। आजादी के बाद वर्ष 2017 में पहली बार हमारी सरकार ने स्पोर्ट्स टैलेंट सर्च पोर्टल लाँच किया।

अगर कोई लड़का, कोई यूथ, कोई खिलाड़ी होनहार है, देश के किसी भी क्षेत्र का है, नॉर्थ-ईस्ट से लेकर साउथ, कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक किसी भी गाँव में वह खिलाड़ी है, अगर उसके पास पैसे का अभाव है, क्योंकि ऐसा नहीं है कि टैलेंट किसी पर्टिकुलर, खास के यहाँ होता है, वह गरीब के घर में, कुटिया, झोंपड़ी में भी टैलेंट होता है। उस टैलेंट को भी तराशने का काम करने के लिए वर्ष 2017 में हमारी सरकार ने स्पोर्ट टैलेंट सर्च पोर्टल लाँच किया और यह कहा कि जो बेस्ट टैलेंट है, वह अपने को उस पोर्टल पर रजिस्टर करे।

हमारे यूथ, खिलाड़ी, यंगस्टर अपने को उस पोर्टल पर रजिस्टर करें और अपलोड करें। उसके बाद उनको शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा, शॉर्ट लिस्ट करने के बाद उनका ट्रॉयल होगा और ट्रॉयल के बाद जब वे क्वालिफाइड हो जाएंगे तो उस खिलाड़ी के ऊपर आने वाले सारे खर्च को भारत सरकार और साई, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया वहन करेगी। यह हमने भी शुरू कर दिया है। यकीनन, कम से कम जो चिंता हमारे सदन की है कि अगर दुनिया के दूसरे देशों में यह हो रहा है, जिन लोगों में टैलेंट है, उस टैलेंट के आधार पर उनको सरकार पैसा देती है, उन पर पैसा खर्च करती है और आप चिंता की बात करते हैं, यहाँ तो जब ओलंपिक खेल आते थे, कॉमनवेल्थ खेल आते थे, वर्ल्ड गेम्स होते थे, तो तैयारी होती थी, सारी एसोसिएशंस के द्वारा जल्दी-जल्दी टीमें तय होती थीं। लास्ट मूवमेंट तक टीम का सिलेक्शन नहीं हो पाता था, टीम भेजने की कोई तैयारी नहीं होती थी। आज हमारी सरकार, जिसने एक एम्पावर्ड स्टीरिंग कमेटी बनाई है। आखिर एम्पावर्ड स्टीरिंग कमेटी का क्या रोल है? तमाम विद्वान लोग यहाँ बैठे हुए हैं। वर्ष 2017 में हमने यह कमेटी इसलिए बनाई कि हमें केवल वर्ष 2021 के उस टोक्यो ओलंपिक की चिंता नहीं थी, हमें वर्ष 2024 में पेरिस में होने वाले ओलंपिक की भी चिंता है। वर्ष 2028 में जब लॉस एंजेल्स में ओलंपिक्स होंगे, हमें उसकी भी चिंता है। यकीन कीजिए यह एम्पावर्ड स्टीरिंग कमेटी यह देखेगी कि कैसे उन खिलाड़ियों को प्रीपेयर किया जाए, उन खिलाड़ियों को किस तरीके से तैयार किया जाए, एक टास्क फोर्स बनाकर के उनके लिए फार रीचिंग प्रिपरेशन करने की, पावरफुल पार्टिसिपेशन की कि किस तरह से हमारे इंडियन प्लेयर्स पावरफुल पार्टिसिपेशन कर सकें, मैं खेल मंत्री जी को बधाई

देना चाहता हूँ कि पहली बार इस तरह की एम्पावर्ड स्टीरिंग कमेटी बनी। इसका नतीजा यह हुआ कि पहली बार हमने टोक्यो ओलंपिक में इस तरह का प्रदर्शन किया। हमने पहली बार एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक हासिल किया। आपने देखा कि टोक्यो में हमारे 7 मेडल आए, जिसमें एक स्वर्ण पदक, दो रजत पदक और चार कांस्य पदक शामिल थे। उसके बाद पैरालम्पिक हुआ। जहाँ हमें ओलंपिक में 7 मेडल मिले, वहीं टोक्यो के पैरालम्पिक में इंडिया ने अपना एक उच्चतम रिकॉर्ड बनाया, हम कुल 19 मेडल लेकर आए हैं। पूरा देश गौरवान्वित है। मैं एक बार फिर अपनी सरकार को बधाई देना चाहता हूँ, अपने खेल मंत्रालय द्वारा उठाये गए कदमों के लिए। ऐसा इसलिए हुआ कि हमने बजट भी बढ़ाया है। हमने इस बात को सुनिश्चित भी किया है कि उस बजट का यूटिलाइजेशन भी हो। आप पिछले 5 सालों का देख सकते हैं। मैं केवल खेल तक सीमित रहूँगा। During the last five years, government has allocated Rs. 12,788 Crore. 12,788 करोड़ रुपया केवल इन खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार ने फंड एलोकेट किया और इस बात का हमें संतोष है कि पहले फंड एलोकेट हो जाता था, लेकिन उन खिलाड़ियों तक पैसा दिया नहीं जाता था और वह पैसा मिलने के बावजूद भी जो उनको सही मायने में फायदा नहीं होता था। आये दिन रोज अखबारों में शिकायत आती थी  कि उनकी ट्रेनिंग हो रही है, उनकी जितनी कैलोरीज़, जितना उनका फूड न्यूट्रिशंस होना चाहिए, उतना उनको मिलता भी नहीं था। आज संतोष का विषय है कि अगर 12,788 करोड़ रुपये हमारी सरकार ने एलोकेट किया तो उसमें से 11,482 करोड़ रुपये उन खिलाड़ियों पर खर्च किया, जो ओलम्पिक्स में मैडल लेकर आ रहे हैं या कॉमनवेल्थ गेम्स में लेकर आ रहे हैं।

कोचेज़ की बात आई, आप देखिए कि 615 कोचेज़ रेगुलर बेसिस पर अपाइंट किए गए। आप पहले जिलों के स्टेडियम्स में जाते थे, हम सांसद हैं, तो हमसे कहते थे कि स्वीमिंग का कोई कोच नहीं है, हॉकी का कोच नहीं हैं। हम लोग भी हॉकी और फुटबाल में इंटर यूनिवर्सिटी खेले हैं। हम लोगों को भी कोचेज़ का अभाव रहता था। किस तरह से बचपन में डंडे से शुरू करके किस तरह से खिलाड़ी बनते थे।

आज खुशी है कि अगर उस खिलाड़ी में हुनर है, हम इस बात की चिंता कर रहे हैं कि उनको तराशने का काम हमारा खेल मंत्रालय करेगा और खेल मंत्रालय उसके लिए देश और दुनिया के जो अच्छे से अच्छे कोचेज हैं, उनको वर्ष 2024 और 2028 के लिए रेगुलर बेसिस पर नियुक्त करने का काम कर रहा है। उसका नतीजा है कि 615 कोचेज़ रेगुलर बेसिस पर अपॉइंट हुए हैं और 416 कोचेज़ कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर हुए हैं। आज सभी स्टेडियमों में कोचेज़ दिए जा रहे हैं। आज स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का रिक्रूटमेंट का एक पर्पज है कि एथलीट्स को जिस टाइप का भी सपोर्ट हो सके, उनको सारा सपोर्ट दिया जाए। इंटरनेशनल लेवल पर जो कम्पीटिशन हो रहे हैं, चाहे वर्ष 2024 के ओलंपिक हो या वर्ष 2028 के हो, इस सदन में कभी यह चर्चा हुई कि किसी सरकार ने अभी एक ओलंपिक्स खत्म न हुआ हो और दूसरे ओलंपिक्स की तैयारी शुरू कर दे, तो यह काम यूएसए करता था, यह काम रूस करता था और यह काम चाइना करता था। आज वह काम जो यूएसए, रूस और चाइना कर रहा है, मैं आज कह सकता हूं कि वह काम भारत सरकार भी कर रही है और हम भारत के खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2024 और 2028 की तैयारी के लिए काम कर रहे हैं। यही नहीं, आप स्पोर्ट्स का बजट देखिये। वर्ष 2022-23 का जो बजट है, हमने उस बजट को इंक्रीज किया और इस बार 3062.60 करोड़ रुपये स्पोर्ट्स का बजट बढ़ाया है। पिछले साल 2752 करोड़ रुपये का बजट था। रोज इस बात की चिंता सदन में होती थी, चाहे सत्ता पक्ष के हों या प्रतिपक्ष के हों, इस बात की चिंता होती थी कि हम सड़क के लिए बजट दे रहे हैं, हम और विभागों के लिए बजट दे रहे हैं, लेकिन जो खिलाड़ी हैं, उन खिलाड़ियों के लिए हमारा बजट कम होता जा रहा है। आज हमारी सरकार लगातार इस बजट को बढ़ाने का काम कर रही है। इसलिए हम कहना चाहते हैं कि आज जिस तरीके से इस ट्रेनिंग सेंटर को स्थापित करके, पिछले आठ सालों में हमारे उन खिलाड़ियों को लगातार पांच लाख रुपये पर-ईयर दिए जा रहे हैं, जिससे कि हम उनको दुनिया की उन तमाम प्रतिस्पर्धाओं में ले जा सकें। वर्ष 2014 में प्रधान मंत्री मोदी जी ने शपथ ली और सरकार बनी। उनको देश की, खेत-खलिहान, गांव के गरीबों और किसानों की चिंता थी। भारत की पार्लियामेंट की दहलीज पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के लिए

समर्पित है, मज़लूमों के लिए समर्पित है। उन्होंने उसी समय 'खेलो इंडिया' प्रोग्राम को लॉन्च किया। यह अपने आप में एक रिवॉल्यूशन था। उन्होंने स्पोर्ट्स कल्चर को पैदा किया और खेल की संस्कृति को बदलने का काम किया तथा रिवाइव करने का काम किया। भारत के गांवों में, जिलों में तथा हरियाणा और पंजाब में स्टेडियम थे, इंटरनेशनल स्टेडियम भी थे। आज आपने स्वयं मेरठ की बात की है। इसी तरीके से नॉर्थ ईस्ट और यूपी में यूनिवर्सिटी बन रही है। आज उन टैलेंटेड प्लेयर्स को फाइनेंशियल सपोर्ट्स की जरूरत थी, उनको ट्रेनिंग की जरूरत थी।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप कन्क्लूड कीजिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** महोदय, आपने किसी को नहीं कहा और आप हमें कह रहे हैं। मैं कन्क्लूड कर रहा हूं। मैं जल्दी-जल्दी पॉइंट्स को कह देता हूं। इसके बाद फिट इंडिया मूवमेंट आया।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपके पास ज्ञान का भंडार रहता है इसलिए थोड़ा सा कहना पड़ता है।

… (व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** फिर उसके बाद प्रधान मंत्री जी 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया मूवमेंट लेकर आए। जब आप एक तरफ कहेंगे कि सरकार ने खेल के लिए क्या किया है, तो मैं सिलसिलेवार बताना चाहता हूं। मैं कोई राजनीतिक बात नहीं कर रहा हूं।

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य और भी बोलने वाले हैं।

**श्री जगदम्बिका पाल :** 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया मूवमेंट पर प्रधान मंत्री जी का मेन फोकस था। उन्होंने एक मूवमेंट के रूप में कहा कि इसके लिए एक अवेयरनैस हो। मैं योगा की बात नहीं कर रहा हूं। उसको पूरी दुनिया ने स्वीकार कर लिया है। जिस तरीके से प्रधान मंत्री जी ने फिटनैस पर ध्यान दिया, ऐसा नहीं है कि केवल खिलाड़ियों पर ध्यान दिया, हम लोग भी फिट रहे, कॉमनमैन फिट रहे, इम्यूनिटी पावर बढ़े। आज पूरी दुनिया में कोविड में अगर सबसे ज्यादा इम्यूनिटी पावर थी तो भारत के लोगों की थी। यूएसए की 24 करोड़ आबादी जिस तरह कॉलैप्स के वर्ज पर थी, आज 135 करोड़ की आबादी में हमने सबसे अच्छा काम किया है। यह इसलिए,

क्योंकि हमारी जो डेली लाइफ थी या जिस तरीके से हम लोग काम करते थे, यह उसकी वजह से है। फिर स्पेशल अवार्ड्स देने की बात कही कि जो इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स में होंगे, उनके कोचेज़ होंगे। उन सब को हम स्पेशल अवार्ड्स देंगे। उसका नतीजा है कि ये मैडल मिल रहे हैं। आज उन बच्चों के टैलेंट्स को पहचान कर उनकी कोचिंग हो रही है। आज हम हर स्टेट में उनको हॉकी, फुटबॉल तथा अन्य स्पोर्ट्स के होस्टल में रख रहे हैं।

प्रधान मंत्री जी ने जिस तरह से नॉर्थ-ईस्ट पर, लुक ईस्ट पर फोकस दिया, हमारे मंत्रीगण बैठे हैं, उन्होंने कहा कि हर मंत्री महीने में एक बार नॉर्थ-ईस्ट जाएगा। ये कभी नॉर्थ-ईस्ट की तरफ ख्याल करते थे? यह मैं सच्चाई कह रहा हूँ, कोई राजनीतिक बात नहीं कह रहा हूँ। जिस तरीके से नॉर्थ-ईस्ट में टैलेंट है, आज नॉर्थ-ईस्ट के लोग जिस तरीके से चाहे ओलम्पिक्स हो, चाहे कॉमनवेल्थ गेम्स हों, वे मेडल जीत कर ला रहे हैं यह आज इस सरकार की देन है, उसका नतीजा है कि आज मेडल आ रहे हैं। इसी तरीके से अपने मैरिटोरियस स्पोर्ट्समैन को पेंशन देने की योजना शुरू हुई। हमने फंड बनाने का काम किया। मैं केवल उल्लेख कर रहा हूँ। इसी तरीके से स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर बनाने की बात हुई, जो स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने किया है। इसी तरीके से मैं कहता हूँ कि Committee to address women grievances का भी गठन हुआ। कितनी महिला खिलाड़ीयां थीं, उनकी कितनी शिकायतें आती थीं। वर्ष 2017 में इंटरनेशनल विमेन डे पर प्रधान मंत्री जी ने कहा, हमारे स्पोर्ट्स एण्ड यूथ अफेयर्स मिनिस्टर बैठे हुए हैं, हमारी सरकार ने एक Committee to address women grievances बनाई।

हमने स्कीम बनाई कि टारगेट दी ओलंपिक्स पोडियम। इसका ऑब्जेक्टिव क्या था to identify and support potential medal prospects for 2024 and 2028. इसके लिए मेन सेंटर था कि हम एथलेटिक्स में, बैडमिंटन में, बॉक्सिंग में, आर्चरी में रेसलिंग में या शूटिंग में किस तरीके से एक टारगेट कर के ओलंपिक्स पोडियम पर हमारे स्पोर्ट्स खड़े हों और जब तिरंगा लहराए, जिसको आज फहराने की बात हुई है, बाईक रैली हुई है, अगर इनको अच्छा नहीं लग रहा है तो जब इंटरनेशनल ओलंपिक्स में, टोक्यो में तिरंगा फहराता है तो इन्हें अच्छा लगे या न लगे,

पूरे देश के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं, पूरे देश के लोग हर्षित होते हैं। मान्यवर, इसी तरीके से सरकार ने जो इनिशिएटिव लिया है, वर्ष 2024 और 2028 में वह भी है। इसी तरह से सरकार की अनाउंसमेंट जो वर्ष 2020 में हुई है, उन्होंने एक प्लान किया है कि हम चार सालों में 1000 नए खेलो इंडिया सेंटर बनाएंगे। आपको जान कर खुशी होगी कि 217 खेलो इंडिया सेंटर अब तक स्टैब्लिश हो चुके हैं, ओपन हो चुके हैं और आज वे उस इलाके के जो गांव के ग्रामीण खिलाड़ी हैं, उसमें खेल रहे हैं। यह खेलो इंडिया, भारत की आजादी के बाद पहली बार यह मूवमेंट आया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का विज़न था कि आज उसकी देन है कि हज़ारों-हज़ार खिलाड़ी उस खेलो इंडिया के माध्यम से अपने टैलेंट को निखारने का काम कर रहे हैं, तराशने का काम कर रहे हैं और आने वाले दिनों में मेडल हासिल करेंगे और भारत का सम्मान तथा गौरव बढ़ाएंगे।

इसी तरह से सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के लिए लागू किया। उन्होंने न केवल नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों के लिए, जम्मू-कश्मीर के लिए भी, जहां के हमारे हसनैन मसूदी साहब बैठे हुए हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** प्लीज़, अब कनक्लूड कीजिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** मैं एक-दो मिनट में खत्म कर रहा हूँ।

**HON. CHAIRPERSON:** Now, please conclude. It has already been 16-17 minutes.

**SHRI JAGDAMBIKA PAL:** I will conclude within two minutes. अण्डमान निकोबार आइलैण्ड्स में अभी हम लोग हसनैन मसूदी साहब के साथ गए थे। लक्षद्वीप या लद्दाख ये सब जगहें इतनी रिमोट थीं कि दिल्ली से लगता था कि हम कहां हैं और वहां के लोगों के मन में क्या फीलिंग होती थीं। आज एक-एक डिस्ट्रिक्ट में, चाहे वह लद्दाख हो, चाहे लक्षद्वीप हो, चाहे निकोबार हो, चाहे अण्डमान हो, चाहे जम्मू-कश्मीर हो, चाहे नॉर्थ-ईस्ट हो, एक-एक डिस्ट्रिक्ट में, जहां हम इधर एक-एक खेलो इंडिया सेंटर दे रहे हैं, वहीं उन सभी जगहों पर हम दो-दो खेलो इंडिया सेंटर देने जा रहे हैं। यह हमारा तरीका है।

सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने समय दिया।

**KUMARI GODDETI MADHAVI (ARAKU):** Thank you very much, Sir.

I am very proud to say India is a country with a rich sports culture. Ancient sports like kabaddi and *kushti* are still popular throughout the country with regional variations. This is proof enough to say that India is a country with a rich sports culture.

I would like to specially request the hon. Minister to take special interest in encouraging sports among the tribal population in the country. Due to a variety of factors, they have a natural advantage. Not only that, because of lack of awareness and due to poor financial condition, having a sports career is an assurance for a better income among the tribal population.

Sir, I myself am a physical education teacher who had taught in the tribal areas. The sports kits and other accessories are very costly and students from the tribal community are not able to buy them. I request the hon. Minister to provide sports kits and accessories to promote the tribal students who have a future in sports.

Sir, I would like to suggest the steps to develop sports in India. The National Education Policy, 2020 offers a window of opportunity to integrate sports as a part of the curriculum in schools and colleges. Creating a network of schools and conducting regular sports would nurture a culture of sports in students right from their childhood.

India is a land of diversity. There are various indigenous sports that are extremely popular regionally like kushti and kabaddi. By piloting a scheme like

'One State, One Sport', an indigenous or traditional sport may be identified and promoted in each State. This would also preserve the rich culture of India. In Ekavalya Model Residential Schools, it has already been planned. Providing adequate funding and creating necessary infrastructure would promote sports even in the tribal areas of the country.

Sir, there is just one National Sports University in India which is inadequate for a country of India's size. There is a need to establish two or three national sports universities in different parts of the country in order to promote sports education and research.

Andhra Pradesh is a State with a rich culture of sports, but not even a single National Centre of Excellence (NCOE) has been established by the Sports Authority of India (SAI) to promote sports in the State. I request the hon. Minister of Sports to sanction a NCOE for the State of Andhra Pradesh.

Sir, the CSR funding for the sports sector has been very low in India. The CSR spending on sports is less than two per cent of the total CSR spending in India. There is a need to encourage corporates to utilize a larger portion of their CSR funds for building sports infrastructure and supporting talent, especially in the rural areas and tribal areas.

Sir, I am myself a sports person from a tribal area. Due to lack of facilities and lack of awareness, I lost my career in sports. I studied in a Navodaya school. In that school, there is a SAI academy. Because of that academy, I am a State level player in volleyball. I also worked as a Physical Education teacher. I know the problem of the students and I know the

problems of the teachers who work in tribal areas. I may like to tell the hon. Minister that in my tribal area, the persons who get a chance to play at the State level, they are not able to go further due to lack of funding and because of their condition. I would request you to sanction special funds to develop infrastructure for sports in tribal areas. This is my special request. I would request you to consider my request.

With these words, I conclude my speech.

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर):** सभापति महोदय, नियम-193 के तहत खेल के बारे में जो चर्चा यहां पर चल रही है, उस में भाग लेने का आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं, देश के प्रधान मंत्री और सभी खेल मंत्रियों को विशेषकर धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने वर्ष 2014 के बाद खेल के स्तर को बहुत ऊँचा उठाया। हमारे देश के जो बच्चे हैं, उन सारे बच्चों को यह लगने लगा कि हमें भी खेल-कूद में भाग लेना चाहिए, हमारा भी कोई नाम होगा। इन दिनों बड़े पैमाने पर बच्चे खेल से जुड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। चाहे ओलम्पिक्स हो या जब भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन होता है तो भारत देश के बच्चे बड़े पैमाने पर मेडल्स लाते हैं। हम गौरवान्वित होते हैं कि हमारे देश को गोल्ड मिला, सिल्वर मिला, ब्राँज मिला। मैं सत्यपाल जी की बात से सहमत हूं कि भारत इतना बड़ा देश है, यह कितना बड़ा देश है, यह हमें कोरोना काल में पता चला कि 97 देशों की जितनी आबादी है, उतनी आबादी हमारे एक देश की है।

97 देशों की आबादी को जितने प्रधानमंत्री चलाते हैं, उतनी बड़ी आबादी वाले देश को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अकेले चलाते हैं। इसलिए, जो मेडल मिल रहा है, लोगों की संख्या की दृष्टि से वह बहुत कम है। उनकी संख्या कम है, इसलिए 'खेलों इंडिया' कन्सेप्ट के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करना प्रारंभ किया है। मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि आज लोक सभा में इस बारे में हम चर्चा कर रहे हैं। जब मैं यहाँ अपने खेल मंत्री जी को प्रश्न

काल में उतर देते हुए देखता हूँ तो वह हाथ में कागज-पेपर लिए वगैर जवाब देते हैं। इससे यह पता चलता है कि खेल के बारे में उनकी दिलचस्पी कितनी है और खेल के बारे में उनकी सोच कितनी गहरी है, यह उससे पता चलता है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले दिनों में भारतवर्ष में खेल निश्चित तौर पर बहुत आगे बढ़ेगा।

महोदय, मैं एक विषय को टच करना चाहता हूँ। भारत देश में अगर क्रिकेट को अंतर्राष्ट्रीय जगत के लोगों ने कंट्रोल नहीं किया होता तो यह क्रिकेट भी इतना बड़ा नहीं हुआ होता। क्रिकेट में पैसा बहुत है। मुझे बचपन में कभी क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन उसके बावजूद मैं पार्लियामेंट के इस हाउस में क्रिकेट को इसलिए समर्थन दूँगा, क्योंकि हमारी जो बीसीसीआई संस्था है, वह हर साल 1.5 सौ करोड़ रुपये का रेवेन्यू देश की तिजोरी में देती है। इसके बारे में मुझे पता चला है। अगर इस फीगर में कोई कमी हो तो खेल मंत्री उसको करेक्ट करेंगे।... (व्यवधान) इसमें हम शरद पवार जी से लेकर अरुण जेटली जी तक को याद करेंगे। अनुराग ठाकुर जी है, हमारे मुम्बई के आशिष शेलार जी है। ऐसे बहुत सारे लोगों ने इस संस्था के माध्यम से काम करके क्रिकेट को जीवित रखने का काम किया है। मैं कभी-कभी थोड़ा दुखी भी होता हूँ कि जब क्रिकेट का टूर्नामेंट बड़े पैमाने पर होता है तो उसको कुछ राज्य के लोग बंदी भी डालते हैं। मैं मानता हूँ कि इस पर बंदी नहीं डालना चाहिए। क्रिकेट एक बड़ा खेल है।

क्रिकेट के माध्यम से पैसा आता है, इसलिए हमें आने वाले दिनों में क्रिकेट को और प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि क्रिकेट के माध्यम से बड़े पैमाने पर भारत सरकार की तिजोरी में पैसा आए। उसके साथ-साथ मैं यह भी माँग करूँगा कि इस सेक्टर से जो भी पैसा आए, वह सारा का सारा पैसा और उसमें उतना ही ग्रांट्स केन्द्र सरकार के माध्यम से लगाकर 'खेलो इंडिया' के माध्यम से सभी राज्यों में उसका बँटवारा करना चाहिए। इससे हम खेल को आने वाले दिनों में और बड़ा कर पाएंगे।

सभापति महोदय, अगर हम सिर्फ गरीबों की बात करेंगे तो इससे गरीबों का भला नहीं होने वाला है। जिनके पास पैसा है, उनको पैसे के माध्यम से खेलने दीजिए। उनके पैसा का लाभ लेकर

हम गरीबों के लिए अन्य खेलों को प्रोत्साहित करेंगे। इससे हम आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर खेल को ऊंचा स्तर दे सकते हैं, लेकिन इसके लिए हमें काम करना पड़ेगा।

महोदय, 'खेलो इंडिया' के माध्यम से मैं यह भी कहना चाहूँगा कि हमारा जो इंदौर है, प्रधानमंत्री जी ने 'स्वच्छ भारत' अभियान चलाया। इंदौर को पाँच बार पहला नंबर मिला है। मैं जिस मुम्बई शहर से आता हूँ। मुम्बई महानगर पालिका में मैं 15 साल कॉरपोरेटर के रूप में काम करके आया हूँ। हमारी मुम्बई महानगर पालिका इन दिनों इंदौर से कम्पीट कर रही है। मैं चाहूँगा कि अगले साल का पुरस्कार मुम्बई महानगर पालिका को मिले। उसका सबसे ज्यादा योगदान मुझे ही मिलेगा। मैं यह चाहता हूँ कि जैसे 'स्वच्छ भारत' अभियान को प्रधानमंत्री जी ने लाकर सारे शहरों को स्वच्छता के साथ जोड़ दिया है, वैसे ही खेल से भी सारे शहरों के लोगों को जोड़ना चाहिए, ताकि गुजरात महाराष्ट्र के साथ कम्पीट करे, महाराष्ट्र कर्नाटक के साथ कम्पीट करे और राज्यों के बीच कम्पीटिशन हो। इसमें शहरों का भी कम्पीटिशन हो। मैं मानता हूँ कि आने वाले दिनों में खेल बड़े पैमाने पर तेजी से आगे बढ़ेगा और लोग भी बढ़े पैमाने पर इसके साथ जुड़ेंगे। इसमें सरकार का इन्वॉल्वमेंट होनी चाहिए। अभी सिर्फ स्पोर्ट्समैन लोगों का इन्वॉल्वमेंट है और थोड़े पोलिटिशियन लोग उनको सपोर्ट करते हैं। कुछ जगहों पर 'खेलो इंडिया' के माध्यम से काम चल रहा है। प्रधानमंत्री जी ने 'संसद खेल महोत्सव' भी आयोजित करने के लिए कहा है। हमारे जैसे बहुत सारे लोग इसे करते रहते हैं। मैं मानता हूँ कि इसमें बड़े पैमान पर सेंटर व स्टेट गवर्नमेंट और शहर के कॉरपोरेशन के लोगों की इन्वॉल्वमेंट होनी चाहिए। केन्द्र की सरकार को राज्य तथा कॉरपोरेशन से हिसाब भी लेना पड़ेगा कि आपने कितने खेलों का आयोजन किया, कितने बच्चों ने उसमें भाग लिया। यदि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा होगी तो मैं मानता हूँ कि इसमें आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर परिवर्तन देखने को मिलेगा।

सभापति महोदय, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की भी यहाँ बात हुई। मेरे मतदान क्षेत्र में 35 एकड़ की एक जगह है, जिसमें से 3 एकड़ झोपड़पट्टी हो गई और 32 एकड़ अभी बची हुई है... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** गोपाल शेट्टी जी, आप आगे कंटीन्यू कीजिएगा। अभी चर्चा आगे जारी रहेगी।

**श्री गोपाल शेट्टी :** सर, जो भी आपका आदेश हो।

**माननीय सभापति:** सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 4 अगस्त, 2022 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**18.00 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, August 04, 2022/ Sravana 13, 1944 (Saka).*

________

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixteenth Edition)